e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 10, अंक 205
# प्रभात मंत्र
शुक्रवार
28.07.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**

अगर कोई मनुष्य आपको केवल जरूरत पड़ने पर ही याद करता है तो उस बात का बुरा मत मानो, क्योंकि जब अँधेरा हो जाता है तभी दिए की याद आती है।

ताजा खबरों के लिए देखें

### राज्यपाल द्वारा वापस किए गए विधेयक को पुनः विधानसभा के पटल पर रखेगी सरकार

# स्थानीय नीति सहित तीन विधेयक फिर लायेगी सरकार



## विधान सभा का मानसून सत्र आज से शुरू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखण्ड के तत्कालीन राज्यपाल द्वारा स्थानीय व्यक्तियों की झारखण्ड परिभाषा और ऐसे स्थानीय व्यक्तियों को परिणामी, सामाजिक, सांस्कृतिक और अन्य लाभ प्रदान करने के लिए विधेयक, 2022, भीड़ हिंसा और मॉब लिंचिंग निवारण विधेयक, 2021 एवं पिछड़े वर्गो (ओबीसी) के लिए सरकारी नौकरियों में आरक्षण की सीमा 27 प्रतिशत करने संबंधी विधेयक को वापस करने के बाद राज्य सरकार पुनः इस विषय की गंभीरता को देखते हुए विधेयक को विधानसभा के पटल पर रखने की योजना पर कार्य कर रही है। इसके लिए राज्यपाल सचिवालय द्वारा लौटाये गये उक्त विधेयक को भारत के संविधान के अनुच्छेद 200 एवं झारखण्ड विधानसभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन के नियमङ्क98 (1) के तहत राज्यपाल के संदेश के साथ राज्य सरकार एवं विधानसभा को उपलब्ध कराये जाने का अनुरोध राज्यपाल सचिवालय से किया है।

## मणिपुर हिंसा के खिलाफ विधानसभा में प्रदर्शन करेगी कांग्रेस : आलमगीर

रांचीः आज 28 जुलाई से शुरू होने वाले मॉनसून सत्र को लेकर कांग्रेस विधायक दल की बैठक हुई. इस बैठक में विधायक दल के नेता आलमगीर आलम,मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव और बादल पत्रलेख के अलावा कांग्रेस के विधायकों ने हिस्सा लिया. विधायक दल की बैठक खत्म होने के बाद कांग्रेस विधायक दल के नेता और संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम ने कहा की विधानसभा का मॉनसून सत्र सुचारू रूप से चले कांग्रेस यही चाहती है, साथ ही विपक्ष के आरोपों और उसकी रणनीति को नाकाम करने पर पूरी तरह से तैयार है. उन्होंने कहा कि विधानसभा में मणिपुर की घटना को लेकर कांग्रेस धरना और प्रदर्शन करेगी और इसका विरोध करेगी .साथ ही स्थानीयता, मॉब लिंचिंग और ओबीसी आरक्षण विधेयक फिर से सदन में प्रस्तुत करेगी. उन्होंने कहा कि सभी विधायकों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं को सदन में जरूर उठाएं.कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि बैठक में राज्य की कानून व्यवस्था पर भी चर्चा हुई और बुधवार को सीपीएम नेता सुभाष मुंडा की हत्या के बाद की स्थिति पर भी चर्चा हुई. शाम को यूपीए की बैठक है उसमें भी इन मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी. आज की बैठक में कांग्रेस के दो निलंबित विधायक डॉ इरफान अंसारी और नमन विक्सल कोंगाड़ी भी शामिल हुए.

## राज्यपाल सचिवालय से किया आग्रह

विधान सभा से पारित किसी भी विधेयक पर राज्यपाल की सहमति हेतु राज्य सरकार द्वारा राज्यपाल सचिवालय को भेजा जाता है। विधेयक पर राज्यपाल की सहमति या असहमति होने पर राज्यपाल द्वारा उक्त विधेयक को लेकर एक संदेश भी संलग्न रहता है, लेकिन वापस किए गए उपरोक्त विधेयक में राज्यपाल सचिवालय द्वारा संदेश संलग्न नहीं किया गया है। राज्य सरकार इन विधेयकों को विधिवत पुनः विधान सभा में लाने हेतु कार्य कर रही है। अतः राज्यपाल सचिवालय से उक्त संदेश को उपलब्ध कराने का आग्रह किया गया है। ताकि सरकार पूरी मजबूती के साथ जनहित के इन विधेयकों को पुनः विधानसभा के पटल पर उपस्थापित कर सके।




## अपने कुकर्म की छुपाने के लिए यूपीए का नाम बदलकर इंडिया किया : पीएम



**एजेंसी**

**सीकर (राजस्थान) :** नए विपक्षी मोर्चे पर तंज कसते हुए पीएम मोदी ने कहा कि यूपीए के काले कारनामों को छिपाने के लिए नया फ्रंट इंडिया बनाया गया है. लेकिन जनता सब जानती है.यूपीए के कुकर्म याद ना आए इसलिए इन्होंने अपना नाम बदलकर लिया.

कांग्रेस आज देश की सबसे बड़ी दिशाविहीन पार्टी बनकर रह गई है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सीकर की रैली में कहा,कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों ने एक नया पैंतरा चलाया है, ये पैतरा है- नाम बदलने का. पहले के जमाने में कोई पीढ़ी या कंपनी बदनाम हो जाती थी, तो तुरंत नया बोर्ड लगाकर लोगों को भ्रमित कर अपना धंधा पानी चलाने की कोशिश करती थी. कांग्रेस भी वहीं कर रही है.यूपीए के कुकर्म याद न आए इसलिए उसे बदलकर इंडिया कर दिया है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सीकर की रैली में कहा,कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों ने एक नया पैंतरा चलाया है, ये पैतरा है- नाम बदलने का.

पहले के जमाने में कोई पीढ़ी या कंपनी बदनाम हो जाती थी, तो तुरंत नया बोर्ड लगाकर लोगों को भ्रमित कर अपना धंधा पानी चलाने की कोशिश करती थी. कांग्रेस भी वहीं कर रही है.यूपीए के कुकर्म याद न आए इसलिए उसे बदलकर इंडिया कर दिया है.पीएम मोदी ने कहा कि ये नाम इसिलए बदला है, ताकि ये गरीबों के साथ किया छलकपट को छिपा सके. इनका तरीका वही, है जो हमेशा देश के दुश्मनों ने अपनाया है. पहले भी इंडिया के नाम के पीछे अपने पाप को छुपाने का प्रयास किया गया है. इंडिया का नाम तो ईस्ट इंडिया कंपनी में भी था. लेकिन इंडिया नाम भारत भक्ति दिखाने के लिए नहीं, बल्कि भारत को लूटने के लिए लगाया गया था. कांग्रेस के समय ही सिमी बना था, जिसके नाम में भी इंडिया था. जब इसके कुकर्म सामने आए, तो इसे बैन किया गया. फिर ये नया नाम लेकर आए पीएफआई. नाम नया, लेकिन काम वही पुराना.

## श्रीनगर में 30 वर्षों के बाद निकाला गया मुहर्रम का जुलूस



**एजेंसी**

**श्रीनगर :** जम्मू कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर में तीन दशक बाद गुरु बाजार से डलगेट तक पारंपरिक मार्ग पर 8वां मुहर्रम जुलूस निकाला गया. स्थानीय पुलिस बल के साथ भारतीय सेना के जवान भी मौजूद रहे. यह पारंपरिक जुलूस शहीद गंज से शुरू होकर डलगेट पर खत्म हुआ.

इस पारंपरिक जुलूस पर 1989 से प्रतिबंध लगा दिया गया था.दरअसल, जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने तीन दशक बाद मुहर्रम जुलूस की औपचारिक अनुमति दी. डिविजनल कमिश्नर विजय कुमार बिधूड़ी ने कहा कि सुबह छह बजे से आठ बजे तक दो घंटे के लिए जुलूस निकालने की अनुमति थी. उन्होंने कहा कि यह वर्तमान शांतिपूर्ण माहौल में उनके योगदान के कारण है, जिसने प्रशासन के लिए यह ऐतिहासिक निर्णय लेना सुविधाजनक बना दिया है.बिधूड़ी ने कहा कि शिया समुदाय के प्रतिनिधियों और गुरुबाजार की स्थानीय समिति के साथ कई दौर की बातचीत के बाद यह फैसला लिया गया. जुलूस के दौरान सुरक्षा के पुख्ता प्रतिबंध किए गए. दरअसल, साल 1989 में जब कश्मीर में उग्रवाद शुरू हुआ तो राज्य के तत्कालीन राज्यपाल जगमोहन ने कश्मीर में मुहर्रम जुलूस पर प्रतिबंध लगा दिया था.

**संक्षिप्त खबरे**

## पिपरा के सरैया में मिला मृत युवक का शव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरा :** पिपरा थाना क्षेत्र के सरैया पंचायत के पिठारी गांव समीप खेत में गुरुवार को एक युवक का शव बरामद हुआ है। जिसकी पहचान बिहार राज्य के टंडवा थाना अंतर्गत धर्मखाप गांव निवासी स्वर्गीय महराज राम के 35 वर्षीय पुत्र प्रमोद राम के रूप में हुई है। सूचना मिलने पर पिपरा थाना पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर, परिजनों को सूचित करते हुए पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद भेज दिया है। पिपरा थाना प्रभारी अमित कुमार सिंह ने बताया कि प्रमोद राम मानसिक रूप से विक्षिप्त के साथ ही शराब का सेवन करता था, अत्यधिक शराब सेवन करने से उसकी मौत हुई होगी।

# अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार पिता की मौत, पुत्र घायल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** एनएच 75 पर मेराल थाना क्षेत्र के लातदाग पेट्रोल पंप के समीप गुरुवार को तड़के अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार पिता की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक रमुना थाना क्षेत्र के रोहिला गांव निवासी कादिर अंसारी 50 वर्ष है।जबकि बाइक चालक पुत्र नइस अंसारी 30 वर्ष घायल हो गया। घटना की जानकारी मिलने पर थाना प्रभारी नीतीश कुमार दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गढ़वा भेज दिया है।जबकि घायल नइस अंसारी को मेराल सीएचसी में लाया गया। जहां से परिजन बेहतर इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल ले गए।घटना के बारे में प्राप्त जानकारी के अनुसार पिता-पुत्र आज सुबह अपने घर से रेहला जा रहे थे। इसी क्रम में लातदाग शिवनंदन फ्यूल सेंटर के समीप पुलिया के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार पिता-पुत्र सड़क पर गिर गए। जबकि पीछे से आ रही दूसरा अज्ञात वाहन कादिर अंसारी को रौंदते हुए भाग निकला।जिससे कादिर की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

## पानी में डूबने से मृत 6 बच्चों के आश्रितों को मिलेंगे 4-4 लाख रूपये, उपायुक्त ने दी स्वीकृति

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू जिले के चैनपुर एवं सदर मेदिनीनगर अंचल अंतर्गत पानी में डूबने से मृत 6 बच्चों/व्यक्तियों के आश्रितों को 4-4 लाख रुपए दिये जाएंगे। उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे ने आज इसकी स्वीकृति प्रदान कर दी है। उपायुक्त ने आंचलों से प्राप्त अभिलेखों पर स्वीकृति प्रदान करते हुए गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग से आवंटन प्राप्त होते ही सभी मृतक के आश्रितों को सहायता राशि/अनुग्रह अनुदान की राशि भुगतान करने निदेश दिया।विदित हो कि चैनपुर अंचल अंतर्गत उलडंडा गांव निवासी अवधेश उरांव की पुत्री अर्चना कुमारी एवं अराधना कुमारी, एतवा मुंडा की पुत्री सलमी कुमारी तथा मुकेश खाखा की पुत्री छाया खाखा का निधन एक ही दिन 20 जुलाई 2023 को एक स्कूल के पीछे डोभा (पानी) में डूबने से हो गई थी। वहीं 2 फरवरी 2023 को चैनपुर अंचल अंतर्गत महुगांवा गांव निवासी गुड्डू पासवान के पुत्र आनंद कुमार पासवान का निधन डोभा में डूबने से हो गई थी। इसके अलावा



सदर मेदिनीनगर अंचल अंतर्गत बारालोटा निवासी मोनी कुमार के पुत्र अमन राज का निधन 9 जुलाई 2021 को डैम में डूबने से हो गई थी।पलामू के जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी जयराम सिंह यादव ने बताया कि गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा जलप्रपात एवं नदी में डूबने से मृत्यु को स्थानीय प्राकृतिक आपदा घोषित किया गया है। वहीं पानी में डूबने की घटना को राज्य की विशिष्ट स्थानीय आपदा घोषित किया गया है।

## एकतरफा प्यार में नाबालिग ने किया आत्महत्या



उंटारी रोड, पलामू (प्रभात मंत्र संवाददाता): उंटारी रोड थाना क्षेत्र के लहर बंजारी गांव के नावाडीह टोला निवासी बहादुर चौधरी के पुत्र रविंद्र कुमार चौधरी (16) ने प्रेम प्रसंग में अपनी जान दे दी , जानकारी के अनुसार मृत नाबालिग रविंद्र चैनपुर थाना क्षेत्र के एक लड़की से गहरा प्यार करता था , उससे शादी करना चाहता था लेकिन युवती शादी के लिए तैयार नहीं थी , जिसके बाद प्रेमी नाबालिग ने जहरीला पदार्थ खा कर आत्महत्या कर लिया , मृत नाबालिग मंगलवार के देर शाम जहरीला पदार्थ खा लिया था जिसके बाद परिजनों ने आनन फानन में नजदीकी रेफरल अस्पताल मंझीआव लेकर गए जहा चिकित्सकों ने नाजुक स्थिति को देखते हुए गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया , जहा इलाज के दौरान मंगलवार की देर रात्रि युवक की मौत हो गई , जिसके बाद परिजनों ने आनन फानन में बुधवार के अहले सुबह युवक का कोयल नदी के तट पर अंतिम संस्कार कर दिया , जानकारी के अनुसार प्रेमी युवक मरने से कुछ दिन पहले अपने सोशल मीडिया के फेसबुक पर एक वीडियो पोस्ट किया था जिसमे युवक ने किसी को किसी लड़की से प्यार न करने की बाते कह रहा था , उसने वीडियो में साफ़ तौर पर कह रहा है की अगर किसी लड़की से प्यार करोगे तो पूरी जिंदगी पछताना पड़ेगा, मृत युवक पूरी वीडियो 1 मिनट 37 सेकेंड का पोस्ट किया था, आपको बता दें कि लहर बंजारी गांव में प्रेम प्रसंग में डेढ़ माह के अंदर अब तक कुल तीन लोगों ने जान दे दी है , अब से पूर्व डेढ़ माह के अंदर जान देने वाले तीन लोगों में एक (19) वर्षीय युवक जबकि एक (17) वर्षीय नाबालिग और एक (16) वर्षीय नाबालिग ने अपनी अपनी जान दे दी है , सोचने वाली बात तो यह है की मरने से पहले दो एक युवक और एक नाबालिग ने सुसाइड नोट छोड़ा है तो एक नाबालिग ने वीडियो पोस्ट किया है, हालाकी तीनों मामला में अब तक किसी तरह के कार्रवाई नहीं हो पाई है।

# जनवितरण प्रणाली दुकान से समय पर लाभुकों को नहीं मिल रहा है राशन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** धुरकी प्रखंड क्षेत्र के टाटीदीरी पंचायत के टाटीदीरी गांव के डीलर अशोक कुमार सिंह द्वारा राशन वितरण में भारी अनियमितता बरते जाने का आरोप ग्रामीणों ने लगाया है। सरकार लाख कोशिश कर ले जनवितरण प्रणाली दुकानदार गरीबों के निवाला को अपना निवाला बनाने से बाज नहीं आ रहे हैं। इस संदर्भ में ग्राम टाटीदीरी के कार्ड धारकों ने बताया कि राशन की मशीन पर ईंट पत्थर रखकर राशन निकाला जाता है। इसके बाद दूसरे मशीन पर आधा किलो राशन काट कर दिया जाता है।ग्रामीणों का कहना है की ऐसे डीलर के विरुद्ध कानुनी करवाई के लिए बार-बार प्रखंड के अधिकारियों को लिखित शिकायत किया गया। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं किया गया। ग्रामीणों ने कहा कि हम सभी कार्ड धारकों को भुखमरी का सामना करना पड़ रहा है। अगर पदाधिकारी हमारी दुःख को नहीं दूर करेंगे तो हम सभी कार्ड धारक भुख हडताल करेंगे।वहीं डीलर संघ के कोषाध्यक्ष आनंद गिरि ने बताया कि सरकार की ओर से सभी राशन कार्ड धारकों को भुखे न रहना पड़े। इसीलिए हर महीने एडवांस में राशन सही समय पर मिल जाता है। इस मौके पर राशन कार्ड धारक महिला एवं पुरुष काफी संख्या में मौजूद थे। ग्रामीणों ने बताया कि प्रखंड विकास पदाधिकारी को फोन से संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन उनके द्वारा कोई प्रतिक्रिया नही दिया गया।

## पिपरा में अनियमित बिजली आपूर्ति को लेकर रहा 8 घंटे सड़क जाम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरा :** पीपरा प्रखंड क्षेत्र में अनियमित बिजली आपूर्ति की समस्या को लेकर आक्रोशित जनप्रतिनिधियों तथा उपभोक्ताओं ने पिपरा प्रखंड प्रमुख विक्रांत सिंह यादव के नेतृत्व में गुरुवार को सामूहिक रूप से दमवा मोड़ पर बिजली विभाग के प्रति आक्रोश प्रकट करते हुए धरना प्रदर्शन किया. साथ ही दुबटिया-जपला रोड़ को सुबह 10 बजे से शाम 6बजे तक जाम रखा गया . जिससे वाहनों की लंबी कतारें लग गयी थी। इस दौरान बिजली विभाग के खिलाफ जम कर नारेबाजी की गयी. बिजली विभाग होश में आओ, बिजली विभाग हाय-हाय, मुर्दाबाद. वही प्रमुख विक्रांत सिंह यादव ने बिजली विभाग को चेतावनी देते हुए कहा कि जल्द ही बिजली आपूर्ति का संचालन



सुचारु रुप से नहीं हुआ तो व्यापक रूप से आगे भी आंदोलन होगी. धरना स्थल पर पहुचे बीडीओ अशोक कुमार तथा सीओ एम एन मंसूरी ने लोगों को समझाया। वही मांग पत्र में 20-22 घंटे बिजली आपूर्ति करने, पिपरा बिजली ग्रिड से हटाए गए दोनों कर्मचारी आनंद कुमार एवं अंकित कुमार को पुनः नियुक्त करने, सभी जले हुए ट्रांसफार्मर को अभिलंब बदलने, प्रखंड में जर्जर तार और पोल को बदलने तथा मानव कर्मी अनिल कुमार सिंह को बिजली विभाग से तत्काल हटाने सहित 16 मांग शामिल था।

# वन विभाग के सौजन्य से पौधारोपण कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** उत्क्रमित मध्य विद्यालय पुरना नगर में बुधवार को वन विभाग के सौजन्य से पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय परिसर में 70 पौधे लगाये गये। पौधारोपण कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक अविनाश कुमार, वरीय शिक्षक अखिलेश प्रसाद ने पौधारोपण कर किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक अविनाश कुमार ने कहा कि पर्यावरण संतुलन के लिये पेड़ पौधों का होना आवश्यक है.उन्होंने कहा कि प्रत्येक वर्ष पौधे लगाये जाते है लेकिन उचित देखभाल के अभाव में पौधे नही बचते हैं. उन्होंने कहा कि पौधा लगाने के साथ साथ उन्हें बचाना जरूरी है। मौके पर शिक्षक उमाकांत सिंह, अध्यक्षा सरिता देवी, पिंटू खान, चंचला कुमारी, शोभा कुमारी सहित विद्यालय के छात्र छात्राएं

## बीईओ के पत्र के बाद भी नहीं मिला प्रभार पूर्व प्रधानाधाप्याक कर रहे मनमानी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नौड़ीहा बाजार (पलामू) :** पलामू जिले के नौड़ीहा बाजार प्रखंड के राजकीय उत्क्रमित मध्य विधालय बारा (पूर्वी) के पूर्व प्रधानाध्यापक श्री अशोक राम ने मध्यान भोजन के राशि बिना अध्यक्ष के हस्ताक्षर से और बैंक कर्मी के मिलीभगत से192000 रुपये का अवैध तरीका से निकासी कर ली गई है। इसके पूर्व भी क्षति पूर्ति के राशि लगभग 4लाख रुपया निकल ली गई। ग्रामीणों के भनक लगा तब ग्रामीणों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी की लिखित आवेदन दिया गया और दिये गये आवेदन पर करवाई करते हुए बीईओ आदेश दिया इसके बाद पूर्व प्रधानाध्यापक अशोक राम ने एसएमसी खाते मे 392000रु जमा कराया गया ।पुनःगलती के दोहराते हुए फिर बैंक कर्मी के मदद से विधालय प्रबंधन समिति की खाते से 192000 निकल लिया। समिति के अध्यक्ष श्री विनय कुमार तिवारी ,पंचायत समिति सदस्य शत्रुधन साव के अलाव अन्य ग्रामीणों ने प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी के लिखित आवेदन दिया और आवेदन पर करवाई करते हुए प्रधानाध्यापक सह सचिव पद से मुक्त करते सहायक अध्यापक मनोज कुमार पटेल को प्रभार के लिए पत्र निर्गत किया गया । पत्र प्राप्ति के बाद भी अभी तक पूर्व प्रधानाध्यापक श्री अशोक राम के सम्पूर्ण प्रभार नहीं सौपा गया। इस प्रतीत होता है कि पूर्व प्रधानाध्यापक अशोक राम के द्वारा काफी रुचि लेते हुए उछल कूद किया जा रहा है कि पुन ःसचिव पद पर बने रहने के जिला दफ्तर के चककर लगा रहे है।

# बिश्रामपुर पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी हथियार के साथ एक अपराधी गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** बिश्रामपुर पुलिस को एक बड़ी कामयाबी हासिल हुई है.पुलिस ने बिश्रामपुर थाना कांड संख्या 43/2023 के एक अपराधी को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है.उक्त कांड के दो और आरोपियों को दबोचने हेतु पुलिस हर संभावित जगह छापेमारी कर रही है.यहां बताते चलें कि पिछले 15 जुलाई को मोटरसाइकल से आए तीन अपराधियों ने एक कबाड़ा दुकान के सामने सुतली बम फेंका था.कबाड़ी ब्यावसाई प्रभु साव को गाली गलौज करते हुए रंगदारी की मांग की थी.इतना ही नही जाते जाते अपराधियों ने भय उत्पन्न करने हेतु एक फायर भी किया था.इस संबंध में प्रभु साव ने बिश्रामपुर थाना में एक अपराधी आरिफ चूड़ीफरोस पर नामजद और दो अज्ञात अपराधियों पर प्राथमिकी दर्ज कराया था.इस घटना के उद्भेदन,अनुसंधान और अपराधियों के गिरफ्तारी हेतु पलामू एसपी के निर्देशानुसार एसडीपीओ सुरजीत कुमार के नेतृत्व में एक टीम गठित किया गया था.बिश्रामपुर थाना प्रभारी शशि रंजन ने बताया कि अनुसंधान के क्रम में तकनीकी साक्ष्य की मदद और गुप्तचर की सूचना के आलोक में बिहार के औरंगाबाद जिला अंतर्गत अम्बा थाना के बढ़कागांव निवासी राधेश्याम कुमार उर्फ श्याम पासवान को पूछताछ के लिए लाया गया.कड़ाई से पूछताछ करने पर उसने उक्त घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की.उसने पुलिस को बताया कि आरिफ चूड़ीफरोश और एक अन्य सहयोगी के साथ मिलकर घटना को अंजाम दिया था.उसी के निसानदेही पर दो देशी कट्टा,आठ एमएम (315 बोर) का चार जिंदा कारतूस,एक खोका और एक मोबाइल फोन बरामद किया गया.थाना प्रभारी शशि रंजन ने कहा कि इस घटना के दो अन्य अपराधियों के गिरफ्तारी हेतु हर संभावित जगह छापेमारी की जा रही है.बाकी बचे दोनो अपराधी भी जल्द ही पुलिस गिरफ्त मे होंगे.टीम में एसआई अजय केरकट्टा,आरक्षी उमेश पाल,कमरूदीन बैठा सहित शसत्र बल और तकनीकी शाखा के लोग शामिल थे।

# बटाने जलाशय से प्रभावित रैयतों की मुआवजा के लिए लगा कैम्प, रैयतों में जगी उम्मीद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नौड़ीहा बाजार (पलामू) :** नौडीहा बाजार प्रखंड के बटाने जलाशय सिंचाई परियोजना विगत 3 दशक से अधूरा पड़ा हुआ है। रैयत एवं विस्थापित लोगों ने अपनी मांग के लिए आंदोलनरत है। बटाने विस्थापित सह प्रभावित मंच के महा सचिव संतोष कुमार सिंह के पहल पर विशेष भु अर्जन पदाधिकारी उतरी कोयल परियोजना पलामू के आदेशनुसार ग्राम नावाडीह और गुलाबझरी के रैयत का मुआवजा के लिए लक्ष्मीपुर पंचायत सचिवालय मे कैम्प का आयोजन किया गया। लगभग 20 रैयतों के वंशज ने उपस्थित होकर मुआवजा के लिए अपना आवेदन समर्पित किया। विदित है कि लम्बे अरसे के बाद भुगतान हेतु कैम्प लगने से लोगों के बीच काफी हर्ष का माहौल है। मंच के महा सचिव श्री संतोष कुमार सिंह ने कहा कि अगले चरण दिनादाग, कउवल, भण्डारडीह, धोबीडीह का रैयतो का भुगतान के लिए कैम्प लगाने के लिए पहल करूंगा।उक्त गाँवों के रैयतों का मुआवजा भुगतान के बाद बटाने जलाशय चालू करने के लिए मार्ग प्रशस्त होगी। विशेष कैम्प मे भु अर्जन कार्यालय के कानूनगो देवेंद्र प्रसाद,प्रधान सहायक कौलेन्द्र कुमार सिंह एवं रूपांकन प्रमंडल 1 से कनीय अभियंता चन्द्र देव जी नौड़ीहा बाजार अंचल कार्यालय से अंचल निरीक्षक सुरेंद्र कुमार,उप राजस्व निरीक्षक जगत नारायण राम,बटाने विस्थापित मंच के उपाध्यक्ष अशोक यादव, मुखिया हेवन्ति देवी,पंचायत समिति सदस्य सुनीता देवी ,अजित कुमार,मिडिया प्रभारी मृत्युंजय कुमार सिंह ,समाज सेवी सतेंद्र कुमार चौधरी सहित अन्य ग्रामीणों मौजूद थे।

## विधायक ने आरसीसी ड्रेन निर्माण योजना का किया आनलाइन शिलान्यास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** क्षेत्रीय विधायक कमलेश कुमार सिंह ने गुरुवार को नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत न्यू सब्जी बाजार के समीप आरसीसी ड्रेन योजना का आनलाइन शिलान्यास किया। नगर विकास एवं आवास विभाग की इस योजना से दया शंकर विश्वकर्मा के घर से प्रभादेवी के घर होते हुए आहर तक आरसीसी ड्रेन का निर्माण होना है। कार्य स्थल पर उपस्थित समाजसेवी विजय कुमार सिंह तथा विश्वदीप कुमार ने पूजा अर्चना के बाद नारियल फोड़ा । उपस्थित लोगों को ऑनलाइन संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि वह क्षेत्र के विकास के लिए सतत प्रयत्नशील हैं। लगातार क्षेत्र में स्वास्थ्य शिक्षा सड़क, पुल पुलिया सहित सिंचाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हरिहरगंज में पेयजल की समस्या को देखते हुए जल्द ही बटाने डैम से पाइपलाइन द्वारा हरेक घर तक जलापूर्ति तथा डिग्री कालेज की स्थापना कराई जाएगी। वहीं सिंचाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए हड़ियाही डैम का खुला हुआ गेट को बंद कराने के लिए विधानसभा में आवाज उठाऐंगे। जबकि एनसीपी प्रखंड इकाई ने बिजली की लचर व्यवस्था से निजात के लिए हरिहरगंज को मायापुर ग्रीड से विद्युत आपूर्ति बहाल कराने की मांग की है ।


## झारखण्ड सरकार,कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ

**ई-अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा सं० :– ***RDSD/RAMGARH/11/2023-24***

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :– **DMFT** मद अन्तर्गत

| क्र० सं० | आईडेन्टीफिकेशन संख्या / पैकेज संख्या | प्रखण्ड | पंचायत | आँगनबाडी केन्दों का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रू०) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू०) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | RDSD/RAMGARH/ DMFT /01/2023-24 | Patratu | Talatand | Ganjhu Tola | 6.41600 | 13000 | 1250 | 03 (तीन माह) |
| 2 | RDSD/RAMGARH/ DMFT /02/2023-24 | Patratu | Talatand | Mushlim Tola | 7.50900 | 16000 | 1250 | 03 (तीन माह) |
| 3 | RDSD/RAMGARH/ DMFT /03/2023-24 | Patratu | Bicha | Honhe Tand Sutharpur | 5.96200 | 12000 | 1250 | 03 (तीन माह) |
| 4 | RDSD/RAMGARH/ DMFT /04/2023-24 | Patratu | Bicha | Sutharpur Nawa Tola | 7.32100 | 15000 | 1250 | 03 (तीन माह) |
| 5 | RDSD/RAMGARH/ DMFT /05/2023-24 | Patratu | Kurse | Kurse-1 | 6.43300 | 13000 | 1250 | 03 (तीन माह) |
| 6 | RDSD/RAMGARH/ DMFT /06/2023-24 | Patratu | Kurse | Kurse-2 | 7.23600 | 15000 | 1250 | 03 (तीन माह) |
| 7 | RDSD/RAMGARH/ DMFT /07/2023-24 | Patratu | Kurse | Kushira | 8.86700 | 18000 | 1250 | 03 (तीन माह) |
| 8 | RDSD/RAMGARH/ DMFT /08/2023-24 | Patratu | Kurse | Bhandra Oraon Tola | 6.23300 | 13000 | 1250 | 03 (तीन माह) |
| 9 | RDSD/RAMGARH/ DMFT /09/2023-24 | Patratu | Kurse | Dhordhora | 6.43300 | 13000 | 1250 | 03 (तीन माह) |
| 10 | RDSD/RAMGARH/ DMFT /10/2023-24 | Patratu | Lapanga | Mahto Tola Lapanga | 6.51900 | 14000 | 1250 | 03 (तीन माह) |
| 11 | RDSD/RAMGARH/ DMFT /11/2023-24 | Patratu | Pali | Nimmi-1 | 6.27400 | 13000 | 1250 | 03 (तीन माह) |
| 12 | RDSD/RAMGARH/ DMFT /12/2023-24 | Patratu | Pali | Nimmi-2 | 6.15700 | 13000 | 1250 | 03 (तीन माह) |
| 13 | RDSD/RAMGARH/ DMFT /13/2023-24 | Patratu | Sanki | Armadag | 5.62200 | 12000 | 1250 | 03 (तीन माह) |
| 14 | RDSD/RAMGARH/ DMFT /14/2023-24 | Patratu | Baridih | Jobokarma Tola | 8.31200 | 17000 | 1250 | 03 (तीन माह) |
| 15 | RDSD/RAMGARH/ DMFT /15/2023-24 | Patratu | Baridih | Dadidag | 6.67400 | 14000 | 1250 | 03 (तीन माह) |
| 16 | RDSD/RAMGARH/ DMFT /16/2023-24 | Patratu | Chikor | Chikor Bediya Tola | 6.01700 | 13000 | 1250 | 03 (तीन माह) |
| 17 | RDSD/RAMGARH/ DMFT /17/2023-24 | Patratu | Budh Bazar Imeligachh | Imeligachh | 6.35800 | 13000 | 1250 | 03 (तीन माह) |
| 18 | RDSD/RAMGARH/ DMFT /18/2023-24 | Chitarpur | Mayal | Ravidas Tola | 7.94700 | 16000 | 1250 | 03 (तीन माह) |
| 19 | RDSD/RAMGARH/ DMFT /19/2023-24 | Chitarpur | Bhuchungdih | Purana Sandi | 7.32100 | 15000 | 1250 | 03 (तीन माह) |
| 20 | RDSD/RAMGARH/ DMFT /20/2023-24 | Chitarpur | Marangmarcha | Domtola Marangmarcha | 7.32100 | 15000 | 1250 | 03 (तीन माह) |
| 21 | RDSD/RAMGARH/ DMFT /21/2023-24 | Gola | Uparbarga | Rao-Rao Nursingh | 7.33800 | 15000 | 1250 | 03 (तीन माह) |
| 22 | RDSD/RAMGARH/ DMFT /22/2023-24 | Gola | Uparbarga | Asaribagan | 7.32100 | 15000 | 1250 | 03 (तीन माह) |
| 23 | RDSD/RAMGARH/ DMFT /23/2023-24 | Gola | Uparbarga | Arwadih | 7.32100 | 15000 | 1250 | 03 (तीन माह) |
| 24 | RDSD/RAMGARH/ DMFT /24/2023-24 | Gola | Barlanga | Barlanga-2 | 7.32100 | 15000 | 1250 | 03 (तीन माह) |
| 25 | RDSD/RAMGARH/ DMFT /25/2023-24 | Gola | Saragdih | Saragdih-2 | 7.33800 | 15000 | 1250 | 03 (तीन माह) |
| 26 | RDSD/RAMGARH/ DMFT /26/2023-24 | Gola | Saragdih | Dimra-1 | 7.47200 | 15000 | 1250 | 03 (तीन माह) |
| 27 | RDSD/RAMGARH/ DMFT /27/2023-24 | Gola | Maganpur | Maganpur | 7.32100 | 15000 | 1250 | 03 (तीन माह) |
| 28 | RDSD/RAMGARH/ DMFT /28/2023-24 | Gola | Maganpur | Jangi-2 | 7.32100 | 15000 | 1250 | 03 (तीन माह) |
| 29 | RDSD/RAMGARH/ DMFT /29/2023-24 | Gola | Maganpur | Mahlidih | 7.32100 | 15000 | 1250 | 03 (तीन माह) |
| 30 | RDSD/RAMGARH/ DMFT /30/2023-24 | Gola | Sosokala | Karmatola-1 | 7.47000 | 15000 | 1250 | 03 (तीन माह) |
| 31 | RDSD/RAMGARH/ DMFT /31/2023-24 | Gola | Betulkala | Tandil | 7.39600 | 15000 | 1250 | 03 (तीन माह) |
| 32 | RDSD/RAMGARH/ DMFT /32/2023-24 | Gola | Betulkala | Bedia Tola | 7.41300 | 15000 | 1250 | 03 (तीन माह) |
| 33 | RDSD/RAMGARH/ DMFT /33/2023-24 | Gola | Chokad | Chokad-2 | 7.32100 | 15000 | 1250 | 03 (तीन माह) |
| 34 | RDSD/RAMGARH/ DMFT /34/2023-24 | Gola | Chokad | Chokad-3 | 7.62200 | 16000 | 1250 | 03 (तीन माह) |
| 35 | RDSD/RAMGARH/ DMFT /35/2023-24 | Gola | Chokad | Fuljhariya | 7.32100 | 15000 | 1250 | 03 (तीन माह) |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– दिनांक 02.08.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– दिनांक 11.08.2023 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथपत्र के मूलप्रति एवं Bank Certificate for credit Facility जमा करने की तिथि एवं समय दिनांक 12.08..2023 अपराह्न 5.00 बजे तक, स्थान– जिला नियंत्रण कक्ष, रामगढ़ में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़ द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि के लिया जायेगा।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 14.08.2023 अपराह्न 02:00 बजे
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० :– 8986791292, 8210703869
8. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट या बैंकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़ के पदनाम से देय हो देना होगा। जो स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, मुख्य शाखा, रामगढ़ (Branch Code-00164) में भुगतेय होगा। प्राईवेट बैंक का D.D/ Bankas Cheque मान्य नहीं होगा।

9 अग्रद्यन की राशि राष्ट्रीय बचत पत्र पंचवर्षीय अठवर्षीय निर्गत डाकघर सावधि जमा पत्र 03 वर्षीय / 05 वर्षीय / बैंक जमा सावधि (F.D) तीन वर्षीय, कम्पनी के मामले में झारखण्ड राज्य के राष्ट्रीयकृत बैंक का **B.G** जो की कार्यपालक अभियंता के नाम से प्रतिज्ञिप्त होगा, मान्य होगा एवं प्राईवेट बैंक का मान्य नहीं होगा।

10. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है।, तदनुसार परिमाण विपत्र की राशि का 02 प्रतिशत राशि अग्रधन की राशि के रूप में जमा करना होगा।
11. विशेष परिस्थिति में बिना कारण बताए निविदा रद्द करने अथवा स्थगित करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को सुरक्षित होगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट ***Jharkhandtenders.gov.in*** एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

**कार्यपालक अभियंता,**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़**

PR 303404 Rural Work Department (23-24)_D

## संक्षिप्त खबरें

### टेक्निकल यूनिवर्सिटी के नए कुलपति का कांग्रेस उपाध्यक्ष इंदरजीत ने किया स्वागत

**रांची।** झारखंड टेक्निकल यूनिवर्सिटी के नए कुलपति डीके सिंह ने टेक्निकल यूनिवर्सिटी का प्रभार लिया। आज कांग्रेस युवा नेता , एनएसयूआई के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष, कामगार कांग्रेस के प्रदेश वाईस चेयरमैन इंदरजीत सिंह ने नए कुलपति को शॉल, मनी प्लांट एव मिठाई खिलाकर स्वागत एव सम्मान किया। विदित ही कि लगभग 6 महीने से कुलपति का पद खाली होने से विश्वविद्यालय का काम धाम ठप पड़ा हुवा था। मौके पर इंदरजीत सिंह ने कहा कि यूनिवर्सिटी द्वारा सबसे पहले परीक्षा विभाग को सही से संचालित कर के सही समय पे परीक्षा एव रिजल्ट का काम करे। प्लेसमेंट सेल का सही तरीके से निर्माण हो। पीएचडी की पढ़ाई यूनिवर्सिटी में ही कराई जाए । मौके पर कुलपति ने भरोसा जताया कि तीन महीने के अंदर यूनिवर्सिटी में बहुत कुछ दिखने को मिलेगा एव विद्यार्थियों की हर परेशानी को तुरंत सॉल्व किया जाएगा। मौके पर इंदरजीत सिंह, प्रणव सिंह, आकाश रजवार, अब्दुल राबनवाज, शिवम पांडेय मौजूद थे।

### हत्या का आरोपित दोषी करार, फैसला 31 को

**रांची :** अपर न्यायायुक्त आसिफ इकबाल की अदालत ने रांची के चर्चित सिल्की और अनुराग विश्वकर्मा हत्याकांड के आरोपित अनमोल वर्मा उर्फ अनमोल कांटी को दोषी करार दिया है। अदालत ने पुलिस की ओर से पेश किये गए साक्ष्य और गवाहों के आधार पर अनमोल को दोषी करार दिया। अदालत ने मामले में फैसले की तिथि 31 जुलाई निर्धारित की है। वर्ष 2018 में अनुराग विश्वकर्मा की हत्या कर उसका शव रातू रोड कब्रिस्तान में दफना दिया गया था। इसके साथ ही नाबालिग सिल्की का शव भी रातू रोड कब्रिस्तान से ही बरामद हुआ था। रांची जिला पुलिस बल की महिला सिपाही शोभा गुरुंग ने युवती के शव की शिनाख्त की थी।

# सावन महोत्सव और मुहर्रम पर्व को एकता सौहार्दपूर्ण तरीके मनाएं : एसएसपी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** सावन महोत्सव और मुहर्रम पर्व को एकता,सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर झारखंड प्रदेश जमीयतुल कुरेश के अध्यक्ष मुजीब कुरैशी द्वारा कानाया बैंक्विट हॉल में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा, विशिष्ट अतिथि वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल, एडीएम आलोक नाथ, लोअर बाजार थाना प्रभारी दयानंद,खाद गढ़ा बस स्टैंड टीओपी आकाश भारद्वाज, महावीर मंडल के पूर्व अध्यक्ष राजीव रंजन मिश्रा , रामधन वर्मा, अंजुमन इस्लामिया के अध्यक्ष हाजी मोख्तार, डा असलम परवेज, साहिब अली, जमीयतुल कुरैश पंचायत के अध्यक्ष गुलाम गौस कुरैशी, महासचिव परवेज कुरैशी सहित कई लोग उपस्थित हुए। मंच संचालन झारखंड प्रदेश जमीयतुल कुरेश मीडिया प्रभारी गुलाम जावेद और

### सभी समुदायों को एक साथ लेकर चलना ही सौहार्द है : डीसी

धन्यवाद ज्ञापन टिंकू राम ने किया। पूरे कार्यक्रम की अध्यक्षता झारखंड प्रदेश के जमीयतुल कुरेश के अध्यक्ष मुजीब कुरैशी ने की। कार्यक्रम की शुरुआत दोनों समुदायों के गणमान्य लोगों ने आपस में एक दूसरे को पगड़ी बांध कर,शॉल,साफा ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। वहीं कार्यक्रम के दौरान रांची में बेहतर और सौहार्दपूर्ण एतिहासिक काम करने के लिए उपायुक्त राहुल सिन्हा , वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल ने संयुक्त रूप से झारखंड प्रदेश जमीयतुल कुरैश के अध्यक्ष मुजीब कुरैशी को पगड़ी बांध कर सम्मानित करते हुए कहा कि मुजीब कुरैशी के कार्यो की सराहना जितनी भी की जाए कम है।



**एसएसपी ने कहा:** कार्यक्रम में वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल ने कहा कि सावन का पवित्र महीना चल रहा है कांवरियों का जत्था इसी मार्ग कांटाटोली होकर गुजरती है किसी तरह की कोई परेशानी नहीं होगी ऐसी उम्मीद है।मुहर्रम का भी मुबारक महीना है और इस मौके पर दोनों समुदायों के लोगों को एक साथ यहां पर देखकर काफी खुशी हो रही है ।

**उपायुक्त ने कहा:** वहीं उपायुक्त राहुल सिन्हा ने कहा कि रांची शहर काफी बड़ी हो गई है। वर्तमान में फ्लाईओवर ,सड़क ,नाली का निर्माण बड़ी तेजी के साथ हो रहा है। जगहें कन्जेस्टेड हो गए हैं, गाड़ियों की भीड़ हो गई है ,जनसंख्या बढ़ गई है ,सभी चीजों को देखते हुए पर्व को भी मनाना है। जिस तरह से पुलिस प्रशासन काम कर रही है, जनता का सहयोग मिल रहा है, हर बड़ी घटनाओं को रोकने में या फिर उसके उद्भेदन में पुलिस प्रशासन पूरी तरह से सफल साबित हो रही, इसलिए शांति पूर्ण तरीके से सभी मिलजुल कर पूर्व को मनाएं। कांवरियों का स्वागत करें, मुहर्रम के अखाड़ा धारियों का स्वागत हो रही भाईचारगी है एकता है इसे बरकरार रखना है। महावीर मंडल के पूर्व अध्यक्ष राजीव रंजन मिश्रा ने कहा कि महावीर मंडल के सभी लोग आज यहां पर मौजूद हैं , मुस्लिम और हिंदू की जो एकता है जो मिसाल है जो यहां पर देखने को मिलेगी। यह पूरा कांटा टोली क्षेत्र जो है शांतिपूर्ण माहौल में गुजरा है , किसी भी स्थिति में किसी भी कठिनाइयों में पुलिस प्रशासन को मदद करने के लिए पूरा समाज एक साथ खड़ा रहता है , मुजीब कुरैशी का बहुत बड़ा योगदान है, कि इस पूरे क्षेत्र में सभी को एक साथ लेकर चलते हैं,यह बहुत बड़ी बात है। झारखंड प्रदेश जमीयतुल कुरैश के अध्यक्ष मुजीब कुरैशी ने कहा कि पूरे कांटा टोली क्षेत्र सभी धर्मो के लोग एकजुट रहते हैं। यही एकता पुलिस प्रशासन के साथ खड़ी है । यदि प्रशासन को लगता है कि कहीं कुछ ग़लत हो रहा है तो अपने स्तर से निपटने का काम करें। इस मौके पर महावीर मंडल के रामधन वर्मा ,जीवन धन ,राहुल सिन्हा चंकी, उपेंद्र रजक ,कैलाश केसरी, राजकिशोर, गोपाल पारीक, सुनील सहाय, प्रभु दयाल बड़ाई ,भाजपा रांची जिला ग्रामीण उपाध्यक्ष , रोबिन दास लीलू अली अखाड़ा प्रमुख खलीफा मोहम्मद शहजाद, महानगर मुहर्रम सेंट्रल कमेटी के उपाध्यक्ष रजी अहमद , चिस्तिया अखाड़ा के शकील खान, मासूम कुरैशी, महफूज कुरैशी, बारीक कुरेशी, बबलू कुरेशी ,सद्दाम कुरेशी, फरहाद कुरेशी, आसिक कुरेशी , कामरान कुरेशी, अकबर कुरेशी आमिर कुरैशी,बशीर कुरैशी,राजू, मोइनुद्दीन, औरंगजब खां,सहजाद,दानिश कुरैशी, अशब कुरैशी, इम्तियाज मुन्ना, हाजी मिन्हाज, आवेश कुरेशी मुन्ना, मोहम्मद फिरोज, नौशाद खान, सहित कई लोग शामिल थे।

## प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए प्रभारी प्रशिक्षकों को किया गया प्रतिनियुक्त

**रांची।** रांची जिला अंतर्गत समाहरणालय, प्रखण्ड एवं अंचल कार्यालयों में नवनियुक्त निम्नवर्गीय लिपिकों को समाहरणालय के विभिन्न शाखाओं, प्रखण्ड एवं अंचल में अभिलेखों के संधारण एवं टंकण आदि का परिबोध प्रशिक्षण दिया जायेगा। उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा द्वारा जारी आदेश में इनके प्रशिक्षण के लिए तिथिवार समय सारणी निर्धारित की गयी है। सभी संबंधित प्रभारी प्रशिक्षक को नवनियुक्त निम्नवर्गीय लिपिकों को प्रशिक्षण प्राप्त कराने में आवश्यक सहयोग प्रदान करने हेतु निर्देश दिया गया है। जारी आदेश में सूची में शामिल नव नियुक्त निम्न वर्गीय लिपिकों के अलावा अगर कोई अन्य लिपिक प्रशिक्षण प्राप्त करने के इच्छुक हैं तो उन्हें भी किसी भी ग्रुप में शामिल होकर प्रशिक्षण प्राप्त करने की अनुमति प्रदान की गई है।

## बकोरिया मुठभेड़ मामले में सीबीआई की क्लोजर रिपोर्ट स्वीकार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** बकोरिया मुठभेड़ के मामले में सीबीआई की क्लोजर रिपोर्ट को सीबीआई के विशेष न्यायिक दंडाधिकारी प्रवीण उरांव ने गुरुवार को स्वीकार कर लिया है। मामले में रांची सीबीआई की ओर से क्लोजर रिपोर्ट दायर करते हुए बताया गया है कि अब मामले में आगे कोई जांच नहीं होगी। इस पर बकोरिया मुठभेड़ से जुड़े शिकायतकर्ता जवाहर यादव की ओर से प्रोटेस्ट याचिका दायर की गई है। उल्लेखनीय है कि 8 जून, 2015 को पलामू के सतबरवा प्रखंड के भेलवा घाटी में सुरक्षाबलों के साथ हुई मुठभेड़ में माओवादी कमांडर अनुराग और उसका बेटा, भतीजा, पारा शिक्षक उदय यादव सहित 12 की जान गई थी। सुरक्षाबलों ने सभी को मुठभेड़ में मार गिराने का दावा किया था। मुठभेड़ को फर्जी बताते हुए पारा शिक्षक उदय यादव के पिता जवाहर यादव ने हाई कोर्ट में पीआईएल दायर किया था। हाई कोर्ट के निर्देश पर दिसंबर 2018 से सीबीआई बकोरिया मुठभेड़ की जांच कर रही थी। सीबीआई ने पलामू के सदर थाना कांड संख्या 349/2015 को टेकओवर किया था।

## एनजीओ के सहयोग से 17 माह बाद दिल्ली में कैद रांची की नाबालिग को कराया मुक्त

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** राजधानी रांची से दिल्ली ले जाई गयी एक नाबालिग को चाईल्ड राईट फाउंडेशन के सहयोग से बरामद कर लिया गया है। लगभग 17 महीने से दिल्ली में बंधक बनी नाबालिग को चाइल्ड राइट फाउंडेशन, दिल्ली पुलिस, महिला आयोग और शक्ति वाहिनी के सहयोग से मुक्त कराया गया। एक सप्ताह पूर्व नाबालिग ने किसी तरह अपनी बहन को फोन कर बतायी कि नार्थ दिल्ली के आदर्श नगर के शंकराचार्य रोड स्थित सी-7 काम करती हूं। मुझे घर से निकलने नहीं दिया जाता है। घर के मालिक कहीं जाते है तो बंद कर दिया जाता है। इस संबंध में नाबालिग की बहन ने



रांची के एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट (एएचटीयू) थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी। चाईल्ड राईट फाउंडेशन के बैधनाथ कुमार और चंदन कुमार ने नाबालिग की रिहाई में अहम भूमिका निभाई। नाबालिग को जबरन घर में बंधक बनाकर रखा गया था। इस बीच काम के एवज में किसी भी प्रकार का पैसा का भुगतान भी नहीं किया गया। उल्लेखनीय है कि दिसंबर 2021 में धुर्वा थाना क्षेत्र के सिठियो की रहने वाली सुमन नाम की महिला एवं सत्यम लोहरा नाबालिग को अपने साथ ले जाकर तीन दिन तक घर में बंद रखा। इसके बाद नाबालिग को दिल्ली ले जाया गया।

## राज्यपाल से भाजपा और श्री दिगम्बर जैन पंचायत के शिष्टमंडल ने की मुलाकात



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी (अनुसूचित जनजाति मोर्चा), झारखंड प्रदेश के एक शिष्टमंडल ने राज भवन में मुलाकात की। शिष्टमंडल ने राज्य के साहिबगंज जिलान्तर्गत बोरियो प्रखंड के गोड़ा पहाड़ की आदिम जनजाति समुदाय की एक युवती की विगत वर्ष हुए निर्मम हत्याकांड के संदर्भ में ज्ञापन समर्पित किया। दूसरी ओर राज्यपाल से श्री दिगम्बर जैन पंचायत का शिष्टमंडल ने राज भवन में मुलाकात की।

शिष्टमंडल ने कर्नाटक के बेलगावी में जैनाचार्यश्री कामकुमार नंदी महाराज की निर्मम हत्या की भर्त्सना करते हुए प्रधानमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन समर्पित किया।

## जिला स्तरीय प्री सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता 23 को कांके में

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड के द्वारा झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद रांची के तत्वाधान में जिला स्तरीय 62वीं सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता 2023 संपन्न हुई। सीएम स्कूल ऑफ एक्सिलेंस बालिका बरियातु, राची में अंडर 17 बालिका वर्ग के फ़ाइनल मैच में अपग्रेड हाई स्कूल कुमहरिया, कांके ने के जी बी वी चन्हो की टीम को 5-0 हारते हुए विजेता बनी। प्रतियोगिता का दुसरा फाइनल अंडर-14 बालक वर्ग का संत जॉन्स फुटबॉल स्टेडियम में खेला गया जहां बी सी विद्यालय मखमंड्रो, रातु की टीम ने प्रकाश उच्च विद्यालय हुलहुंडू, नामकुम को ट्रायब्रेकर मुकाबले में 3-2 से हारते हुए विजेता बनी। अंडर-17 बालक वर्ग के फ़ाइनल में रमेश सिंह मुंडा +2 उच्च विद्यालय बुंडू ने संत जेवियर मांडर को 3-1 से हराते हुए विजेता बनी। विजेता टीमों को विजेता ट्रॉफी मुख्य अतिथि धीरसेन सोरेंग, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी (झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद, रांची) ने प्रदान किया। इस मौके पर धीरसेन सोरेंग ने कहा की शिक्षा विभाग बच्चों का सर्वांगीण विकास हेतु प्रयासरत है, खेल के क्षेत्र में विभाग स्कूली बच्चों को हर संभव सुविधा प्रदान करेगी ताकि बच्चें पढ़ाई के साथ ही साथ खेल में राज्य एक नाम विश्व स्तर पर रौशन कर सके।बालिका उच्च विद्यालय बरियातू के प्राचार्य दीपक कुमार, संत जॉन्स उच्च विद्यालय के उप प्राचार्य सिकेंद्र केरकेट्टा, सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी विनय बंधु कच्छप, पंकज तिर्की, निर्मल बड़ाइक, मो इम्तियाज़, मनोज कुमार, प्रभात रंजन तिवारी एवं एम मोदस्सर ने विजेताओं को पदक एवं प्रमाण पत्र दे कर सम्मनित किया।प्रतियोगिता के सफल आयोजन में रांची के अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी कौशल किशोर, सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी विनय बन्धु कच्छप, प्रतियोगिता के नोडल शारीरिक शिक्षा शिक्षक जफर इमाम,देवचरण कच्छप, प्रदीप कुमार महतो ने अपना योगदान दिया । विजेता टीमें दक्षिण छोटानगपुर की टीम से 31 जुलाई से 2 अगस्त तक रांची में होने वाली प्रमंडल स्तरीय सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता 23-24 में भाग लेंगे।

## कामरेड सुभाष मुंडा को दी गई अंतिम विदाई

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची:** सीपीआई (एम) के राज्य कमिटी सदस्य सुभाष मुंडा जिनकी 26 जुलाई को अज्ञात अपराधियों ने हत्या कर दी थी । मुंडा का शव देर रात पोस्टमार्टम के लिए रिम्स ले जाया गया। वहां से सुबह सात बजे उनका पार्थिव शरीर पार्टी के मेन रोड स्थित राज्य कार्यालय ले जाया गया। जहां रांची शहर के पार्टी साथियो सहित राज्य सचिव प्रकाश विप्लव, जिला सचिव सुखनाथ लोहरा, आदिवासी अधिकार मंच के प्रफुल्ल



लिंडा, दलित शोषण मुक्ति मंच के शिव बालक पासवान, किसान सभा के सुफल महतो, विरेन्द्र कुमार, सीपीआई के अजय सिंह, माले के मनोज भक्त सीटू के अनिर्वाण बोस,एक्टू के शुभेंदु सेन, पार्टी के पूर्व केंद्रीय कमिटी सदस्य गोपी कांत बक्सी, साझा मंच के अमल आजाद और एडवा की वीणा लिंडा ने उनके शव पर पुष्पांजलि दी। पार्टी कार्यालय से उनका शव दलादली चौक पहुंचा जहां हजारों की संख्या में महिलाएँ और पुरुष उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए मौजूद थे। महिलाएं रो रहीं थी और युवा स्तब्ध थे। करीब 12 बजे उनका शव उनके निवास स्थान ले जाया गया। लगभग 2 बजे उनकी शव यात्रा निकाल कर अंतिम संस्कार किया गया। शवयात्रा में भारी संख्या में महिला और पुरुष शामिल थे.इस मौके पर उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल

## राजधानी रांची सहित पूरे राज्य में मोहर्रम पर सुरक्षा के रहेंगे पुख्ता इंतजाम

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** मोहर्रम पर राजधानी रांची सहित पूरे राज्य में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। झारखंड पुलिस मुख्यालय ने सभी जिलों के एसपी को अलर्ट रहने का निर्देश दिया है। सुरक्षा के साथ विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया गया है। पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर 20 जिलों में 2,550 अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। इनमें हजारीबाग में 400 लाठी बल एवं आरएपी की छह कंपनी, पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) में 200 लाठी बल और आरएपी की दो कंपनी, गिरिडीह में 200 लाठी बल और आरएपी की पांच कंपनी, खूंटी में 50 लाठी बल, लोहरदगा में 165 लाठी बल, सरायकेला में 50 लाठी बल, पलामू में 150 लाठी बल, गढ़वा में 50 लाठी बल, लातेहार में 50 लाठी बल,पाकुड़ में 50 लाठी बल,रामगढ़ में 50 लाठी बल, धनबाद में 150 लाठी बल,कोडरमा में 50 लाठी बल, पूर्वी सिंहभूम (चाईबासा) में 100 लाठी बल, सिमडेगा में 50 लाठी बल, गुमला में 50 लाठी बल, बोकारो में 100 लाठी बल, जामताड़ा में 50 लाठी बल, गोड्डा में 100 लाठी बल, साहिबगंज में 100 लाठी बल और चतरा में 100 लाठी बल शामिल हैं। जवानों की प्रतिनियुक्ति 28 जुलाई से 29 जुलाई तक की गई है। पुलिस मुख्यालय ने जिले के एसपी को निर्देश दिया है कि ड्यूटी खत्म होने के बाद अपने-अपने जिला में प्रतिनियुक्त जवानों को उनके पैतृक जिला और इकाइयों में 30 जुलाई को भेजना सुनिश्चित करेंगे। राजधानी रांची में 1500 अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। इसके अलावा बीडीएस की एक टीम और आरएपी की एक कंपनी को प्रतिनियुक्त किया गया है।

## राज्यपाल ने तीन पुस्तकों का किया विमोचन

**रांची :** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने गुरुवार को मनोविज्ञान के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ देवरानी चौधरी और रांची विश्वविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ सरवत जबीन की संयुक्त रूप से लिखित पुस्तक 'मनोविज्ञान में प्रयोग एवं परीक्षण' का विमोचन किया। वहीं दूसरी ओर राज्यपाल ने रांची विश्वविद्यालय की सहायक प्राध्यापक डॉ नीलू सिंह की लिखित दो पुस्तकों 'अर्थशास्त्र का परिचय' और 'उच्चतर आर्थिक सिद्धांत व्यष्टि विश्लेषण' का विमोचन किया।

## रांची : केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मिले रांची के सांसद संजय सेठ

प्रभाम मंत्र संवाददाता

**रांची :** नई दिल्ली में सांसद संजय सेठ ने गुरुवार को केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान सांसद ने केंद्रीय मंत्री को रांची लोकसभा क्षेत्र में एनएचएआई की ओर से संचालित परियोजनाओं की जानकारी दी। कई विषयों पर चर्चा भी की। सांसद ने केंद्रीय मंत्री को रांची के रातू रोड में निर्माणाधीन एलिवेटेड कॉरिडोर की गति प्रगति से अवगत कराया और इसका नाम पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर करने से संबंधित आग्रह पत्र भी सौंपा। सांसद ने अपने पत्र में मंत्री को कहा कि रांची के अति व्यस्ततम रातू रोड में 533 करोड़ रुपये की लागत से एलिवेटेड कॉरिडोर की सौगात मिली है। इसके



लिए सांसद ने केंद्रीय मंत्री का आभार जताया। सांसद ने कहा कि इस एलिवेटेड कॉरिडोर का निर्माण कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है। अब तक 25 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुके हैं। कॉरिडोर अब धीरे-धीरे अपना आकार ले रहा है। सांसद ने मंत्री को बताया कि ट्रैफिक जाम की समस्या से विगत कई दशक से लोग जूझ रहे थे, उस समस्या का समाधान भी इस कॉरिडोर के निर्माण से हो जाएगा। एक शब्द में कहूं तो यह कॉरिडोर हम सबके लिए लाइफलाइन सिद्ध होने वाला है। सांसद ने मंत्री को कहा कि इस कॉरिडोर को लेकर इस क्षेत्र की जनता का सुझाव है कि इसका नामकरण भारत में सड़कों के चतुर्दिक विकास की नींव रखने वाले पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर किया जाए। सांसद ने इसका नाम अटल एलिवेटेड कॉरिडोर रखने का सुझाव दिया। केंद्रीय मंत्री से मुलाकात के बाद सांसद ने बताया कि केंद्रीय मंत्री ने इस सुझाव को सहर्ष स्वीकार किया है और इस पर यथाशीघ्र सकारात्मक पहल करने की बात कही है।

## लैम्प्स पैक्स के प्रतिनिधियों के लिए तीन दिवसीय कार्यशाला आयोजित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** सिद्धो-कान्हो कृषि एवं वनोपज राज्य सहकारी संघ लिमिटेड, रांची के भगवान बिरसा मुंडा लाह मूल्य संवर्धन शोध एवं प्रशिक्षण केंद्र, सिदरौल, नामकुम, रांची में सिद्धो-कान्हो कृषि एवं वनोपज राज्य सहकारी संघ लिमिटेड, रांची के द्वारा लैम्प्स / पैक्स के प्रतिनिधियों के लिए तीन दिवसीय (27 जुलाई 2023-29 जुलाई 2023) संस्थागत क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन भगवान बिरसा मुंडा लाह मूल्य संवर्धन शोध एवं प्रशिक्षण केंद्र, सिदरौल, नामकुम, रांची के सभागार में शुभारंभ किया गया 7सिद्धो-कान्हो कृषि एवं वनोपज राज्य सहकारी संघ लिमिटेड, रांचीके द्वारा लैम्प्स / पैक्स के प्रतिनिधियों के लिए तीन दिवसीय (27 जुलाई 2023-29 जुलाई 2023) संस्थागत क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन भगवान बिरसा मुंडा लाह मूल्य संवर्धन शोध एवं प्रशिक्षण केंद्र, सिदरौल, नामकुम, रांची के सभागार में के



मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी संजीव कुमार (भावसे) के अध्यक्षता में दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया 7कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी संजीव कुमार (भा. व. से.) ने कहा कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम क्षमता वर्धन का है और यहाँ हम मिलकर सहकारिता से ग्रामीण अर्थव्यवस्था का उत्थान किया जा सकता है। सचिव जे पी शर्मा ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि लैम्प्स किसी भी गतिविधियों में भाग ले कर अपना व्यापार बढ़ा सकते हैं।

## रांची में मुहर्रम पर 33 अतिसंवेदनशील और पांच संवदेनशील स्थान चिह्नित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** स्पेशल ब्रांच ने मुहर्रम पर्व को लेकर रिपोर्ट जारी की है। रांची जिले के पांच शहरी थाना क्षेत्रों में 33 स्थानों को अतिसंवेदनशील स्थान के रूप में चिह्नित किया गया है। इसके अलावा चार थाना क्षेत्र में पांच स्थानों को संवेदनशील स्थान के रूप में चिन्हित किया गया है। इनमें लोअर बाजार थाना क्षेत्र के कर्बला चौक, फतेहउल्लाह रोड स्थित फतेहउल्लाह मस्जिद, चिशितयानगर, डोमटोली, आजाद बस्ती, कलाल टोली, काली मंदिर और चर्च रोड और डोरंडा थाना क्षेत्र का दर्जी मोहल्ला शामिल हैं। इसके अलावा डेली मार्केट थाना क्षेत्र के महावीर मंदिर मेन रोड, छाता मस्जिद, राईन मस्जिद, राईन मोहल्ला, तस्लीम मस्जिद, तिवारी टैंक रोड, टैक्सी स्टैंड और हिंदपीढ़ी थाना क्षेत्र के एकरा मस्जिद, बड़ा तालाब के पास सूर्य मंदिर, पहली गली स्थित महावीर मंदिर, फर्स्ट स्ट्रीट, सेकेंड स्ट्रीट, थर्ड स्ट्रीट, लेक रोड, नदी टोला, कुर्बान चौक, सरफराज चौक, निजामनगर और मोजाहिद नगर के साथ कोतवाली थाना क्षेत्र के जामा मस्जिद, हंडा मस्जिद अपर बाजार, शनि मंदिर, पुरानी रांची, गाड़ीखाना चौक शामिल है। चार थाना क्षेत्रों में पांच संवेदनशील स्थान हैं। इनमें बरियातू थाना क्षेत्र का बरियातू मस्जिद, सदर थाना क्षेत्र का बड़गाई चौक मस्जिद, अरगोड़ा थाना क्षेत्र का कडरू मस्जिद और कांके थाना क्षेत्र का सुकुरहट्टू और होचर शामिल है।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



# झारखंड की सेवा में तैनात तीन आइपीएस अधिकारियों ने दिउड़ी मंदिर में मत्था टेका



**तमाड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची जिला अंतर्गत नेशनल हाइवे -33 रांची टाटा रोड़ पर तमाड़ प्रखंड के दिउड़ी गांव में अवस्थित प्राचीनकालीन सोलहभुजी मां दिउड़ी का दर्शन करने गुरुवार को झारखंड राज्य की सेवा में तैनात तीन नव प्रोन्नत आइपीएस अधिकारी अजय कुमार, पीताम्बर सिंह खेरवार,डॉ विमल कुमार साहू परिवार के लोगों के साथ पहुंचे।इस दौरान दिउड़ी मंदिर के पुजारी मनोज पंडा सभी अधिकारियों को विधिवत पूजा अर्चना कराया, वहीं सभी अधिकारियों ने मां दिउड़ी के प्रांगण में मां देवी के चरणों में मात्था टेककर अपने और परिवार अन्य सदस्यों की मंगल कामना की।मौके पर सभी आइपीएस अधिकारीयों ने अपने प्रोन्नति और नई जिम्मेदारी मिलने पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि अपने - अपने क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने में हम कृतसंकल्प हैं अपराध पर नियंत्रण कर एक भयमुक्त समाज बनाना ही हमारी प्राथमिकता है जिसके लिए हम सब आज मां दिउड़ी के प्रांगण में आकर आशीर्वाद मांगा है पुर्व में भी हमारी आस्था मां दिउड़ी के प्रति रही है कई बार यहां आकर मात्था टेके हैं बस यही कामना करते हैं आगे भी माता का आशीर्वाद बना रहे और हम अपने दायित्वों का निर्वहन कर सकें।

# श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ को लेकर पिपरवार में चलाया गया जनजागरण अभियान



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा स्थित चार नंबर खेल मैदान में 2 सितंबर से 9 सितंबर तक होने वाले आठ दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ को सफल बनाने के लिए यज्ञ समिति के द्वारा क्षेत्र के आवासीय कॉलोनी में जन जागरण अभियान चलाया गया,जिसमे यज्ञ के आयोजन मंडली के साथ श्रद्धालु भक्तों द्वारा कालोनियों में घुम घुमकर लोगों से यज्ञ में शामिल होकर कथा सुनने की अपील की जा रही है।इसी कड़ी में जनजागरण अभियान के पहले दिन यज्ञ समिति के सचिव रवीन्द्रनाथ सिंह एवं अध्यक्ष सुनील साव के नेतृत्व में बचरा स्थित बसंत विहार कालोनी में घर घर जाकर लोगों से सपरिवार भागवत कथा ज्ञान सुनकर अपना जीवन धन्य बनाने की अपील की गई।इस संबंध में जानकारी देते हुए सचिव रवीन्द्रनाथ सिंह ने बताया कि महायज्ञ को सफल बनाने एवं इसमें पुरे कोयलांचल क्षेत्र खलारी पिपरवार के सभी परिवारों की सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह जनजागरण अभियान महायज्ञ की समाप्ति तक चलता रहेगा।इसके तहत रोज श्रद्धालुओं का एक जत्था अलग अलग कालोनियों में जाकर हर परिवार से महायज्ञ में शामिल होने की अपील करेगा।उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील करते हुए कहा कि हर परिवार यज्ञ में आकर कथा श्रवण करें। सभी लोग अपने घर के वृद्ध माता-पिता को भी यज्ञ में जरुर लाए।इतने बड़े आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी परिवार अपने सामर्थ्य के अनुसार महायज्ञ में अपना सहयोग प्रदान करें। जनजागरण अभियान में यज्ञ समिति के अध्यक्ष सुनील साव,सचिव रवीन्द्रनाथ सिंह के साथ अन्य श्रद्धालु शामिल हुए।

# आंतरिक सुरक्षा की टीम ने किया अशोका खदान में सुरक्षा मानकों का निरीक्षण



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के अन्तर्गत अशोका परियोजना में मगध आम्रपाली से आई आतंरिक सुरक्षा की टीम ने खदान में सुरक्षा मानकों का निरीक्षण किया।निरीक्षण के क्रम में टीम द्वारा खनन क्षेत्र के सभी विभागों का सुरक्षा मानक ऑडिट किया गया,जिसमें खदान में खनन कार्य में सुरक्षा से संबंधित उपाय, पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था,कोल कामगारों एवं अधिकारियों द्वारा खदान में सुरक्षा मानकों के अनुरूप व्यवहार के साथ अन्य मानकों का ऑडिट किया गया।टीम के सभी सदस्यों का परियोजना पदाधिकारी संजय कुमार सहित अन्य अधिकारियों ने बुके देकर स्वागत किया। वही टीम के अधिकारियों ने परियोजना कार्यालय में बैठक कर सुरक्षा से संबंधित बातों की जानकारी ली और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।आतंरिक सुरक्षा जांच टीम मे मुख्य रूप से टीम लीडर पवन कुमार, स्टॉफ ऑफिसर एक्सावेशन एके सिंह, स्टॉफ ऑफिसर विद्युत एवं यांत्रिक आरएन पण्डित, आलोक रंजन, डॉक्टर नीरज कुमार, संजीव कुमार, एस नायक सहित अन्य लोग शामिल थे।इस मौके पर स्थानीय अधिकारियों में परियोजना पदाधिकारी संजय कुमार, खान प्रबंधक एसके सिंह, कार्मिक प्रबंधक सौमित सेनापति, शिशिर गर्ग, मुकेश तोसांग,जगदीश मंडल सहित कई अधिकारी मौजूद थे।

# सुभाष मुंडा की हत्या के विरोध में खलारी बिजुपाड़ा सड़क तीन घंटे जाम

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रातू दलादली चौक पर सुभाष मुंडा की हुई हत्या के विरोध में चामा चौक में खलारी बिजुपाड़ा मार्ग को जाम कर दिया. जाम करने वाले लोग हत्या की घटना में शामिल अपराधी को जल्द गिरफ्तार करने की मांग करते हुए फांसी देने की मांग की है. भाकपा माले एरिया सचिव किशोर खंडित ने अपने सैकड़ों कार्यकर्ता जुलुस के शक्ल में चमा चौक को सरना समिति के सदस्यों के साथ मिलकर तीन घन्टे को जाम कर दिया . किशोर खंडित ने कहा की झारखण्ड में कानून व्यवस्था पंगु हो गया . सवाल तो पुलिस प्रसासन कानून व्यवस्था को नज़र अंदाज कर निजी स्वार्थ में लगे हुए हैं . लेकिन राज्य सरकार को चिंता नहीं की मेरे राज्य की क्या स्थिति है.राज्य में अपराधी बेलगम हो गए हैं.राज्य सरकार से अपील है की जितनी जल्दी हो सके अपराधी को गिरफ्तार किया जाय और कड़ी से कड़ी सजा दिया जाए . सरना समिति के वीरेंदर उरांव ने कहा कि अपराधी को सजाय मौत देना चाहिए।इस मौके पर आबिद अंसारी, संतोष रवि, हरि लोहरा, गन्दआ पाहन, माले एरिया सचिव किशोर खंडित, विश्वनाथ भगत, दीपक मुंडा ,गणेश उरांव, चुम्नू उरांव, सिकंदर राम प्रभू उरांव, महेंदर लोहरा,तेज उरांव इत्यादी उपस्थित थे.

# खूंटी जिले के 13 वें उपायुक्त के रूप में लोकेश मिश्र ने निवर्तमान उपायुक्त शशि रंजन से पदभार ग्रहण किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** लोकेश मिश्र ने खूंटी जिले के नए उपायुक्त के रूप में अपना योगदान दिया। सर्वप्रथम नवनियुक्त उपायुक्त लोकेश मिश्र ने उपायुक्त कार्यालय कक्ष में उपस्थित सभी पदाधिकारियों से परिचय प्राप्त किया।जिले के निवर्तमान उपायुक्त शशि रंजन ने भी उपायुक्त लोकेश मिश्र को प्रभार देकर उन्हें शुभकामनाएं दी एवं सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया।मौके पर उपायुक्त लोकेश मिश्र ने कहा की जिले में विकास योजनाओं में तेजी लाते हुए उन्हें धरातल पर सफल रूप प्रदान करना पहली प्राथमिकता रहेगी। साथ ही केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने का प्रयास करना हमारी प्रमुख प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि वह जिले की बेहतरी एवं आम जनों के कल्याण के लिए सदैव तत्परता से कार्य करेंगे।

# बचरा क्षेत्रीय अस्पताल में नि:शुल्क टीकाकरण शिविर का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा क्षेत्रीय अस्पताल में गुरुवार को निःशुल्क टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर की शुरुआत बचरा दक्षिणी पंचायत की मुखिया रीना देवी ने छोटे-छोटे बच्चों को दवा पिलाकर की।इस शिविर में शून्य से लेकर 5 वर्ष तक के बच्चों को कई प्रकार के टीका लगाया गया,जिसमें बीसीजी, डीपीटी,मिजिल्स,हेपेटाईटि, रूबेला,डीसीटी डेन्टा सहित अन्य प्रकार के टीका लगाया गया।शिविर में कुल 67 बच्चों को टीका लगाया गया। इस संबंध में मुखिया रीना देवी ने बताया कि झारखंड सरकार के आदेश पर चतरा सदर अस्पताल के द्वारा प्रत्येक माह के अंतिम गुरुवार को बचरा क्षेत्रीय अस्पताल में इस शिविर का आयोजन किया जाता है।इस मौके पर मुखिया रीना देवी,एएनएम फुल कुमारी,सहिया आशा देवी,यशोदा देवी सहित काफी संख्या में अभिभावक मौजूद थे।

# राय पंचायत में अकीदत के साथ निकाला गया मुहर्रम का निशान जुलूश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आसपास के ग्रामीण इलाकों में सादगी के साथ मुहर्रम का त्यौहार मनाया जा रहा है। परंपरा के अनुसार मुहर्रम के मौके पर बुधवार की रात राय पंचायत में मुहर्रम का निशान जुलूस निकाला गया।यह जुलूस जामिया गोसिया रिजविया राय के प्रांगण से प्रारंभ हुआ जो राय का भ्रमण करते हुए राय बाजार स्थित इमामबाड़ा के पास पहुंचा,जहां पूरे रीति रिवाज के साथ निशान को खड़ा किया गया।इस दौरान युवाओं के द्वारा अस्त्र-शस्त्र खेल का प्रदर्शन किया गया। खेल प्रदर्शन के दौरान हजरत इमाम हसन हुसैन के नारे लगाए गए।इस दौरान इमामबाड़ा और कर्बला में फातिहा का आयोजन किया गया जिसमें काफी संख्या में लोग शामिल होकर फातिहा कराया।इस संबंध में राय मुहर्रम समिति के लोगों ने बताया कि मुहर्रम के सातवी तारीख पर निशान जुलूस निकाला गया,जबकि शुक्रवार की रात मुहर्रम की नवमी तारीख पर मुहर्रम जुलूस निकाला जाएगा।वहीं शनिवार को दशमी के दिन ताजिया और अखाड़ा जुलूस निकाला जाएगा,जिसको लेकर सारी तैयारी पूरी कर ली गई है।इस मौके पर जुल्फिकार अली,राजू खान, इरफान आलम,जहीर अंसारी, शाहनवाज आलम, पप्पू खान, मोहम्मद शोएब, मोहम्मद नन्हे, सादिक अंसारी,साबिर अंसारी, नासिर अंसारी,मोहम्मद गुड्डू,राजा अख्तर, मोहम्मद सद्दाम, मोहम्मद अंसारउल सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।इधर दूसरी ओर क्षेत्र के कल्याणपुर,न्यूमंगरदाहा और पुरानीराय में भी मुहर्रम का निशान जुलूस निकाला गया, जिसमें काफी संख्या में लोग शामिल हुए।

# रक्तदान टीम मानवाधिकार खलारी को बेहतर कार्य के लिए मिला अवॉर्ड



**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रिम्स राँची के सभागार में स्वेच्छिक रक्तदान शिविर आयोजकों को रक्तदान के प्रति बेहतर कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया. जिसमें सुदूर ग्रामीण क्षेत्र खलारी में रक्तदान के प्रचार प्रसार कर लोगों को जागरूक कर राँची जिले में रक्तदान के लिए बेहतर कार्य करने के लिए डकरा खलारी की रक्तदान महादान टीम ह्यूमन राइट्स इक्विलिटी फाउंडेशन को अवॉर्ड से नवाजा गया. कार्यक्रम के आयोजक रिम्स प्रबंधन ने कहा कि खलारी की टीम निरन्तर लोगों को रक्तदान के फायदे बता कर समाजिक स्तर पर लोगों के द्वारा भारी मात्रा में रक्त संग्रहित कर रिम्स ब्लड बैंक का सहयोग किया जाता रहा है. खलारी रक्तदान टीम के रक्तदान शिविर का उत्साह देखने लायक होता है. कोयलांचल में रक्तदान की शुरुआत कर यह टीम लोगों को रक्तदान के प्रति जागने का काम कर रही ही.जिसके कारण आज खलारी में लोग जागरूक हैं. इसमें इस टीम की मुख्य भूमिका है. बताते चलें कि इस टीम के द्वारा 24 घंटे जरूरतमंद लोगों को हमेशा ब्लड उपलब्ध कराया जाता रहा है. इसके प्रभाव से लोग जागरूक होकर रक्तदान के प्रति रुचि ले रहे है. 2015 से लगातार रक्तदान के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए संस्था को राज्य स्तर पर सम्मान मिल चुका है. संस्था के तरफ से अनिता यादव, सुखराम सेठ एवं अनुज कुमार को अवॉर्ड देकर सम्मानित किया गया. वहीं कार्यक्रम में मुख्य रूप से अपर मुख्य सचिव झारखंड सरकार अरुण कुमार सिंह, रिम्स के डीन डॉ विद्यापति, सुपरिटेंडेंट डॉ.हीरेन्द्र बिरुवा, उपाधीक्षक डॉ.शैलेश त्रिपाठी जेएससीए उपाध्यक्ष अजयनाथ शाहदेव, रिम्स ब्लड बैंक प्रभारी डॉ.सुषमा कुमारी, एसोसियेट प्रोफेसर डॉ.उषा सरोज, डॉ.चंद्रभूषण उपस्थित थे.

# केडीएच रोड सेल चालू नही हुआ तो 31 को होगी जोरदार बन्दी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** रैयत विस्थापित मोर्चा की समीक्षा बैठक गुरुवार को जामडीह में हुई.जिसकी अध्यक्षता दामोदर गंझू ने किया.मोर्चा ने कहा कि पुरे सीसीएल में कोल इण्डिया की आर एंड आर पॉलिसी के तहत रैयत विस्थापित के रोजगार के लिए रोड सेल दिया गया था.लेकिन केडीएच परियोजना में चल रहे रोड सेल में रोजगार को कुछ गैर रैयतों के द्वारा बन्द कराने का प्रयास किया जा रहा है.यही गैर रैयतों ने सोशल मिडिया पर यहाँ के मूल रैयतों के विरुद्ध अभद्र टिप्पणी किया जा रहा है. जबकि जेहलीटाँड़ में मूलवासी आदिवासी रैयत के जमीन पर घर बना कर सीसीएल से मुआवजा भी लिया. और अब वही गैर रैयत यहां के मूल रैयतों को आखें दिखा रहे हैं.पूर्व मैं केडीएच विस्तारीकरण के क्रम में केडीएच परियोजना के द्वारा प्रबंधन ग्रामीण एवं सुरक्षा कमिटी गठन कर सभी घरों का मापी किया गया उस कमिटी की मिलीभगत से जेहलीटॉड में 440 घरों का मापी कर चिन्हित किया गया था. जिसमें लगभग 260 घरों का मुआवजा सीसीएल द्वारा भुगतान किया जा चुका है.जिसमे अधिकांश घरों का मुआवजा फर्जी कागजात् एव गलत वंशावली बना कर पूर्व मुखिया के द्वारा सत्यापन कर एव सीसीएल एवं ?चल के मिली भगत से सीसीएल को करोड़ों रुपये का बन्दर बांट किया गया.जो अब जांच का विषय है.मोर्चा प्रबंधन से मांग करती की 260 घरो का जो मुआवजा दिया गया है उसे जांच कर चिन्हित किया जाय और उस पर कानूनी कार्रवाई की जाय .मोर्चा ने कहा कि फर्जी कागजात बनाकर लिए गए मुआवजा मामले को लेकर जांच एजेंसियों को पत्र दिया जायगा . जरूरत पड़ने पर उच्च न्यायालय का भी सहारा लिया जायगा. वर्तमान में सीसीएल प्रबंधन के उदासीन रवैये को देखते हुए केडीएच ,रोहिणी विस्तारीकरण तथा रोहिणी करकट्टा ओसीपी परियोजना में यहां के रैयत सीसीएल को जमीन देने में रैयत विस्थापित तैयार नहीं है.मोर्चा ने कड़े शब्दों में सीसीएल प्रबंधन को चेतावनी दी है कि केडीएच रोड सेल सुचारू रूप से चालू करे अन्यथा मोर्चा आनेवाले दिनों में बड़ा आंदोलन करने को बाध्य होगी.जिसकी सारी जिम्मेवारी सीसीएल प्रबंधन की होगी.बैठक में 31 की बन्दी की सफल बनाने के लिए सभी गांव में बैठक करने का निर्णय लिया गया.इस मौके पर रैयत विस्थापित मोर्चा के एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता, रंथू उरांव,प्रखंड प्रमुख सोनी तिग्गा, नेहा उरांव, मुखिया दीपमाला कुमारी, शांति देवी,संतोष कुमार महली,अनिता एक्का, जगरनाथ महतो, जालिम सिंह,विनय खलखो नरेश गझू ,रामलखन गंझू, अमृत भोगता, श्यामजी महतो,सुनील यादव,शिवनाथ भोगता, राजेंद्र उरांव, रामधारी गंझू, कुलदीप प्रसाद,विनय उरांव,सोनू कुमार आदि मौजूद थे.

# कुज्जू ओ पी क्षेत्र अंतर्गत एक महिला का संदेहास्पद स्थिति में शव पाया गया

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ जिले के कुजू ओपी क्षेत्र अंतर्गत के डटमा मोड स्थित एक घर में देर रात संदेहास्पद स्थिति में एक महिला का शव पाया गया है घर पर सिर्फ महिला और उसका तीन साल बेटा था। पडोसियो ने इसकी सूचना कुजू पुलिस को दी, सूचना पाकर कुज्जू पुलिस वहां पहुंचकर महिला का शव बरामद कर लिया और शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है, वही पुलिस इस मामले में मृतक महिला शबनम ( 24 वर्षीय ) के शौहर मो बेताब और उसके पड़ोसी अरमान को हिरासत में लेकर पूछ ताछ कर रही है। मो बेताब शादी के बाद अपनी पत्नी के साथ कुजू ओपी क्षेत्र के डटमा मोड में एक किराए के मकान में रहकर कुजू क्षेत्र में ही ट्रक गैराज में रिपेयर का काम किया करता था। इस मामले मांडू सर्किल इंस्पेक्टर आर पी सिंह ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर पूरा मामला पता चल पाएगा ।

# कटकमदाग में नमो फुटबॉल टूर्नामेंट संचालन समिति का हुआ गठन

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सदर विधायक मनीष जायसवाल द्वारा आयोजित होने वाले नमो फुटबॉल टूर्नामेंट- 2023 के भव्य आगाज की तैयारी शुरू हो गई है। कटकमदाग प्रखंड में आगामी 20 अगस्त से 27 अगस्त 2023 तक यह टूर्नामेंट चलेगा। इसके लिए बीते दिनों विधायक मनीष जायसवाल कटकमदाग प्रखंड क्षेत्र के सभी गांव की प्रमुख भाजपा कार्यकर्ता और फुटबॉल प्रेमियों के साथ एक बैठक की थी। जिसके बाद बुधवार की देर शाम को विधायक मनीष जायसवाल के निर्देश पर उनके कार्यालय सभागार में नमो फुटबॉल टूर्नामेंट संचालन समिति की एक बैठक संपन्न हुई। यह बैठक हुलास प्रसाद कुशवाहा की अध्यक्षता में हुई।

## झारखण्ड सरकार
## कार्यालय : जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गुमला

SP आवास के पास, करमटोली रोड, गुमला–7209721521 Email Id- fisheriesgumla2018@gmail.com

### सरकारी तालाब के पट्टेदार के लिए अंतिम सूचना

एतद् द्वारा सभी राजस्व तालाब के बकायेदारों/बकायेदार समिति को विभागीय परिपत्र संख्या 114 दिनांक 18.01.1992 के आलोक में अंतिम रूप से सूचित किया जाता है कि उनके द्वारा तालाब बन्दोबस्ती का बकाया राजस्व नहीं जमा करने के कारण तालाब बन्दोबस्ती को रद्द करते हुए Certificate Case किया जा चुका है/किया जा रहा है । अतः सभी बकायेदारों/बकायेदार समिति को सूचित किया जाता है कि विज्ञापन प्रकाशन के 07 दिनों के अन्दर बकाया राजस्व जमा कर बन्दोबस्ती को जारी रख सकते है । आपके द्वारा यदि समय पर कार्यालय में राजस्व जमा नहीं किया जाता है तो आपके साथ की गई राजस्व तालाब/तालाबों की बन्दोबस्ती रद्द समझा जाए एवं मत्स्य शिकारमाही हेतु भी बकायेदारों/बकायेदार समिति को कोई भी अतिरिक्त समय नहीं देते हुए, इच्छुक व्यक्ति या समिति को तालाब बन्दोबस्ती हेतु सूचना प्रकाशित कर दी जाएगी, जिसके लिए आप स्वयं जिम्मेवार होंगें ।

**बकायेदारों/बकायेदार समिति की सूची :–**

| क0 | जलकर का नाम | प्रखण्ड | खाता संख्या | प्लॉट संख्या | रकबा ए0में | बकाया वर्ष | बकाया राशि | बकायेदार/बकायेदार समिति का नाम एवं पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | गम्हरिया तालाब | घाघरा | 250 | 399, 398 | 2.29 | 2022–23 | 50000.00 | श्री शशि उराँव,पिता–स्व0 सोमरा उराँव, ग्राम+पोस्ट–गम्हरिया, पंचायत–नौडीहा, प्रखण्ड–घाघरा |
| 02 | खरका बाँध | गुमला | 119 | 134 | 5.18 | 2022–23 | 5100.00 | गुमला प्रखण्ड मत्स्य जीवी सहयोग समिति लि0, ग्राम–डुमरला, प्रखण्ड–गुमला। |
| 03 | फोरी धुर्वाटोली तालाब | गुमला | 287 | 2328 | 0.66 | 2022–23 | 900.00 | |
| 04 | सुरसुरिया तालाब | गुमला | 152 | 813 | 6.68 | 2022–23 | 2500.00 | |
| 05 | मुरूम सोकरा तालाब 02 | गुमला | | 516 | 0.75 | 2022–23 | 400.00 | |
| 06 | मड़वा तालाब | गुमला | 274 | 1150 | 0.64 | 2022–23 | 1500.00 | |
| 07 | डुमरला तालाब 03 | गुमला | 108 | 735 | 0.67 | 2022–23 | 2500.00 | |
| 08 | पोकमा बाँध | गुमला | 151 | 598 | 3.59 | 2022–23 | 9200.00 | |
| 09 | बड़ा खटंगा तालाब 03 | गुमला | 115 | 866 | 0.78 | 2022–23 | 1000.00 | |
| 10 | टोटो गढ़ पोखर | गुमला | 228 | 1049 | 1.08 | 2022–23 | 4000.00 | |
| 11 | टोटो टैंक तालाब | गुमला | 288 | 923 | 0.78 | 2022–23 | 600.00 | |
| 12 | बसुआ तालाब 02 | गुमला | 295 | 943 | 0.80 | 2022–23 | 2400.00 | |
| 13 | बसुआ बाँध | गुमला | 295 | 2731 | 0.50 | 2022–23 | 2500.00 | |
| 14 | फोरी तालाब 02 | गुमला | 287 | 2079 | 0.91 | 2022–23 | 1050.00 | |
| 15 | भलदमचट्टी तालाब | गुमला | 83 | 43 | 1.10 | 2022–23 | 5500.00 | |
| 16 | ढिढौली तालाब | गुमला | 165, 166 | 816, 812 | 5.51 | 2022–23 | 7050.00 | |
| 17 | डुमरला तालाब | गुमला | 108 | 735 | 0.67 | 2022–23 | 16500.00 | |
| 18 | पतिया तालाब | गुमला | 176 | 1976 | 1.30 | 2022–23 | 4500.00 | |
| 19 | डुमरला तालाब | गुमला | 108 | 988 | 0.88 | 2022–23 | 30000.00 | |
| 20 | छोटा लोरो तालाब | गुमला | 231 | 380 | 0.40 | 2022–23 | 1100.00 | |
| 21 | केरकी बाँध 01 | गुमला | 103 | | 0.46 | 2022–23 | 400.00 | |
| 22 | केरकी बाँध 01 | गुमला | 103 | 588 | 0.44 | 2022–23 | 200.00 | |
| 23 | बसुआ तालाब 04 | गुमला | 295 | 1947 | 1.79 | 2022–23 | 1800.00 | |
| 24 | पोकमा तालाब | गुमला | 151 | 151 | 1.79 | 2022–23 | 1000.00 | |

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गुमला ।

PR.NO.303416 Fish(23-24):D

## –: कार्यालय :–
## प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, लातेहार वन प्रमण्डल।

### -: आवश्यक सूचना :-

**भारतीय वन अधिनियम 1927 (बिहार संशोधन अधिनियम 1989) की धारा–52 के अंतर्गत अधिहरण वादों की सूचना।**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि लातेहार वन प्रमण्डल, लातेहार अन्तर्गत जप्त वाहनों से संबंधित विभिन्न वादों में सुनवाई हेतु अगली तिथि 11.08.2023 निर्धारित की जाती है :–

| क्र0 स0 | अधिहरण वाद संख्या | वाद प्रारम्भ की तिथि | अभियुक्त का नाम | वाहन का प्रकार/वाहन संख्या | जप्त वन पदार्थ |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 16/2019 | 16.07.2019 | कृष्णा प्रसाद | टेम्पू रजि नं0 JH-19-1880 | कोयला सात बोरा |
| 02 | 19/2022 | 04.06.2022 | क्यूम अंसारी<br>उमा देवी | टेम्पू रजि नं0 JH-03AB-6914<br>टेम्पू रजि नं0 JH-01BB-2445 | जलावन लकड़ी |
| 03 | 35/2022 | 01.011.2022 | इनोद तुरी | ट्रक रजि नं0 JH-02AF-1522 | कोयला 25.20 मि0 टन |
| 04 | 16/2022 | 09.04.2022 | अनिल कुमार<br>बब्लू कुमार यादव<br>ललन कुमार यादव | ट्रैक्टर रजि नं0 JH-13-2758<br>ट्रैक्टर रजि नं0 JH-19-4051<br>ट्रैक्टर रजि नं0 JH-08E-8879 | कोयला लगभग 09 टन |
| 05 | 32/2023 | 12.07.2023 | राकेश कुमार सिंह | ट्रैक्टर रजि नं0 JH-19C-3824 | केन्दु पता 19 बोरा |
| 06 | 14/2023 | 28.04.2023 | रियाजुल उर्फ अजूल | ट्रैक्टर रजि नं0 JH-19A-5973 | कोयला लगभग 02 टन |
| 07 | 16/2023 | 03.05.2023 | आमीर | मोटरसाईकल रजि0 नं0–HR27H4276 | कोयला लगभग 03 टन |
| 08 | 31/2023 | 06.07.2023 | अजित गंझू | - | साल बोटा–38 पीस |
| 09 | 25/2023 | 02.06.2023 | अरविन्द प्रसाद<br>ओनल कुमार तुरी<br>मनिष उरांव | मोटरसाईकल रजि0 नं0–JH-03K-5301 मोटरसाईकल रजि0 नं0–JH-19D-5906 मोटरसाईकल रजि0 नं0–JH-19B-2933 | कोयला 750 कि0ग्रा0 |
| 10 | 02/2023 | 10.01.2023 | गुलजार अहमद | ट्रक रजि नं0 JH-01BE-8393 | साल बोटा– 81 पीस |
| 11 | 33/2023 | 14.07.2023 | आरिफ अंसारी | मोटरसाईकल रजि0 नं0–JH-03AE-9347 | कोयला लगभग 0.20 टन |
| 12 | 29/2023 | 16.06.2023 | सुमन्त कुमार | ट्रैक्टर रजि नं0 JH-08D-9761 | बल्ली साल– 31 पीस |
| 13 | 28/2023 | 17.06.2023 | रामचन्द्र साव<br>विजय साहू<br>उमेश यादव<br>कविता देवी | मोटरसाईकल रजि0 नं0–JH-19D-0346 मोटरसाईकल रजि0 नं0–JH-01CD-8675 मोटरसाईकल रजि0 नं0–JH-13A-1353 | कोयला 800 कि0ग्रा0 |
| 14 | 30/2023 | 20.06.2023 | संजय सिंह<br>भोला सिंह | ट्रैक्टर रजि नं0 JH-13E-1915<br>ट्रैक्टर रजि नं0 JH-08D-0696 | पत्थर तीन–तीन टन |
| 15 | 20/2023 | 15.05.2023 | सुबोध गंझू | मोटरसाईकल रजि0 नं0–JH-01BG-1282 | कोयला 80 कि0ग्रा0 |
| 16 | 21/2023 | 15.05.2023 | संतोष यादव<br>हंसराज प्रसाद | पिकअप रजि नं0 JH-01T-0899 | साल चौखठ 12 पीस |
| 17 | 17/2023 | 07.05.2023 | जगरनाथ साव | मोटरसाईकल रजि0 नं0–JH-08B-7336 | कोयला लगभग 400 कि0ग्रा0 |
| 18 | 19/2023 | 10.05.2023 | रूपेश कुमार<br>धरमेन्द्र कुमार<br>उपेन्द्र कुमार | पिकअप भैन रजि नं0 JH-01P-1314 | कोयला लगभग 100 सी0एफ0टी0 |
| 19 | 27/2023 | 05.06.2023 | बिपिन किशोर यादव | पिकअप भैन रजि नं0 JH-03G-6419 | सखुआ चौखठ 51 पीस |

समाचार पत्र के माध्यम से उपर्युक्त सभी अभियुक्तों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 07.06.2023 को 02:00 बजे अपराह्न में प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, लातेहार वन प्रमण्डल के न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करेंगे, अन्यथा यह समझा जायेगा कि आपको इस विषय में कुछ नहीं कहना है तथा एकतरफा सुनवाई करते हुए जप्त वन पदार्थ को सरकार के पक्ष में अधिहरित कर लिया जायेगा।

प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–
वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
लातेहार वन प्रमण्डल।

PR 303368 (Forest, Environment and Climate Changes) 23-24 (D)

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

कोल्हान

रांची, शुक्रवार, 28 जुलाई 2023| पेज 5


# मणिपुर हिंसा रोकने को राष्ट्रपति से गुहार

## युनाइटेड फोरम फॉर पीस एंड जस्टिस ने सात सूत्री मांग पत्र भेजा




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** मणिपुर में पिछले 80 दिनों से जारी नस्लीय हिंसा पर स्थाई रोक लगाने की मांग पर शहर की संस्था, यूनाइटेड फोरम फॉर पीस एंड जस्टिस, के बैनर तले महामहिम राष्ट्रपति द्रोपति मुर्मू से गुहार लगाई गई।मणिपुर हिंसा की न्यायिक जांच सुप्रीम कोर्ट के सीटिंग जस्टिस से कराने एवं इसमें राज्य मशीनरी की भूमिका की जांच कर उस रिपोर्ट को सार्वजनिक करने, जलाए गए चर्च, मंदिर एवँ घरों को राज्य की ओर से पुनर्निर्माण, मृतकों के आश्रितों को दस- दस लाख रूपए मुआवजा एवं सरकारी नौकरी देने, कूकी-माईती संघर्ष को स्थाई विराम तथा राजनीतिक निदान के लिए राज्य पुनर्गठन आयोग का गठन कर वहां के लोगों की भावना के अनुसार समाधान करने, दंगाइयों, हत्यारों, दुष्कर्मियों के खिलाफ राष्ट्रद्रोह का मुकदमा कर स्पीडी ट्रायल चलाने, गवाहों के लिए विटनेस सिक्योरिटी एक्ट के तहत सुरक्षा देने, दुष्कर्म की पीड़ित महिलाओं को सरकारी नौकरी देने जैसी मांग की गई।फोरम की ओर से राष्ट्रपति से निवेदन किया गया कि वे खुद महिला हैं और जनजातीय वर्ग से हैं, सामाजिक उत्पीड़न को झेला है और ऐसे में उन्हें चुप्पी तोड़ने तथा संवैधानिक अधिकारों का प्रयोग करने की जरूरत है। वही प्रधानमंत्री से भी कहा गया कि वे हिंसा पर रोक लगाने का हर राजनीतिक संवैधानिक कदम उठाए क्योंकि पूरी दुनिया में भारत की छवि को दाग लग रहा है, और इन जैसे घटनाओं से लोकतन्त्र खत्म होते जा रही है द्यविभिन्न धर्म, जाति, वर्ग,भाषा से संबंधित सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि यूनाइटेड फोरम के बैनर तले बंगाल क्लब साकची के सामने एकत्र हुए और फिर जुलूस की शक्ल में अंबेडकर चौक पहुंचे वहां उन्होंने बाबा साहब को श्रद्धांजलि दी और मणिपुर घटना में मारे गए लोगों के प्रति संवेदना जताते हुए दो मिनट का मौन रखा। फिर उपायुक्त कार्यालय में पहुंचकर राष्ट्रपति को प्रेषित मांग पत्र उपायुक्त डॉ विजया जाधव को सौंपा और इसकी प्रति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राज्यपाल झारखंड एवं मुख्यमंत्री झारखंड को भी भेजी गई।इसमें मुख्य रूप से माझी बाबा डिमना दीपक मुर्मू, सीजीपीसी प्रधान भगवान सिंह, फादर अल्विन और विंसेंट डेविड, बोधी समाज सचिव प्रदीप बरुआ, कमल, प्रज्ञा बरुआ, जनजाति समाज डेमका सोय, जामा मस्जिद कमेटी के सचिव जवादुल हुसैन, सुमित राय, रियाज शरीफ, खालिद भाई, सबान बारला, नेशनल क्रिश्चियन काउंसिल के राजू सोलोमन, केंद्रीय रविदास समाज से हरि बालक रविदास, रविदास समाज से भोला रविदास, सुबोध रविदास, अधिवक्ता भवेश कुमार, रविंदर प्रसाद, अधिवक्ता कुलविंदर सिंह, मदन मोहन, गोवानीज फ्रेडरिक डिसूजा, सुमित कर, गुरनाम सिंह, गुरशरण सिंह, अनवर हुसैन, सऊद आलम, परवेज, नेहा, गुड़िया, सीमा, रोशनी सहित बड़ी संख्या में सभी धर्म और संस्कृति के महिलाएं शामिल थी।

### जिला दण्डाधिकारी-सह- उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने किया पदभार ग्रहण, बोले

# पंचायत होंगे विकास कार्यों के केन्द्र बिन्दु

## उपायुक्त ने वरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक में विधि व्यवस्था की समीक्षा कर दिए आवश्यक दिशा-निर्देश







### जिले के कई अच्छी यादें हमेशा साथ रहेंगी : विजया जाधव

इस अवसर पर निवर्तमान उपायुक्त विजया जाधव ने कहा कि उपायुक्त के रूप में पूर्वी सिंहभूम जिला में पहला पदस्थापन था, कई अच्छी यादें इस जिले की हमेशा साथ में रहेंगी। विकास कार्यों का क्रियान्वयन उनकी पहली प्राथमिकता रही, जिले ने कई इंडिकेडर में बेहतर किया है, कुछ पाइपलाइन में हैं जिसका अपेक्षित परिणाम आने वाले दिनों में जरूर परिलक्षित होंगे।

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** पूर्वी सिंहभूम जिला के 23वें जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त के रूप में 2011 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी मंजूनाथ भजंत्री ने निवर्तमान जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त विजया जाधव से पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर नवपदस्थापित उपायुक्त ने कहा कि जिले में विधि व्यवस्था का बेहतर संधारण एवं विकास कार्यो का सफल क्रियान्वयन उनकी प्राथमिकता होगी । उन्होने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का समयबद्ध रूप मे धरातल पर उतारने का प्रयास रहेगा ताकि सभी सुयोग्य व्यक्ति तथा समाज के अंतिम छोर तक विकास योजनाओं को पहुंचाया जा सके । उन्होने कहा कि पंचायत को सशक्त बनाने तथा प्रखंड एवं अंचल कार्यालय की सक्रियता बढ़ाने तथा अनुशासित रखने पर विशेष बल रहेगा ताकि ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को योजनाओं का लाभ सुगमता से पहुंचाया जा सके, किसी कार्य के लिए बार-बार सरकारी कार्यालयों का चक्कर नहीं लगाना पड़े। उन्होने कहा कि विकास कार्यो के केन्द्र बिन्दू में पंचायत रहेंगे।

**अनुशासन के साथ दायित्वों का करें निर्वहन, आपस में कम्यूनिकेशन गैप नहीं रहे-**

पदभार ग्रहण के पश्चात नव पदस्थापित उपायुक्त ने समाहरणालय सभागार में एसएसपी प्रभात कुमार, डीडीसी मनीष कुमार, एसडीएम धालभूम पीयूष सिन्हा, एडीसी जयदीप तिग्गा समेत अन्य वरीय एवं विभागीय पदाधिकारियों के साथ बैठक कर विधि व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होने कहा कि 29 जुलाई को मनाये जाने वाले मुहर्रम के त्यौहार को लेकर सभी थाना क्षेत्रों में शांति समिति एवं जिला स्तरीय केन्द्रीय शांति समिति की बैठक हो चुकी है। उन्होने स्पष्ट कहा कि जिले में शांतिपूर्ण तरीके एवं आपसी सौहार्द्र के वातावरण में त्यौहार मनाये जाएं, राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। शांति एवं विधि व्यवस्था बनाये रखने के लिए दण्डाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों तथा पुलिस बल के प्रतिनियुक्ति का संयुक्त आदेश जारी हो चुका है। सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारी अनुशासित तरीके से ससमय ड्यूटी स्थल पर अपने वरीय को रिपोर्ट करेंगे, बिना पूर्वानुमति के ड्यूटी से गायब नहीं रहेंगे और ना ही जिला मुख्यालय छोड़ेंगे। साथ ही सोशल मीडिया की निगरानी का निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार से भ्रामक खबरों का प्रसार नहीं होने पाए जिससे विधि व्यवस्था के संधारण में कोई बाधा उत्पन्न हो । उपायुक्त ने विकास कार्यो तथा राजस्व संग्रहण के कार्यो को भी प्राथमिकता में रखते हुए सभी इंडेकिटेर में अपेक्षित प्रगति लाने की बात कही। मौके पर सिविल सर्जन डॉ. जुझार माझी, निदेशक डीआरडीए सौरभ सिन्हा, जिला आपूर्ति पदाधिकारी श्री राजीव रंजन, एलआरडीसी रविन्द्र गागराई, जिला परिवहन पदाधिकारी दिनेश रंजन, एसडीएम घाटशिला सत्यवीर रजक, जिला योजना पदाधिकारी अरूण द्विवेदी, जिला पंचायती राज पदाधिकारी डॉ. रजनीकांत मिश्रा, जिला कृषि पदाधिकारी मिथिलेश कालिंदी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार तथा तकनीकी विभागों के पदाधिकारी व अन्य उपस्थित थे।

### पटमदा लैम्पस में किसानों ने देखा किसान समृद्धि केंद्र शुरुआत का सीधा प्रसारण

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** केंद्र सरकार ने किसानों के हितार्थ कृषि संबंधित समस्याओं के त्वरित निराकरण की दिशा में क्रांतिकारी कदम उठाते हुए किसान समृद्धि केंद्र की स्थापना की है। जिसका विधिवत शुरुआत गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजस्थान के सीकर जिले से किया। इसी कड़ी में भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष मुचीराम बाउरी के नेतृत्व में कई किसानों ने पटमदा लैम्पस में बड़ा एलईडी टीवी के माध्यम से सीधा प्रसारण का लाभ उठाया। पटमदा लैम्पस में किसान रामपद महतो, जगदीश महतो, विक्रम सिंह, जितेन रुहिदास, प्रधान महतो, सालगे सोरेन, व लालटू सिंह आदि किसान मौजूद थे।

### अपहृत बच्चा नहीं मिलने से रो रो कर परिजनों का हुआ बुरा हाल



**ईचागढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के मिलन चौक से अपहृत 8 वर्षीय बच्चा नागेन्द्र राठौर का तीन दिन बीतने के बाद भी कोई खबर नहीं मिलने पर परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। नागेन्द्र के मां पिता दर दर खोजबीन कर लोगों से बच्चा ढुंढने में मदत करने का गुहार लगा रहे हैं। नागेन्द्र के पिता मनेजर राठौर द्वारा ईचागढ़ थाना में भी बुधवार को सुचना दिया गया है। परिवार के साथ बुंडू, सिल्ली ,राहे आदि जगहों में भी जाकर खोजबीन किया गया, मगर कहीं सुराग नही मिला। बताया जा रहा है कि मंगलवार को करीब दो बजे बच्चा मिलन चौक में था और तब से घर नहीं लौटा।

### राजद प्रदेश महासचिव अर्जुन प्रसाद ने की मणिपुर घटना की निंदा

**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राजद प्रदेश महासचिव अर्जुन प्रसाद यादव ने मणिपुर घटना की तीव्र निंदा करते हुए राष्ट्रपति से राज्य सरकार को बर्खास्त करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि भाजपा शासन में महिलाओं के साथ इस तरह की घटना आम हो गई है। देश में शोषित, दलित व पिछड़ों तथा का जीना मुश्किल हो गया है। कहा कि भाजपा दूसरे राज्यों में जहां विपक्षियों की सरकार है वहां छोटी सी घटना पर भी नैतिकता की दुहाई देकर इस्तीफे की मांग करती है। यादव ने मणिपुर घटना पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा गृह मंत्री अमित शाह से भी त्यागपत्र देने की मांग की। उन्होंने कहा कि देश में लोकतंत्र खत्म हो गया है।

### क्षेत्र निरीक्षण के दौरान बीडीओ ने बच्चों के संग बैठकर चखा मध्यान्ह भोजन

**ईचागढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ईचागढ़ प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी किकू महतो ने प्रखंड क्षेत्र का भ्रमण व औचक निरीक्षण के दौरान उत्क्रमित मध्य विद्यालय रघुनाथपुर में बच्चों के साथ जमीन पर बैठकर मध्यान्ह भोजन चखकर गुणवत्ता का जांच किया। उन्होंने सोड़े ,बामनडीह, हाड़ात, पिलीद, कुटाम,सितु , रघुनाथपुर सहित कई गांवों में जाकर प्राथमिक,उच्च व मध्य विद्यालय, आंगनबाड़ी केन्द्र, मनरेगा योजना आदि का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने आंगनबाड़ी भवनों को जल्द पूरा करने का भी निर्देश सक्षम पदाधिकारियों को दिया। निरीक्षण के दौरान बीपीओ निपेन प्रधान भी उपस्थित थे।

### बिना मिट्टी की चारा उत्पादन करने का विधि सीखा

**नीमडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरायकेला खरसावां जिला के नीमडीह प्रखंड परिसर में जोहार परियोजना के तहत जे एस एलपीएस कर्मी ने बिना मिट्टी की नर्सरी बनाने के विधि प्रशिक्षण दिया गया। गांव के महिला को इस प्रकार की नर्सरी से रोजगार हेतु एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित किया। किसान मित्र ,जे एस एल पी एस कर्मी, पीजी ग्रुप के महिला को एप के जरिए खेती करने एवं किसान के बीज तैयार पर खेत में कम लागत से अधिक उपज के विधि का भी प्रशिक्षण दिया गया। डोमों प्लांट के माध्यम से प्रत्येक लाभुक को लगभग 7,500 रूपए मिलता है।इस प्रकार से बीज का चारा बनाने में खर्च कम पड़ता है।एक हजार चारा निकालने के लिए लगभग पांच रुपए खर्च आता है।एक पौधे का बिक्री कम से कम दो रुपया मिलता है।

## रानी गुप्ता ने नये उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री का शॉल ओढ़ाकर किया अभिनंदन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** सृष्टि महिला विकास सहयोग समिति लि की अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय भ्रष्टाचार नियंत्रण संगठन की उप निदेशक रानी गुप्ता ने जिला समाहरणालय पूर्वी सिंहभूम कार्यालय परिसर में निवर्तमान उपायुक्त विजया जाधव को बेहतर कार्यों के लिए संस्था की ओर से स्मृति चिन्ह प्रदान किया, वही नवनियुक्त उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री को सम्मान स्वरूप शॉल ओढ़ाकर स्वागत अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर सृष्टि महिला विकास सहयोग समिति के अन्य सदस्य भी मौजूद थे।

## कांग्रेस आरटीआई विभाग के चेयरमेन कमलेश कुमार का प्रदेश स्तर पर हुआ अनुशंसा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे ने पूर्वी सिंहभूम कांग्रेस आरटीआई विभाग का चेयरमेन कमलेश कुमार मुंशी, मुहल्ला मकदमपुर निवासी को जिले भर में आरटीआई विभाग के कार्य को गति प्रदान करने के लिए तथा प्रखण्ड स्तर एवं मण्डल स्तर पर संगठन विस्तार के लिए निर्देश दिया है तथा आरटीआई विभाग के वरीय नेता को संगठन सेवा के लिए प्रदेश स्तर पर अनुशंसा किया जाएगा। साथ ही जिलाध्यक्ष के निर्देशानुसार बिरसानगर मण्डल कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष के रूप में गुरूपदो गोराई को नियुक्त किया गया तथा संगठनात्मक सशक्तिकरण को बुथ स्तर पर मजबूत करने के लिए दिशा-निर्देश भी दिया।

## जल्द शुरू होगा औद्योगिक क्षेत्र की जर्जर सड़क व नाला का निर्माण, सर्वेयर टीम ने किया निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र की जर्जर सड़क और नाली का निर्माण शीघ्र प्रारम्भ होगा। इसके लिए डीपीआर बनना हुआ शुरू हो गया है। जियाडा बोर्ड बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार आरसीडी (रोड कंस्ट्रक्शन डिपार्टमेंट) ने डीपीआर तैयार करने के लिए क्रिएटिव इंजीनियरिंग सर्विसेज को काम सौंपा है। इसके जूनियर इंजीनियर द्वारा गुरुवार को जियाडा के सहायक अभियंता एन चौधरी के साथ औद्योगिक क्षेत्र की सभी जर्जर सड़कों का सर्वे किया किया गया। इस दौरान उद्यमी संगठन एसिया के अध्यक्ष इंदर अग्रवाल, लघु उद्योग भारती के उपाध्यक्ष दशरथ उपाध्याय, एसिया सचिव पिंकेश माहेश्वरी आदि भी मौजूद थे। जियाडा के सहायक अभियंता एन चौधरी ने बताया कि अभी डीपीआर तैयार किया जा रहा है, जिसके बाद प्रशासनिक स्वीकृति के उपरांत संभवतः आगामी सितंबर 2023 माह से सड़क और नाली निर्माण शुरू हो जाएगा।

## भारत रत्न जेआरडी टाटा की जयंती के अवसर पर गोपाल मैदान में एयरो मॉडलिंग शो कल

### सुबह जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में वॉकथॉन का भी आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** भारत रत्न जेआरडी टाटा की जयंती समारोह के उपलक्ष्य में 29 जुलाई को गोपाल मैदान में एयरो मॉडलिंग शो का आयोजन किया जाएगा।सुबह 9 बजे से 10:30 बजे के बीच होने वाला कार्यक्रम जमशेदपुर के सभी नागरिकों के लिए खुला है। एयरो मॉडलिंग शो ने एक परंपरा के रूप में वर्षों से सराहना बटोरी है, और यह शो इंटरैक्टिव डिस्प्ले एवं उल्लेखनीय मॉडल विमानों की एक शानदार प्रदर्शनी होगा। बहुप्रतीक्षित शो में प्लेन नाइट्रो इंजन, टरबाइन इंजन से लेकर इलेक्ट्रिक इंजन तक विभिन्न आकार और प्रकार के लगभग 12 मॉडल विमानों का प्रदर्शन किया जाएगा। कुछ मॉडलों को प्रदर्शित करने और उड़ाने के लिए जमशेदपुर और कोलकाता की टीम एक साथ सहयोग करेगी। इसमें विमानों और अन्य मॉडलों का स्टैटिक डिस्प्ले भी होगा। शो के दौरान फन क्यूब, स्लो स्टिक और ट्विन इलेक्ट्रिक जैसे विमान उड़ाए जाएंगे।इसके अलावा, इस अवसर का जश्न मनाने के लिए जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स और अन्य स्थानों पर विभिन्न खेल कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 29 जुलाई की सुबह जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में एक वॉकथॉन का भी आयोजन किया जा रहा है जिसमें जमशेदपुर के नागरिक भाग ले सकते हैं।

## लोकसभा में सांसद संजय सेठ ने सरकार से किया आग्रह, स्वर्णरेखा परियोजना की सीबीआई जांच हो



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**तिरुलडीह :** चांडिल डैम और विस्थापितों से जुड़ी समस्या को लेकर सांसद संजय सेठ ने लोकसभा में आवाज उठाई। सांसद ने इस पूरी परियोजना की सीबीआई जांच की मांग की है। नियम 377 के तहत सांसद ने लोकसभा में अपनी बात रखते हुए कहा कि 1976 में संयुक्त बिहार था, उस समय झारखंड के चांडिल में स्वर्णरेखा बहुउद्देशीय परियोजना लाई गई। उस परियोजना के तहत स्वर्णरेखा नदी पर बड़ा बांध बनाना था, और इस से बिजली उत्पादन, सिंचाई सहित कई उद्देश्यों के लिए उपयोग किया जाना था। परियोजना को आए हुए 45 साल से अधिक हो गए परंतु अब तक यह परियोजना पूर्ण नहीं हो पाई।सांसद सेठ ने सदन में कहा कि 1976 में 150 करोड रुपए की लागत से शुरू हुई परियोजना आज 14 हजार करोड रुपए से अधिक के लागत की हो चुकी है। बावजूद इसके न तो विस्थापितों को न्याय मिल पाया ना तो यह परियोजना पूर्ण हो पाई। परियोजना के कारण 116 गांव बुरी तरह प्रभावित हुए और इसके 19000 से अधिक परिवार विस्थापित हुए। आज भी जब बरसात का पानी डैम पर बढ़ता है तो इस क्षेत्र के सैकड़ों गांव जलमग्न हो जाते हैं। सालों भर विस्थापितों की समस्याएं चलती रहती हैं। सदन के माध्यम से उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि परियोजना के आरंभ काल से लेकर अभी तक हुए कार्यों की सीबीआई से जांच कराई जाए ताकि विस्थापितों को न्याय मिल सके।

## अंतराष्ट्रीय वीरांगना फाउंडेशन ने सोनारी में स्कूली बच्चों के बीच किया छाता वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** अंतर्राष्ट्रीय वीरांगना फाउंडेशन की अंतरराष्ट्रीय महामंत्री भारती सिंह के आदेशानुसार सोनारी में दयानंद स्कूल में बच्चों के बीच जाकर सभी वीरांगनाओं ने मिलकर छाता बाटी। इस प्रोग्राम को सफल बनाने में सीमा सिंह, रजनी सिंह अर्चना सिंह, विभा सिंह, रूबी सिंह अंजली सिंह, प्रीति सिंह, मिनी सिंह प्रतिमा सिंह, सविता सिंह, सुनीता सिंह बबली सिंह, नीलम सिंह रेनू सिंह, किरण सिंह, इंदू सिंह, गुड़िया सिंह चित्रलेखा सिंह, आशा सिंह, विनीता सिंह, माला सिंह, आशा सिंह बिंदु सिंह, प्रीति सिंह, धृति सिंह, रिद्धि सिंह, सुनीता सिंह सभी लोग मिलकर इस प्रोग्राम को सफल बनाने में सभी वीरांगनाओं का योगदान रहा।

## झामुमो नेता महाबीर मुर्मू ने पार्टी कार्यकर्ता के पिता के श्राद्धकर्म हेतु की मदद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** पटमदा प्रखंड अंतर्गत लच्छीपुर पंचायत के चूड़दा ग्राम निवासी झामुमो के सक्रिय कार्यकर्ता राजू कर्मकार के पिता का निधन की सूचना पाकर गुरुवार को झामुमो नेता महाबीर मुर्मू उनके घर पहुंचे और शोक संतप्त परिवारों से मिलकर ढांढस बंधाया। इस दौरान उन्होंने श्राद्धकर्म हेतु राजू को सूखा राशन देकर मदद की। इस दौरान मुख्य रूप से विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू, सुभाष कर्मकार, अश्वनी महतो, पप्पू उपाध्याय, मनोज तांती, विश्वामित्र दास, करन कालिंदी, रॉकी सिंह, मानिक महतो, संजय सिंह आदि उपस्थित थे।

# करीम सिटी कॉलेज में झारखंड के दो महान शायरों पर गेस्ट लेक्चर आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** करीम सिटी कॉलेज के उर्दू स्नातकोत्तर विभाग के तत्वधान में एक गेस्ट लेक्चर आयोजित किया गया, जो दो पालियों में आयोजित हुआ। पहली पाली में महान उर्दू शायर प्रकाश फिकरी पर तथा दूसरी पाली में शायक मुजफ्फरपूरी पर व्याख्यान हुआ। दोनों महान शायरों का संबंध झारखंड से था। आमंत्रित वक्ता शहर के प्रसिद्ध साहित्यकार एवं कवि प्रोफेसर अहमद बद्र थे। पहली सभा की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य डॉ मोहम्मद रेयाज ने की तथा दूसरी पाली की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष डॉ अफसर काजमी ने की। प्रो अहमद बद्र ने प्रकाश फिकरी के बारे में कहा कि उनका संबंध आधुनिकता से था और उनकी शायरी में जमाने का दर्द मुख्य विषय बनकर उभरता है लेकिन शायक मुजफ्फरपूरी की शायरी में प्रगतिशीलता के साथ-साथ आधुनिकता की भी झलक मिलती है और उनकी रचनाओं में उदासीनता के विपरीत आशावादिता दिखाई देती है। इस कार्यक्रम में डॉ फिरोज इब्राहिमी, प्रो मोहम्मद ईसा, डॉ उधम सिंह, डॉ शाहनवाज अहमद, डॉ मुजाहिदुल हक आदि प्राध्यापकों के अलावा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। सभा का संचालन डॉ शहबाज अंसारी ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ अफसर काजमी ने किया।

## नए उपायुक्त से जिलावासियों को बहुत उम्मीद : पप्पू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** सोनारी थाना शांति समिति के सचिव एवं वरीय अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू ने जिला के नए उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री को पदभार ग्रहण पर बधाई दी है और कहा है कि उनसे जिला की जनता को ढेर सारी उम्मीदें हैं।देवघर में उनके द्वारा जनहित में लिए गए निर्णय एवं कार्यों की संपूर्ण देश में काफी सराहना होती है। वह बिना किसी दबाव में फैसले लेते रहे हैं और इसका फायदा सही लाभुकों को मिलता रहा है।नीति आयोग में उन्होंने लंबी सेवा दी है और इसका लाभ अवश्य ही इलाके के सुदूर ग्रामीण इलाके में रहने वाले लोगों को भी मिलेगा। चूंकि वे खुद साधारण परिवार से आए हैं और अपने मेधावी पन के बदौलत आईआईटी मुंबई जैसे संस्थान से डिग्री हासिल की है।सुधीर कुमार पप्पू के अनुसार जिस तरह से उन्होंने ग्रामीण परिवेश में रहकर नवोदय विद्यालय से अपना शैक्षणिक उपलब्धि हासिल की है।

### सरायकेला खरसावां के नए पुलिस अधीक्षक डॉ विमल कुमार ने किया पदभार ग्रहण, बोले

# जिले को अपराध मुक्त करना पहली प्राथमिकता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** डॉ विमल कुमार गुरुवार को जिला मुख्यालय सरायकेला पहुंचकर नए पुलिस अधीक्षक के रूप में पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर निवर्तमान पुलिस अधीक्षक आनंद प्रकाश सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी भी पुलिस कार्यालय में मौजूद थे। पुलिस अधीक्षक डॉ विमल कुमार ने कहा कि जिले में किसी प्रकार के अपराध को पनपने नहीं दिया जाएगा। जिले को अपराधमुक्त करना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि कम्युनिटी पुलिसिंग को बढ़ावा देने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। पुलिस व पब्लिक के बीच कैसे समन्वय स्थापित हो इसका प्रयास किया जाएगा। ताकि पब्लिक पुलिस से दूर नहीं बल्कि पुलिस के नजदीक आ सके।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




## संपादकीय

# नियमों में फंसी चर्चा

**संसदीय** सदन शर्तों और जिद से नहीं चला करते। सदन की कार्यवाही न तो प्रधानमंत्री, न कोई मंत्री और न ही विपक्ष तय कर सकते हैं। लोकसभा स्पीकर और राज्यसभा सभापति को कुछ विशेषाधिकार प्राप्त हैं। वे 'कार्य मंत्रणा समिति' के परामर्श से सदन को संचालित कर सकते हैं। शेष सदन के लिए कई नियम भी बनाए गए हैं। सांसद के नोटिस को किस रूप में, किस नियम के तहत, स्वीकार किया जाए, यह भी पीठासीन अध्यक्ष का विशेषाधिकार है अथवा वे ध्वनि-मत से सदन के बहुमत की राय ले सकते हैं। अब मणिपुर के मुद्दे पर कांग्रेस की मांग है कि पहले प्रधानमंत्री संसद के भीतर बोलें और सरकार का पक्ष रखें। उसके बाद विपक्ष तय करेगा कि चर्चा किस आधार पर करनी है। चर्चा के नियम क्या होने चाहिए? संसद के भीतर विपक्ष की यह अडियल मांग 'असंसदीय' है, क्योंकि यह परोक्ष रूप से प्रधानमंत्री के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव है। यदि मणिपुर की हिंसा और धधकते माहौल के मद्देनजर, विपक्ष अविश्वास प्रस्ताव पेश करना चाहता है, तो यह उसका संसदीय अधिकार है, लेकिन वह प्रस्ताव भी बेमानी साबित होगा। सरकार के पक्ष में प्रचंड बहुमत आज भी है। शायद इसीलिए विपक्ष राज्यसभा में नियम 267 के तहत चर्चा पर आमादा है, क्योंकि उसमें बहस के बाद मत-विभाजन का प्रावधान है। बेशक राज्यसभा में भाजपा-एनडीए का बहुमत नहीं है, लेकिन वे इतने भी अल्पमत में नहीं हैं कि विपक्ष को बहुमत हासिल हो जाए। सत्ता-पक्ष नियम 176 के तहत चर्चा का पक्षधर है, जिसके तहत अधिकतम अढाई घंटे तक ही चर्चा की जा सकती है, लेकिन सभापति उसकी अवधि बढ़ा भी सकते हैं। विपक्ष 'नैतिकता' को लेकर मणिपुर के लिए अढाई घंटे को नाकाफी समय मान रहा है। हालांकि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े, लोकसभा में द्रमुक सांसद टीआर बालू और तृणमूल कांग्रेस संसदीय दल के नेता सुदीप बंदोपाध्याय से फोन पर बातचीत कर गतिरोध को समाप्त करने का अनुरोध किया। संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने भी अपील की, लेकिन विपक्ष अपनी शर्त और जिद पर अड़ा है कि पहले प्रधानमंत्री दोनों सदनों में अपना वक्तव्य दें। उसी के बाद चर्चा पर कोई निर्णय होगा। बीते सोमवार को गृहमंत्री अमित शाह ने भी लोकसभा में कहा कि मणिपुर पर सरकार चर्चा को तैयार है, लेकिन न जाने क्यों विपक्ष चर्चा से भाग रहा है। सारांश यह है कि सदन की कार्यवाही आरंभ की जाती है, लेकिन कुछ ही मिनटों के बाद कार्यवाही को अगले दिन तक स्थगित करना पड़ता है। क्या संसद इसी तरह काम करती रहेगी? संसद को चलाना सत्ता-पक्ष का दायित्व इसलिए माना जाता है, क्योंकि विधेयक आदि सभी कुछ सरकार तैयार करती है, सदन का प्रारूप तय करती है कि कब, क्या कार्यक्रम होगा? क्या विषय होंगे? कौन से दस्तावेज सदन के पटल पर रखे जाएंगे। अलबत्ता संसद चलाने का दायित्व दोनों पक्षों का है, क्योंकि लोकतंत्र में दोनों की भूमिकाएं अनिवार्य हैं। लिहाजा संसद के भीतर का हंगामा और गतिरोध देशहित में नहीं है। यह दलील कबूल नहीं की जा सकती कि भाजपा ने विपक्ष में रहते हुए ऐसे ही गतिरोध पैदा किए थे और पूरा का पूरा सत्र हंगामे की बलि चढ़ जाता था। संसद किसी भी तरह की प्रतिशोधात्मक राजनीति का अड्डा नहीं है। संसद राष्ट्रीय है। बहरहाल मणिपुर का भयावह यथार्थ यह है कि करीब 65,000 लोग विस्थापित हो चुके हैं। 5000 से ज्यादा घरों में आगजनी की गई है। बीते एक पखवाड़े में करीब 13,000 लोगों को हिरासत में लिया गया है। मणिपुर में 160 से ज्यादा मौतें हो चुकी हैं। क्या ऐसे जलते मणिपुर पर संसद में चर्चा नहीं होनी चाहिए।


सांसद के नोटिस को किस रूप में, किस नियम के तहत, स्वीकार किया जाए, यह भी पीठासीन अध्यक्ष का विशेषाधिकार है अथवा वे ध्वनि-मत से सदन के बहुमत की राय ले सकते हैं। अब मणिपुर के मुद्दे पर कांग्रेस की मांग है कि पहले प्रधानमंत्री संसद के भीतर बोलें और सरकार का पक्ष रखें। उसके बाद विपक्ष तय करेगा कि चर्चा किस आधार पर करनी है। चर्चा के नियम क्या होने चाहिए? संसद के भीतर विपक्ष की यह अडियल मांग 'असंसदीय' है, क्योंकि यह परोक्ष रूप से प्रधानमंत्री के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव है। यदि मणिपुर की हिंसा और धधकते माहौल के मद्देनजर, विपक्ष अविश्वास प्रस्ताव पेश करना चाहता है, तो यह उसका संसदीय अधिकार है, लेकिन वह प्रस्ताव भी बेमानी साबित होगा। सरकार के पक्ष में प्रचंड बहुमत आज भी है। शायद इसीलिए विपक्ष राज्यसभा में नियम 267 के तहत चर्चा पर आमादा है, क्योंकि उसमें बहस के बाद मत-विभाजन का प्रावधान है। बेशक राज्यसभा में भाजपा-एनडीए का बहुमत नहीं है, लेकिन वे इतने भी अल्पमत में नहीं हैं कि विपक्ष को बहुमत हासिल हो जाए।


## बोधि वृक्ष

# इस तरह चिंताओं से मुक्त होकर जीवन का लें आनंद

**क्या** आपके साथ कभी ऐसा हुआ है कि आपने किसी चीज के लिए पूरे मन से मेहनत की हो, आपको लगा हो कि ऐसा होगा या वैसा होगा और फिर नतीजा आपकी सोच से बिलकुल अलग निकला हो? ऐसे में हम निराश हो जाते हैं। लगने लगता है कि जीवन कठिन है। कभी-कभी तो हम यहां तक सोचने लगते हैं कि मेहनत करने का क्या मतलब है? मेहनत करने के बाद भी हमें वह परिणाम नहीं मिलता है जो चाहिए। हम सबके मन में कभी न कभी ऐसे विचार आते हैं। भगवद्गीता में भगवान श्रीकृष्ण कहते हैं, हम जो कार्य करते हैं उसके परिणाम के पीछे बहुत सारी चीजें जुड़ी हुई हैं जो हमारे हाथ में नहीं हैं। जो चीज हमारे हाथ में ही नहीं है, उसके बारे में हम कैसे आशा कर लें कि जो हमें चाहिए वही होगा। मन में इस बात की गांठ बांध लेना कि जो परिणाम आप चाहते हैं उसी से आपको खुशी मिलेगी, अक्सर दुख और हताशा का कारण बन जाता है। मैं आपको उदाहरण देती हूं। 6 साल के एक बच्चे को एक दिन उसकी मां ने कहा कि जब वह शाम को स्कूल से आएगा तब उसे गुलाब जामुन देगी।



अब बच्चा पूरा दिन खुश था। स्कूल में उसने कोई शैतीनी नहीं की, टीचर की हर बात मानी और पूरे दिन मन लगा कर पढ़ाई की। स्कूल छूटते ही भाग कर घर आया तो उसने देखा कि मां तो लड्डू लिए खड़ी है। अब बच्चा निराश हो गया। उसका मन तो गुलाब जामुन पर अटका हुआ था। वह रोया, रूठा और ऐसे ही सो गया। न उसे लड्डू मिला और न गुलाब जामुन। हममें से कई लोग ऐसे बच्चे की हंसी उड़ाएंगे कि अरे इसमें क्या हुआ! लड्डू मिल रहे हैं तो लड्डू का मजा लो। लेकिन क्या हम इस बात को अपने ऊपर लागू करते हैं? जब कोई चीज हमारे मन के अनुसार नहीं हो रही होती है, तब क्या हम उसी बात पर मन नहीं बांध लेते? हमारा मन उसी से इतना जुड़ जाता है कि हम अपने जीवन और आसपास जो कुछ भी अच्छा चल रहा होता है उसे बिल्कुल अनदेखा कर देते हैं। जीवन से कर्म से रूठ जाते हैं और मुंह फुला कर किसी कोने में बैठ जाते हैं, क्यों? क्योंकि परिणाम वह नहीं निकला जिसकी हम उम्मीद कर रहे थे। हम तो इस बात पर भी ध्यान नहीं देते कि शायद किसी चीज का ना होना हमारी भलाई के लिए ही था। शायद उस दिन गुलाब जामुन न खाना हमारे लिए अच्छा था। दूसरा उदाहरण रिश्तों से लेते हैं। कभी-कभी हम कोई रिश्ता बनाने के लिए सब कुछ करते हैं। पर वह रिश्ता जुड़ता नहीं है। फिर हमें लगता है जिंदगी कितनी क्रूर है। हमने सब कुछ किया, इतना प्यार दिया फिर भी हमें प्यार क्यों नहीं मिला? हम यह नहीं सोचते कि भगवान हमें ऐसे रिश्ते में बांधने से रोक रहे हैं जिसमें दूसरे व्यक्ति को हमारे प्यार और भावनाओं की कद्र ही नहीं। हम भले अपना अच्छा-बुरा भूल जाएं लेकिन भगवान कभी हमारे साथ बुरा नहीं होने देंगे। इसलिए जब भी आपके साथ वह हो रहा हो जो आपने नहीं सोचा था, तो याद रखिए कि भगवान आपके साथ जो कर रहे हैं उसमें आपके साथ अच्छा ही होगा। आपकी सोच से ज्यादा ही आपको मिलेगा। इसलिए सारी चिंता छोड़ दीजिए और जीवन का आनंद लीजिए।

## हमारे माता-पिता पुरातन संस्कारों और रीति-रिवाजों का निर्वहन करते हैं

# स्कूली शिक्षा में संस्कार

**डा. वरिंद्र भाटिया**


शिक्षा और संस्कार एक-दूसरे के पूरक हैं। शिक्षा मनुष्य के जीवन का उपहार है जो व्यक्ति के जीवन की दिशा और दशा दोनों बदल देती है और संस्कार जीवन का सार है जिसके माध्यम से मनुष्य के व्यक्तित्व का निर्माण और विकास होता है। जब मनुष्य में शिक्षा और संस्कार दोनों का विकास होगा, तभी वह परिवार, समाज और देश के विकास की ओर अग्रसर होगा। शिक्षा का तात्पर्य सिर्फ किताबी ज्ञान ही नहीं, बल्कि चारित्रिक ज्ञान भी होता है जो आज की इस भागदौड़ वाली जिंदगी में हम भूल चुके हैं। हम अपने बच्चों को अच्छे स्कूलों में दाखिला दिलाकर संतुष्ट हो जाते हैं, परन्तु यह हमारी लापरवाही है जो हमारे बच्चों को गुमराह कर रही है। आज के अधिकांश बच्चे संभ्रांत तो हैं, पर विवेकशील नहीं।


**भारतीय** शिक्षा प्रणाली में छात्रों को संस्कार दिए जाना लगभग नगण्य होता जा रहा है। यह एक चिंता का विषय होना चाहिए। शिक्षा और संस्कार एक-दूसरे के पूरक हैं। शिक्षा मनुष्य के जीवन का उपहार है जो व्यक्ति के जीवन की दिशा और दशा दोनों बदल देती है और संस्कार जीवन का सार है जिसके माध्यम से मनुष्य के व्यक्तित्व का निर्माण और विकास होता है। जब मनुष्य में शिक्षा और संस्कार दोनों का विकास होगा, तभी वह परिवार, समाज और देश के विकास की ओर अग्रसर होगा। शिक्षा का तात्पर्य सिर्फ किताबी ज्ञान ही नहीं, बल्कि चारित्रिक ज्ञान भी होता है जो आज की इस भागदौड़ वाली जिंदगी में हम भूल चुके हैं। हम अपने बच्चों को अच्छे स्कूलों में दाखिला दिलाकर संतुष्ट हो जाते हैं, परन्तु यह हमारी लापरवाही है जो हमारे बच्चों को गुमराह कर रही है। आज के अधिकांश बच्चे संभ्रांत तो हैं, पर विवेकशील नहीं। भारतीय संस्कृति में संस्कारों का महत्त्वपूर्ण स्थान है। समाज में पुरुष प्रधान व्यवस्था होने के उपरांत भी महिलाओं को बराबरी का दर्जा एवं बराबर का सम्मान देने की प्रथा है। तथाकथित आधुनिक समाज आधुनिकता का हवाला देकर पुरातन संस्कारों को दकियानूसी बताकर, दुत्कार रहा है और अंग्रेजी सभ्यता को अपना रहा है। हमारी मातृभाषा, मातृभूमि की उपेक्षा होने के कारण संस्कारों के अभाव में आधुनिक समाज का चारित्रिक पतन, अपराधीकरण एव धनलोलुप हो जाना आम है, जो युवाओं को कुप्रवृत्तियों की तरफ धकेल कर नशा आदि का आदी बना देता है। इससे हमारे देश का भविष्य चिंतनीय हो सकता है। यह अत्यंत चिंता का विषय है कि रोजगार की तलाश में, सुंदर भविष्य का सपना संजोए ग्रामीण भारत, कर्मठ भारत शहरों और विदेशों को पलायन कर रहा है। यहां यह बात ध्यान देने की है कि पुरातन संस्कारों की नींव अत्यंत गहरी है अन्यथा भारतीय समाज अपनी वास्तविक पहचान कब का खो चुका होता। हमारे माता-पिता पुरातन संस्कारों और रीति-रिवाजों का निर्वहन करते हैं। धार्मिक स्थलों का भ्रमण कर उन पर आस्था प्रकट करते हैं। यह बच्चों के कोमल हृदय पर अचूक छाप छोड़ता है। समाज के बदलाव के लिए व्यक्ति में अच्छे गुणों की आवश्यकता होती है और उसकी नींव हमें हमारे बच्चों की बाल्यावस्था में ही रखनी पड़ती है। बच्चों को तीन गुण आत्मसात करवाने की आवश्यकता है। ज्ञान, कर्म और श्रद्धा। इन्हीं तीन गुणों से उनके जीवन में बदलाव आएगा और वे परिवार, समाज और देश सेवा में आगे बढ़ेंगे। आज जो राष्ट्रव्यापी अनैतिकवाद प्रदूषण हमारे समाज और देश को



दूषित कर रहा है उसका कारण सिर्फ बच्चों में संस्कार और शिक्षा का अभाव है जिसका दोषी कौन है? हम झूठे दिखावे के लिए अपने भारतीय अमूल्य संस्कारों के प्रति उदासीन होते जा रहे हैं। पाश्चात्य सभ्यता का आंख मूंद कर अनुसरण करना ही हमें और हमारे बच्चों को पथभ्रष्ट कर रहा है। इसे रोकना होगा। हम समझें कि शिक्षा का अंतिम लक्ष्य सुंदर चरित्र है। शिक्षा मनुष्य के व्यक्तित्व के सभी पहलुओं का पूर्ण और संतुलित विकास करती है। बच्चों में सांसारिक और आध्यात्मिक शिक्षा दोनों की नितांत आवश्यता है क्योंकि शिक्षा हमें जीविका देती है और संस्कार जीवन को मूल्यवान बनाते हैं। शिक्षा में ही संस्कार का समावेश है। अगर हम अपने बच्चों में भारतीय संस्कृति, भारतीय परम्पराएं, भाईचारा, एकता आदि का बीजारोपण करते हैं तो उनमें खुद-ब-खुद संस्कार आ जाते हैं जिसकी जिम्मेदारी माता-पिता, परिवार और शिक्षक की होती है। आज हम अनेक विद्यालयों में देखते हैं कि शिक्षा केवल नाम के लिए रह गई है, शिक्षा के द्वारा प्राचीन समय में हमें ज्ञान तथा नैतिक मूल्यों को सिखाया जाता था। परन्तु आज यह बहुत बड़ा प्रश्न हमारे सामने उठ खड़ा हुआ है कि आज की शिक्षा प्रणाली के जरिए हम वही ज्ञान और नैतिक मूल्यों को अर्जित कर रहे हैं, शिक्षार्थियों को केवल उत्तीर्ण करने के लिए उन्हें ज्ञान दिया जाता है, या फिर कह सकते हैं कि उन्हें तैयार किया जाता है! शिक्षा में संस्कारों की कमी के चलते आज के युवा पीढ़ी के विद्यार्थी हर वो अनुचित कार्य कर रहे हैं जिसके करने के विचार से ही मन घबरा एवं सहम सा जाता है। क्या सही मायने में हम उन्हें सही ज्ञान और आदर्श सिखा रहे हैं? आखिरकार यह जिम्मेदारी किसकी है? माता-पिता की, शिक्षक की, विद्यालय की या पूरे समाज की, या सबसे अहम भूमिका सरकार की सतर्कता के साथ सदैव कार्यशील एवं तत्पर रहना ही हमारे अच्छे भविष्य का निर्माण कर सकती है। कड़वा सच है कि आज के इस युग में शिक्षक की भी परिभाषा बदल गयी है। इतने सारे अनैतिक कार्य कुछेक शिक्षकों के द्वारा किये जाते हैं जिनकी हम कभी परिकल्पना भी नहीं कर सकते हैं और दोषारोपण केवल आज की शिक्षा प्रणाली एवं समाज और सरकार पर ही किया जाता है। ये कई हद तक सही भी है, परन्तु एक विद्यार्थी के साथ एक शिक्षक को भी अपने आदर्शों का मान रखना चाहिए! शिक्षक नाम के गर्व को बनाये रखना चाहिए। कहते हैं एक मछली पूरे तालाब को गन्दा करती है, उसी प्रकार किसी एक या दो शिक्षकों के गलत कार्यों के द्वारा कहीं न कहीं पूरे शिक्षक समाज पर इसके छींटे पड़ते हैं और इन छींटों को हमारे शिक्षक समाज को मिलकर ही दूर करना होगा। हमें अपने नाम के आगे गौरव की वो शिक्षा स्थापित करनी होगी जिसे पार करना या वहां तक पहुंचना किसी भी चरित्रहीन व्यक्ति के बस की बात न हो! भ्रष्टाचार, आतंक, असमानता, जातिवाद, सभी का आधार कहीं न कहीं शिक्षा ही बनती जा रही है! शिक्षा के बल पर दुनिया जीती जा सकती है, परन्तु आज की शिक्षा व्यवस्था और उससे जुड़े लोग यह कथन असत्य कर रहे हैं! आजकल घूस, दलाली, चोरी, एक खुला व्यापार सब शिक्षा जगत में आसानी से प्रवेश कर चुका है। और हो न हो ये कहीं न कहीं नैतिक मूल्यों की कमी और उसके हनन का ही एक ज्वलंत परिणाम हमारे सामने उभर कर आया है। क्या हमने सोचा है कि ज्ञान के नाम पर हम आज क्या परोस रहे हैं, जिससे आने वाले भविष्य में क्या परिणाम होगा, इसका शायद किसी को अंदाजा भी नहीं है या फिर अंदाजा कभी लगाया ही न गया हो। जरा भी विचार हुआ होता तो शायद कुछ सुधार हो गए होते। इन सबके बीच नैतिक मूल्य तो कहीं भी दिखाई ही नहीं पड़ते हैं। संस्कार का मतलब अशिक्षित बनना नहीं है। संस्कार का मतलब है सही शिक्षा पाना। शिक्षा का मतलब केवल किताबी ज्ञान नहीं है। किताबी ज्ञान तो कोई भी पा सकता है, लेकिन संस्कार युक्त शिक्षा ऐसी शिक्षा है जो ज्ञान के साथ-साथ जीवन को भी पवित्र बनाए। आजकल लोग कैरेक्टर की उपेक्षा करते हैं, केवल कैरियर बनाने की बात सोचते हैं। हमारी संस्कृति केवल कैरियर की बात नहीं करती, हमारी संस्कृति कैरियर से ज्यादा चरित्र की बात करती है। दुनिया के क्षेत्र में आगे बढने वाले लोग अगर अपने चरित्र के क्षेत्र में पिछड़ जाते हैं, तो ये उनके जीवन की बहुत बड़ी हानि है, ऐसी हानि से बचना चाहिए। अंत में कहना होगा कि हमारी स्कूली शिक्षा में सांस्कृतिक शिक्षा का संतुलित समावेश किया जाना चाहिए। इसके लिए पाठ्यक्रम संशोधित किए जाने चाहिए। हमारी चुनी हुई सरकारें इस मामले में शीघ्र पहल करें तो बेहतर होगा।

# अदम्य साहस की दास्तां कारगिल युद्ध


पाकिस्तान ने 21 फरवरी 1999 के लाहौर समझौते को दरकिनार करके नियंत्रण रेखा को पार करके कारगिल में मंसूबाबंदी को अंजाम देकर अपना असली चेहरा दिखा दिया था। कारगिल जंग के सूत्रधार जनरल परवेज मुशर्रफ, अजीज खान, महमूद अहमद तथा एफसीएनए के सरबराह जावेद हसन ने 17 मई 1999 को पाक सेना के 'ओजड़ी कैंप' में जब पाक वजीरे आजम को कारगिल मंसूबे की ब्रीफिंग पेश की तो नवाज शरीफ अमन का पैगाम देने वाली उस नज्म को भूलकर कश्मीर का आलमगीर बनने का ख्वाब मखसूस अंदाज में देखने लगे। नवाज शरीफ को अपनी भंयकर भूल का एहसास तब हुआ जब 12 अक्तूबर 1999 की सैन्य बगावत को अंजाम देकर पाक जम्हूरियत का कत्ल करने वाले अहम किरदार भी वही चार चेहरे बने जो कारगिल जंग के मास्टर मांइड थे।


**'जो** हम पे गुजरी बच्चों संग न होने देंगे हम जंग न होने देंगे'। 20 फरवरी 1999 को भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जब दिल्ली-लाहौर सदा-ए-सरहद नामक बस यात्रा के जरिए अमन का पैगाम लेकर पाकिस्तान पहुंचे तो पाक वजीरे आजम नवाज शरीफ ने लाहौर के गर्वनर हाउस में इस नज्म को पढक़र भारत के प्रधानमंत्री को खुशामदीद कहा था। लेकिन रिश्तों की गर्मजोशी जल्द ही अदावत में बदल गई। पाकिस्तान ने 21 फरवरी 1999 के लाहौर समझौते को दरकिनार करके नियंत्रण रेखा को पार करके कारगिल में मंसूबाबंदी को अंजाम देकर अपना असली चेहरा दिखा दिया था। कारगिल जंग के सूत्रधार जनरल परवेज मुशर्रफ, अजीज खान, महमूद अहमद तथा एफसीएनए के सरबराह जावेद हसन ने 17 मई 1999 को पाक सेना के 'ओजढ़ी कैंप' में जब पाक वजीरे आजम को कारगिल मंसूबे की ब्रीफिंग पेश की तो नवाज शरीफ अमन का पैगाम देने वाली उस नज्म को भूलकर कश्मीर का आलमगीर बनने का ख्वाब मखसूस अंदाज में देखने लगे। नवाज शरीफ को अपनी भंयकर भूल का एहसास तब हुआ जब 12 अक्तूबर 1999 की सैन्य बगावत को अंजाम देकर पाक जम्हूरियत का कत्ल करने वाले अहम किरदार भी वही चार चेहरे बने जो कारगिल जंग के मास्टर मांइड थे। लेकिन रक्त के समंदर पर दास्तान-ए-शुजात का शिलालेख लिखने वाले जांबाज शबनम की बूंदों से खौफजदा हो जाएं, यह मुमकिन नहीं। शूरवीरों के बुलंद इरादों को पहाड़ भी सजदे करते हैं। कारगिल क्षेत्र में पाक फौज की घुसपैठ की पुख्ता जानकारी के बाद 1999 के मई महीने में लद्दाख का प्रवेश द्वार कहे जाने वाले द्रास, कॉकसर, मश्कोह व बटालिक उपखंडों पर भारतीय सेना ने 'ऑपरेशन विजय' लॉन्च करके पाक सेना पर पूरी तजवीज से हमला किया तो कारगिल का महाज पाक फौज की कयामत का खौफनाक मंजर पेश करने लगा। आपरेशन 'कोह-ए-पैमा' के तहत कश्मीर हथियाने की जहालत भरी ख्वाहिश रखने वाले पाक सिपहसालारों को उम्मीद नहीं थी कि भारत इतनी शिद्दत से पलटवार करेगा कि कारगिल के पहाड़ पाक सेना की कब्रगाह साबित होंगे। 10 जून 1999 को भारतीय सेना ने एक भयंकर हमले में पाक सेना की 'सात एनएलआई' के कै. 'फरहत हसीब' 'सितारा-ए-जुर्रत' को उसके पूरे सैन्य दल के साथ हलाक करके वहीं सुपुर्दे खाक कर दिया। कारगिल में पाक फौज की बेरहमी से हो रही हलाकत से खौफजदा होकर पाक वजीरे खारजा अमन का पैरोकार बनकर 12 जून 1999 को दिल्ली में तशरीफ ले आए तो लर्जिश चेहरे पर झलक रही थी, मगर भारत ने मुजाकरात की पेशकश को ठुकरा दिया। सरताज अजीज बेआबरू होकर पाक वापस लौटे। 13 जून 1999 को '2 राजपूताना राइफल' ने तोलोलिंग चोटी पर पाक सैन्य कमांडर कै. अनवर खान को 'नार्दर्न लाइट' की पूरी कंपनी के साथ हलाक करके जहन्नुम की परवाज पर भेज कर तिरंगा फहरा दिया था। तोलोलिंग पर विजय युद्ध का निर्णायक मोड़ था। तोलोलिंग फतह के बाद भारतीय सेना का अगला लक्ष्य



प्वाइंट 5140 चोटी था। 17 हजार फीट की बुलंदी पर मौजूद 5140 शिखर पर सैन्य कार्रवाई का जिम्मा '13 जैकरिफ' को सौंपा गया था। 20 जून 1999 की रात को कै. विक्रम बत्रा तथा कै. संजीव जम्वाल के नेतृत्व में सेना ने जोखिम भरे रक्तरंजित मिशन को अंजाम देकर प्वांइट 5140 को पाक सेना के कब्जे से मुक्त कराया था। उस हमले में अहम किरदार अदा करने वाले हिमाचल प्रदेश के तीन शूरवीरों कै. संजीव जम्वाल, नायक देव प्रकाश व सूबेदार मेहर सिंह को सेना ने 'वीर चक्र' प्रदान किए थे। द्रास सेक्टर के प्वांइट 5140 पर तिरंगा फहराकर विक्रम बत्रा ने अपना विजयी कोडवर्ड 'ये दिल मांगे मोर' का सिग्नल नसर करके कारगिल की हदूद से आगे बढने की हसरत जाहिर की तो 'गजवा-ए-हिंद' का ख्वाब देखने वाले पाक हुक्मरानों को पीओके खोने का डर सताने लगा। भारतीय सेना के अचूक प्रहारों से मफलूज हो चुकी पाक फौज को कारगिल के पहाड़ों से महफूज निकालना पाक सिपहसालारों के लिए गले की फांस बन चुका था। अपनी हैसियत से बड़े अरमान रखने वाले परवेज मुशर्रफ की हनक खाक हो चुकी थी, केवल जीने की तलब जिंदा थी। आखिर अपनी सिपहसालारी की गैरत बचाने के लिए पाक जरनैलों ने 4 जुलाई 1999 को पाक वजीरे आजम को अमेरिका के आजादी इजलास में भेजकर बिल क्लिंटन की कदमबोसी करने पर मजबूर कर दिया। लेकिन भारतीय सैन्य पराक्रम के आगे पाकिस्तान के शरीक-ए-गम में कोई मुल्क शामिल नहीं हुआ। पाक आलमी सतह पर तन्हाई का शिकार हो चुका था।

## देश दुनीया से

# मणिपुर संघर्ष में औरतें क्यों बनीं निशाना

**आज** का वक्त विरोधाभासों और क्रूर विडंबनाओं का है। धर्म से हर पल पनाह मांगते लोगों की धर्म का रक्षक बनने की हिमाकत, स्त्री को नारायणी मानने का दम भरने के साथ उसकी अस्मिता को हर पल दांव पर लगाने की क्रूरता, समाज के कमजोर वर्गों की चुनावी हिमायत के साथ ही उनसे अकल्पनीय बर्बरता और इन सब के साथ अपने पर गर्व करने की मूर्खता। शायद इनसे हम पूरी तरह मुक्त तो कभी नहीं थे। ऐसा दोहरापन और आत्म-विरोध हमेशा ही हमारे साथ रहा है। लेकिन इसकी इतनी आत्मघाती स्वीकृति कभी नहीं रही, जितनी आज है। हमारे सामने एक ओर यह खुशनुमा पसमंजर है कि लड़कियां समाजिक जंजीरें काट रही हैं, निषिद्ध दुर्ग फतह कर रही हैं और बेवजह खींची हुई सीमाएं लांघ रही हैं। लेकिन साथ ही हम इस परिदृश्य के भी गवाह हैं कि स्त्रियों का जीवन अभी भी उसी जाल में फंसा हुआ है, जो उनकी अस्मिता और सम्मान के नाम पर उन्हें समाज के हर टकराव में घसीट कर उनकी देह को रणक्षेत्र बना देता है। स्त्री की अस्मिता को उसके शरीर तक सीमित कर देने की बेहूदी सोच युगों-युगों से चली आ रही है। द्वापर युग की मिथकीय द्रौपदी को निर्वस्त्र करने की जो हरकत कौरवों की राजसभा से शुरू हुई थी, वह आज तक जारी है। मणिपुर में भी हाल के दिनों में यही देखने को मिला। आलम यह है कि मामला पुरुषों के बीच का हो, दो जातियों या उप-जातियों के बीच का या धार्मिक समूहों या मात्र दो घरों के बीच का। टकराव में प्रतिद्वंद्वी को हराने मात्र से विजय पूरी नहीं होती। विरोधी पक्ष के कितने ही खज़ाने आप लूट लें, कितने ही समर्थक कब्जे में कर लें, प्रतिद्वंद्वी की स्त्रियों की देह न लूटी तो सब बेकार, ऐसा मर्दवादी सिद्धांत आमतौर पर चलता है। राजशाही भी जहां खत्म हुई, वहां बहुत कुछ बदला, लेकिन उसके अनुरूप मर्दवादी या पितृसत्तात्मक सोच नहीं बदली। न सिर्फ बदली नहीं, कभी-कभी यह सोच ज्यादा कट्टर और भयानक हुई क्योंकि स्त्रियों में संघर्षशीलता बढ़ने के साथ मर्दवादी सोच को घबराहट हुई और उसने अपने शिकंजे को ज्यादा पैना करने की कोशिश की। आख़रि स्त्री क्यों लपेट ली जाती है किसी भी लड़ाई में? शायद इसलिए कि वह प्रतिद्वंद्वियों का सबसे नाजुक बिंदु है और हर लड़ाई में हम अपने दुश्मन की सबसे नाजुक कड़ी पर हमला करना चाहते हैं। लेकिन स्त्री इतनी नाजुक कड़ी क्यों बना दी जाती है? शायद इसलिए कि हम लगातार स्त्री के लिए ही कहते हैं कि वह हमारे घर (समाज/कौम) की इज्जत है, सम्मान है। हम ऐसा कहते हैं, चाहे अपने घर और कौम में उसे अधिकारों से पूरी तरह वंचित रखें और उसके सम्मान पर हमला भी करते रहें। स्त्री को घर या बिरादरी का सम्मान मानते समय आमतौर पर जो रुख मिलता है, वह हमारे दोहरेपन को दिखाता है। एक तो यह कि हम पुरुष को घर या बिरादरी की इज्जत बिल्कुल भी उस अर्थ में नहीं मानते जिस अर्थ में स्त्री को मानते हैं। स्त्रियों पर पुरुषों के निजत्व के दावे के कारण वे किसी भी द्वंद्व में सबसे नाजुक कड़ी बन जाती हैं और हमलावर का पहला निशाना बनती हैं। अगर पुरुष और स्त्रियां दोनों समान रूप से घर की इज्जत माने जाएं तो शायद स्त्रियों की इस तरह की निशानदेही की एक वजह दूर हो जाए। लेकिन इसका सबसे बड़ा कारण तो वह वर्चस्ववादी प्रवृत्ति है, जिसे हम बचपन से 'पुरुषत्व' के नाम पर पोषित करते हैं और जो स्त्रियों के बढ़ते कदमों से आज बहुत आतंकित है। यह पुरुषत्व संवेदना और सहयोग की क्षमता को तिल-तिल मारता है और स्त्री के शरीर पर पुरुष की ताकत को सेलिब्रेट करता है, पुरुष की बर्बर संवेदनहीन ताकत पर ताली बजाता है। ऐसी सोच में पोषित मर्द के लिए स्त्री देह को कब्जे में करना और उसके ऊपर मर्दानगी के झंडे गाड़ना ही उसके 'असली मर्द' होने का प्रमाण है।


स्त्री की अस्मिता को उसके शरीर तक सीमित कर देने की बेहूदी सोच युगों-युगों से चली आ रही है। द्वापर युग की मिथकीय द्रौपदी को निर्वस्त्र करने की जो हरकत कौरवों की राजसभा से शुरू हुई थी, वह आज तक जारी है। मणिपुर में भी हाल के दिनों में यही देखने को मिला। आलम यह है कि मामला पुरुषों के बीच का हो, दो जातियों या उप-जातियों के बीच का या धार्मिक समूहों या मात्र दो घरों के बीच का। टकराव में प्रतिद्वंद्वी को हराने मात्र से विजय पूरी नहीं होती। विरोधी पक्ष के कितने ही खज़ाने आप लूट लें, कितने ही समर्थक कब्जे में कर लें, प्रतिद्वंद्वी की स्त्रियों की देह न लूटी तो सब बेकार, ऐसा मर्दवादी सिद्धांत आमतौर पर चलता है।


## नागरिक बोध

# कब तक यूं ही आहत होंगे

**पुनः** कुल्लू घाटी और आसमान से बिगड़े बादलों का खेल तहस-नहस कर गया, जहां जीने की उम्मीदें पलकों पे सवार थीं, वहां आशियाना लुट गया। गड़सा में बादल फटने का कहर हर तरह की संपत्ति पर नहीं बरपा, बल्कि अमन-चैन के वातावरण को भी आहत कर गया। फिर यहीं कहीं बादलों ने दो पुल लील दिए और लील दिए दो दर्जन घरौंदे। वे तमाम खिड़कियां बंद हो गईं, जहां से आती थी भविष्य की उम्मीदें। प्रदेश में अब तक करीब दो दर्जन पुल बह गए हैं, जबकि हर तरह की सडक़ों को कुरेद गई है बारिश। करीब छह दर्जन पुल बरसाती घावों के कारण यातायात के काबिल ही नहीं रहे। इस तरह अगर हिमाचल का मूल्यांकन करें, तो सामान्य स्थिति के विपरीत हम आपातकालीन स्थिति से गुजर रहे हैं। दरअसल आपदा प्रबंधन की तमाम तैयारियों के बीच हिमाचल राष्ट्रीय प्राथमिकताओं में हार रहा है। आश्चर्य यह कि पड़ोसी राज्यों के प्रशासन को हिमाचल के बड़े बांधों से शिकायत है, लेकिन बारिश में बहते पर्वतीय प्रदेश के बारे में देश ने आज तक कुछ हटकर नहीं किया। बारिश के तमाम कारणों का दोषी केवल पहाड़ नहीं, बल्कि राष्ट्रीय योजनाओं, बजटीय प्रावधानों, वित्तीय आबंटन के तौर तरीकों, शोध-अनुसंधान व तकनीक की कमी तथा पर्यावरणीय चिंताओं व जलवायु परिवर्तन के समाधानों में पर्वतीय राज्यों को बराबरी का दर्जा न देना, इस दिशा में पर्वतीय सुरक्षा को कमजोर करता है। आपदा प्रबंधन का राष्ट्रीय एजेंडा जिस बरसात, पानी, तूफान या अन्य चुनौतियों से जूझ रहा है, उससे कहीं भिन्न पर्वत के अपने अस्तित्व का संघर्ष है। यह प्रक्रिया समुद्र तटीय क्षेत्रों को समझने, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हवाओं या हवा की आद्र्रता-रुखेपन को जानने तथा अलग-अलग भौगोलिक परिस्थितियों एवं विक्षोभ को समझने की है। आपदा से बाहर निकलने के लिए हिमाचल ऐड़ी-चोटी का प्रयास करता रहा है और राहत एवं बचाव के कार्य इस बार भी बड़ी शिद्दत तथा सफलता के साथ चल रहे हैं, लेकिन मौसम के साथ जीने का हुनर ताकीद कर रहा है कि ऐसे अप्रत्याशित नुक्सान से बचने के लिए क्षेत्रों के आधार पर भेद्यता का विश्लेषण होना चाहिए। इसके लिए समाज की भूमिका, ग्रामीण एवं शहरी योजना में सुधार, आधुनिक जीवन शैली के दबाव कम करने के उपायों के अलावा निर्माण की आचार संहिता तय करनी होगी। इतना ही नहीं, कृषि प्रौद्योगिकी, आधुनिक उपकरणों का प्रयोग तथा जंगल को फिर से परिभाषित करने की जरूरत है। हमारा विकास कहीं तो भौगोलिक अवरोध पैदा कर रहा है। ऐसे में हर विभाग में भविष्य की चुनौतियों के समाधान के आंकड़ों का खुराफाती खेल भी समझना होगा। खास तौर पर विकास की दौड़ में बहुत कुछ नजरअंदाज हो रहा है। यह सडक़ व सरकारी भवन निर्माण से शुरू होकर निजी तौर पर इमारतों व व्यावसायिक परिसरों के निर्माण तक चिंता का विषय है। आश्चर्य यह कि हमारी विकास योजनाएं ज्यादातर वनापत्तियों से निजात पाने में ही समय गुजार देती हैं, जबकि निर्माण के लक्ष्य आगे चलकर घातक सिद्ध होते हैं। आवश्यक भूमि की कमी ने विकास को रेत का टीला बना दिया, यानी जहां और जैसी जमीन भी उपलब्ध हो, निर्माण शुरू हो जाता है। न शहरी विकास योजना का कोई अर्थ और न ही ग्रामीण विकास में नियोजन की जरूरत समझी गई। हैरानी तो यह कि सरकारी इमारतें भी निर्माण की आचार संहिता निर्धारित नहीं कर पाईं। प्रदेश की प्राथमिकताओं में आवासीय बस्तियों को ही अगर मांग के आधार पर सही ढंग से बसाया होता तो निर्माण की आवारगी में हादसे न होते। हिमाचल में जलवायु, पर्यावरण, बारिश, पानी और बर्फबारी के बदलते तेवरों को समझते हुए एक ओर नवनिर्माण की आचार संहिता व टीसीपी कानून का दायरा बढ़ाते हुए सशक्त करना पड़ेगा, जबकि दूसरी ओर पहाड़ों से जल प्रवाह को प्रलय के सुपुर्द करने से रोकना होगा। नदियों, नालों व खड्डों पर राज्यस्तरीय सर्वेक्षण से खनन के वैज्ञानिक आधार की अवहेलना तथा जल निकासी की स्थिति का पता लगाना चाहिए और साथ ही साथ नालों, खड्डों व नदियों के चैनलाइजेशन की राष्ट्रीय नीति बननी चाहिए।

# मुहर्रम पर्व को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** मुहर्रम पर्व को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक का आयोजन उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में की गई। बैठक में समन्वय समिति के सदस्ययों, मुहर्रम इंतेजामिया कमेटी के सदस्यों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं विभिन्न जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। शांति समिति की बैठक में उपायुक्त, एवं पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन ने संयुक्त रूप से मुहर्रम पर्व को शांति एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने हेतु विभिन्न बिंदुओं पर प्रकाश डाला।भड़काऊ भाषण, गीत, आपत्तिजनक तथ्यों को फैलाने एवं धार्मिक भावनाओं को आहत करने जैसी चीजों में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई किए जाने की बात कही गई। मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्वक मनाने हेतु सभी समुदायों के लोगों से आपसी समन्वय एवं सहयोग की भावना रखते हुए मनाने की अपील की गई।उपायुक्त अबु इमरान ने लॉ एंड ऑर्डर की पूरी व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने की बात कही। उन्होंने कहा सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। अगर किन्ही को यह जानकारी प्राप्त होती है की किन्ही के द्वारा सामाजिक समरसता बिगाड़ने या आपत्ति जनक पोस्ट,भड़काऊ पोस्ट किया जा रहा है तो इसकी जानकारी अविलंब जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन को दें।और आगे कहा पूर्व की भांति इस वर्ष भी आप सभी आम नागरिक शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाएंगे। संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी एवं थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक जुलूस आयोजकों से समन्वय स्थापित कर लें कि जुलूस निर्धारित रूट से ही निकाली जाएगी। और सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी और थाना प्रभारी अपने स्तर से रूट का भी जांच कर लें। पेय जल एवं स्वक्षता प्रमंडल चतरा एवं नगर परिषद चतरा को जिले में पेय जल की समुचित व्यवस्था बहाल करने का निर्देश दिया।निर्गत सरकारी गाइडलाइंस के तहत पर्व को मनाने की बात कहते हुए बताया कि जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन आपके सहयोग के लिए साथ हैं। उन्होंने विशेषकर इस बात का ध्यान रखने को दोनों समुदायों से कहा कि कोई भी असामाजिक तत्व भीड़ व मौके का फायदा उठाकर कोई गलत कृत्य नहीं कर पाए। प्रशासन अपना दायित्व निभाएगी। पर्व मनाने वाले आमजनों से भी लॉ एन्ड आर्डर का सम्मान करने एवं ध्यान में रखते हुए मनाने की बात कही गई।पुलिस अधीक्षक ने शांति समिति में आए लोगों को आश्वस्त किया की संवेदनशील जगहों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल के जवानों की तैनाती की जाएगी।प्रशासन विधि व्यवस्था की समस्या से निबटने के लिए पूरी तरह तैयार और तत्पर है।

# मुहर्रम पर्व को लेकर प्रशासन ने निकाला फ्लैग मार्च



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** मुहर्रम पर्व को लेकर प्रखंड प्रशासन ने गुरुवार को फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च में नागरिक और पुलिस प्रशासन दोनों के अधिकारी शामिल थे। फ्लैग मार्च का नेतृत्व अनुमंडल पदाधिकारी सुधीर कुमार दास कर रहे थे। मार्च में प्रखंड विकास पदाधिकारी नीतू सिंह, अंचल अधिकारी सीके दास, इंस्पेक्टर केपी चौधरी, थाना प्रभारी विवेक कुमार के साथ सशस्त्र बल शामिल थे। फ्लैग मार्च में सिमरिया चौक के विभिन्न मार्गो का भ्रमण किया गया। इसके अलावा मुहर्रम पर्व के सभी अखाड़ों का भी परिभ्रमण किया गया। यह फ्लैग मार्च पर्व के पूर्व विश्वास बहाली को लेकर निकाला गया ताकि पर्व शांति और सुरक्षित ढंग से संपन्न हो सके। गौरतलब है कि मुहर्रम का जुलूस 29 जुलाई को निकाला जाएगा। जुलूस के बाद हर्षनाथ पुर मैदान में मेले का भी आयोजन किया जाएगा। प्रखंड मुख्यालय में विभिन्न अखाड़ों द्वारा इसकी तैयारी की गई है। जबकि पर्व पर स्थानीय प्रशासन भी चुस्त-दुरुस्त दिखाई दे रहा है।

## रोजगार सेवक गंगवा उरांव सिमरिया क्षेत्र से लाखों रूपये लेकर हुआ चंपत



**सिमरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रोजगार सेवक सेवक गंगवा उरांव द्वारा लाखों रूपये की ठगी कर चंपत होने का मामला सामने आया। इस बाबत ग्रामीणों ने ठगी करने वाले रोजगार सेवक गंगा उरांव के विरुद्ध उपायुक्त से लिखित शिकायत की है। परंतु अभी तक लोगों को रूपये वापस नहीं किया गया है। जबकि रोजगार सेवक गंगवा उरांव पूर्व में टीपीसी का सहयोगी रह चुका है।ग्रामीणों का कहना है कि रोजगार सेवक ने कुआं, डोभा, बकरी सेड, गाय सेड आदि के नाम पर लगभग दर्जनों ग्रामीणों से लाखों रूपये का ठगी कर चंपत हो गया है। यह ठगी वर्ष 2021-22 की योजना के लिए किया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि रोजगार सेवक का ट्रांसफर फिलहाल हंटरगंज किया गया है। पूर्व में पुंडरा पंचायत के रोजगार सेवक के रूप में रह चुका है। फोन करने पर अब फोन नहीं उठाता है। जबकि कई ग्रामीण फोनपे के माध्यम से दिया है जिसका डिटेल भी उपायुक्त को ग्रामीणों ने दे चुके हैं। इस बाबत ग्रामीणों ने उपायुक्त से जांच पड़ताल कर रोजगार सेवक गंगवा उरांव के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। रोजगार सेवक द्वारा ठगी किए जाने वालों में जितेंद्र यादव से 49,000,? मुकेश यादव से 15,000, महेश कुमार से 10,000, अमेरिका यादव से 12,000 शंकर यादव से 12,000, कुलु यादव से 12,000, अशोक साव से 5,000, रिचा देवी से 5,000, अनीता देवी से 4,000, सरिता देवी से 4,000, विजय भुइयां से 5,000, राजू यादव से 5,000, चैता भुइयां से 7,000, दिनेश प्रसाद से 4,000 हजार, रामोतार यादव से 10,000 हजार के अलावे अन्य दर्जनों लोगों से रूपये ले चुका है। ग्रामीणों ने इस मामले की शिकायत सिमरिया थाना से भी जांच पड़ताल कर कानूनी कार्रवाई की लिखित आवेदन दे चुका है।

## अखिल भारतीय यादव महासभा युवा मोर्चा का नगर अध्यक्ष बने कालीचरण यादव



**चातरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अखिल भारतीय यादव महासभा की बैठक यादव होटल में किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतीय यादव महासभा के प्रदेश संयोजक सह चतरा लोकसभा पूर्व प्रत्याशी अरुण कुमार यादव एवं विशिष्ट अतिथि अखिल भारतीय यादव महासभा के युवा मोर्चा के चतरा जिला अध्यक्ष विकास चंद्र यादव उपस्थित थे। बैठक में चतरा नगर युवा मोर्चा के अध्यक्ष का चुनाव किया गया। जिसमे सर्वसम्मति से कालीचरण यादव को अखिल भारतीय यादव महासभा युवा मोर्चा का नगर अध्यक्ष चुना गया। बैठक कि अध्यक्षता विनय कुमार यादव एवं संचालन वार्ड पार्षद बासुदेव यादव के द्वारा किया गया। कालीचरण यादव को युवा मोर्चा के नगर अध्यक्ष बनने के बाद मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि समेत अन्य लोगों ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया एवं नगर के सभी वार्डो में वार्ड अध्यक्ष का चुनाव करने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा शताब्दी समारोह को सफल बनाने पर भी विशेष चर्चा किया गया। जिसजिसमें मुख्य अतिथि चतरा लोकसभा पूर्व प्रत्याशी अरुण कुमार यादव ने कहा कि 5 नवंबर 2023 को होने वाले शताब्दी समारोह चतरा के बाबा घाट मेदान मे होने वाला है। जिसे सफल बनाने के लिए अपने समाज के बुद्धिजीवियों को सहयोग करने की जरूरत है ।वही अखिल भारतीय यादव महासभा के नवनियुक्त युवा मोर्चा के नगर अध्यक्ष कालीचरण यादव ने विश्वास दिलाते हुए कहा कि जो जिम्मेवारी मुझे मिली है उसे मैं पूरा करूंगा। बैठक में नरेश यादव, मनीष कुमार गोप, बिकास यादव, वेद प्रकाश, जगदीश यादव, सुजीत कुमार, ललन यादव, निर्मल कुमार, अमर कुमार, बैजू यादव, वीरू कुमार समेत कई लोग उपस्थित थे।

# नई शिक्षा नीति के तीसरी वर्षगांठ पर केंद्रीय विद्यालय में कार्यक्रम आयोजित




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** नई शिक्षा नीति लागू होने के तीसरी वर्षगांठ पूर्ण होने पर स्थानीय केंद्रीय विद्यालय में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बरकाकाना केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य उमेश कुमार मुख्य रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि खेल खेल में बच्चों को पढ़ाने का माध्यम बन रहा नई शिक्षा नीति जो बच्चों को नामांकन के पूर्व न सिर्फ अक्षर ज्ञान देगा बल्कि विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति भी सुनिश्चित करेगा। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति का दृष्टिकोण भारतीय लोकाचार में निहित एक शिक्षा प्रणाली का निर्माण करना है, जो सभी को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करके भारत को बदलने में सीधे योगदान देता है। जिससे भारत एक वैश्विक ज्ञान महाशक्ति बनकर उभरेगा। उन्होंने कहा कि इस शिक्षा नीति के तहत बच्चों को मूलभूत साक्षरता और संख्या ज्ञान का महत्व बताया जाएगा। जबकि 10+2 के मॉडल को 5+3+3+4 मॉडल में बदला जा रहा है। छात्रों को राज्य की आधिकारिक भाषा में अध्ययन करने की बाध्यता को समाप्त किया जायेगा। इतना ही नहीं छात्रों को दो बार बोर्ड परीक्षा देने की अनुमति प्रदान की जाएगी। वहीं मौजूद प्राचार्यों को फूल पौधा देकर सम्मानित किया गया। मौके पर जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य, केंद्रीय विद्यालय सिमरिया के प्राचार्य डी खलको, इंटर कॉलेज सिमरिया और शिक्षक प्रशिक्षण कॉलेज सिमरिया के प्राचार्य के साथ साथ बीएमसी मेंबर धर्मेंद्र पाठक, विद्यालय के म्यूजिक शिक्षक भरत टांगरी सहित अन्य उपस्थित थे।

**हंटरगंज के आरएनएस इंटर कॉलेज में स्मार्ट क्लासेस शुरू**

# प्रतिस्पर्धा के युग में छात्रों को उस योग्य बनाना प्राथमिकता : रामबली सिंह प्राचार्य



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** हंटरगंज के डुमरी स्थित रामनारायण स्मारक इंटर कॉलेज विधिवत रूप से स्मार्ट क्लासेस शुरू हो गई है। ज्ञात हो कि कुछ दिन पूर्व ही राज्य सरकार के कैबिनेट मंत्री श्री सत्यानंद भोक्ता एवं एसडीएम चतरा सह उक्त महाविद्यालय के पूर्व सचिव मोहम्मद मुमताज अंसारी ने संयुक्त रूप से स्मार्ट क्लास का उद्घाटन किया था। इस बाबत प्राचार्य रामबली सिंह में बताया की स्मार्ट क्लासेस अभी साइंस फैकल्टी में प्रारंभ की गई है। धीरे-धीरे आर्ट्स और कॉमर्स में भी स्मार्ट क्लासेस से शिक्षा प्रारंभ कर दी जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि आधुनिक और वैज्ञानिक युग में प्रतिस्पर्धा के दौड़ में दौड़ना होगा तभी विद्यार्थी प्रतियोगिता के काबिल हो सकेंगे। उन्होंने आगे कहा कि कॉलेज में पेयजल, शौचालय, बेंच डेस्क, क्लासेज रूम सफिशिएंट है। पूरा महाविद्यालय वाईफाई और सीसीटीवी कैमरा से लैस है। कॉलेज कैंपस में किसी भी विद्यार्थी बेझिझक क्लास कर सकते हैं किसी भी तरह की परेशानियों के लिए कॉलेज प्रबंधन और कर्मी विद्यार्थियों के लिए तत्पर रहेंगे।

# आरोग्य दूतों के गैर आवासीय प्रशिक्षण की हुई शरूआत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, डायट, लातेहार में आयुष्मान भारत के तहत विद्यालय एवं कल्याण कार्यक्रम के तहत पाँच दिवसीय गैर आवासीय पशिक्षण का उदघाटन जिला शिक्षा अधीक्षक कविता खलकों के द्वारा किया गया। जिसमें जिला शिक्षा अधीक्षक ने कहा कि प्रशिक्षण का उद्देश्य शिक्षकों को विद्यालय आरोग्य दुत के रूप में तैयार करना है ताकि वे अपने शिक्षण शैली में जीवन कौशल संबंधी जानकारी विभिन्न गतिविधीयों के सहारे विद्यार्थियों को सहज तरीके से दे सके। उन्होंने कहा कि स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के निर्देशानुसार एवं डायट के मार्गदर्शन एवं नतृत्व में सेन्टर फॉर कैटलाईजिंग चेंज के तकनिकी सहयोग से जहाँ 6 से 12 की पढ़ाई होती है, से चयनित दो-दो शिक्षकों के कुल 96 विद्यालय आरोग्य दूतों का प्रथम फेज में गैर आवासीय प्रशिक्षण का शुरूआत किया गया, जिसमें डायट के प्रभारी प्राचार्य शंकर उराँव, संकाय सदस्यों में मो0 अखिलाकुर्र रहमान अंसारी, पुजा कुमारी उमा सिंह, संजय कुमार उराँव, रवि कुमार, सुबोध कुमार, प्रिंस कुमार (सी0 3), प्रशिक्षक मृगेन्द्र सिंह, अभिमन्यु कुमार, इत्यादी उपस्थित थे।

## कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय गिद्धौर में नए कर्मियों ने लिए प्रभार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड मुख्यालय में संचालित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका गिद्धौर की छात्रा नेहा कुमारी की मौत के बाद विद्यालय में कार्यरत 8 कर्मियों की सेवा समाप्त कर दी गई है। चतरा उपायुक्त अबु इमरान के निर्देश पर कस्तूरबा चतरा में कार्यरत गजाला परवीन, कुंदा में कार्यरत नुतन मरियम कच्छप, पत्थलगड़ा की मंजू कुमारी, लेखापाल सह कंप्यूटर ऑपरेटर अमरदीप कुमार, आदेशपाल शोभा कुमारी की प्रतिनियुक्ति कर दी गई है। आज सभी प्रतिनियुक्त कर्मी प्रभार लेने के लिए विद्यालय पहुंचे तो विद्यालय के मेन गेट को बंद कर दिया गया था। किसी को बाहर या अंदर आने नहीं दिया जा रहा था। कर्मी घंटों सड़क पर गेट खुलने का इंतजार करते दिखे। 8ः00 बजे सुबह से लेकर 12ः00 बजे दोपहर तक गेट नहीं खुला। जानकारी मिलने के बाद बीडीओ संगीत कुमार सिंह, सीओ जय शंकर पाठक, थाना प्रभारी कन्हैया कुमार यादव दल बल के साथ पहुंचे और नाराज छात्राओं को मनाने का प्रयास किया। वे घंटों छात्राओं को विद्यालय का गेट खोलने का मिन्नत करते दिखे लेकिन गेट नहीं खुला। अंततः सिमरिया एसडीपीओ अशोक प्रियदर्शी और सीडब्ल्यूसी अध्यक्ष धनंजय तिवारी पहुंचे और उन्होंने नाराज छात्राओं से बातचीत की।

## सीआरपीएफ के 11 वीं वाहिनी ने धूमधाम से मनाया अपना 85 वां स्थापना दिवस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** सीआरपीएफ 11वीं बटालिन के कमांडेंट वेद प्रकाश त्रिपाठी के उपस्थिति में लातेहार ब्लॉक परिसर में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल का 85 वां स्थापना दिवस धुमधाम से मनाया गया।इस अवसर पर कमांडेंट वेद प्रकाश त्रिपाठी ने कहा कि केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की संरचना तत्कालीन रियासतों में आन्दोलनां एवं राजनीतिक अशान्ति तथा कानून व्यवस्था को बनाये रखने के उद्देश्यो से की गई थी। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद क्राउन रिप्रेजेन्टेटिव पुलिस को तत्कालीन गृह मंत्री सरदार बल्लभ भाई पटेल के द्वारा 28 दिसंबर 1949 को केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के रूप में परिवर्तित कर ध्वज प्रदान किया था। वर्तमान समय में 247 बटालियनों के साथ केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) भारत का ही नहीं बल्कि विश्व का सबसे बड़ा अर्धसैनिक बल होने का गौरव हासिल कर चुका है। सीआरपीएफ का गौरवशाली इतिहास रहा है। जब-जब देश को जरुरत पड़ी है सीआरपीएफ देश कि सुरक्षा व्यवस्था और शांति स्थापित करने में हमेशा अपना योगदान दिया है। सीआरपीएफ अपनी आंतरिक सुरक्षा के अलावा विदेश में भी अपनी सेवाएं दे रही है। इसी का प्रतिफल है कि देश के किसी भी कोने में अशांति एवं असुरक्षा के दौरान सीआरपीएफ को याद किया जाता है।इस अवसर पर कमाण्डेन्ट श्री त्रिपाठी ने सभी जवानों को बधाई दी एवं बल की गौरवमयी उपलब्धियों को भविष्य में भी बनाये रखने का सलाह दिया तथा मुख्यालय स्थित क्वार्टर गार्ड में सलामी ली, जवानों को संबोधित किया एवं शहीद स्मारक पर माला/पुष्पांजली अर्पित कर शहीदों को नमन किया। इसी क्रम में खेल-कूद प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं मेस में बड़ा खाना का भी आयोजन किया गया।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से वृद्ध की मौत

**बालूमाथ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ- खलारी मुख्य पथ पर सिरम ग्राम के समीप बुधवार की देर रात्रि अज्ञात वाहन की चपेट में आने से हौडा उरांव 65 वर्ष पिता स्वर्गीय जेठू उरांव ग्राम सीरम की मौत घटनास्थल पर हो गई। मिली जानकारी के अनुसार हौदा उरांव ग्रामीण क्षेत्रों में जानवर का इलाज करता था और वह बगल के गांव से जानवर का इलाज कर पैदल अपने घर आ रहा था। इसी बीच अज्ञात वाहन ने धक्का मारकर फरार हो गया। घटना की सूचना मिलने के बाद मुरपा पीकेट प्रभारी मनोज मुर्मू दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया और पोस्टमार्टम हेतु लातेहार भेज दिया।

## बरवाडीह पुलिस ने की कुर्की जब्ती की कार्रवाई

**बरवाडीह (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरवाडीह थाना अंतर्गत ग्राम कुटमू निवासी विजय सिंह के घर में कुर्की जब्ती की कार्रवाई पुलिस के द्वारा की गई है। उक्त कार्रवाई बलात्कार केस के में हुई है। विजय सिंह बलात्कार का अभियुक्त है।इस कांड में लिप्त दीपक सिंह की गिरफ्तारी पूर्व में हो चुकी है। वहीं अबतक सुमन सिंह तथा विजय सिंह फरार हैं इनकी गिरफ्तारी को लेकर लगातार छापेमारी की जा रही है। न्यायालय के आदेश अनुसार कुर्की जब्ती की कार्रवाई की गई है।

## मोहर्रम इंतजामिया कमेटी ने प्रशासनिक पदाधिकारी को किया सम्मानित

**बेतला (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरवाडीह थाना परिसर में मोहर्रम त्यौहार को लेकर शांति समिति की किया गया बैठक, वही बरवाडीह बीडीओ राकेश सहाय ,एसडीपीओ दिलू लोहार, थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह ने शांति समिती मे आए लोगो को आपशी शौहार्द के साथ मोहर्रम पर्व मनाने के लिए किए अपील, साथ ही पोखरी कलां के मोहर्रम इंतजामिया कमिटी के लोगो ने बरवाडीह बीडीओ राकेश सहाय, एसडीपीओ दिलू लोहार, थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह को फुल माला और बुके सॉल देकर सम्मानित करने का किया काम, पोखरी कलां के साथ- साथ पुरे थाना क्षेत्र में विगत वर्ष मोहर्रम जुलूस शांतिपुर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने एवं सालों भर पुलिस प्रशासन कि टीम द्वारा कुशल व सराहनिये कार्य करने पर मोहर्रम इन्तेजामिया कमिटी पोखरी कलां द्वारा सम्मानित किया गया सम्मानित करने वालों में जेनरल खलीफा मो सुबहानी, कमिटी सदस्य अब्दुल मनान अंसारी, ऐनुल होदा, हेसामुल अंसारी उर्फ गुड्डू, मोजीबुल रहमान, मंसुर आलम, सुलतान अहमद, शमीम अंसारी, मो वजीर अंसारी, मो साबीर अंसारी , आफताब अंसारी, आदि शामील हुये।

# केन्द्रीय विद्यालय लातेहार में राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर हुई परिचर्चा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के 3 वर्ष पूर्ण होने पर पूरे भारतवर्ष में इस पर चर्चा परिचर्चा के कार्यक्रम हो रहे हैं। इसी के तहत केंद्रीय विद्यालय लातेहार में प्राचार्या देवनिसिया तिर्की की अध्यक्षता में गुरुवार को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर चर्चा परिचर्चा का आयोजन किया गया।विधालय का प्राचार्या एवं पत्रकार बंधुओं के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुरुआत की गई।जिसमें सभी सदस्यों ने अपने अपने विचार प्रकट किए।चर्चा के दौरान बताया गया कि 21वीं सदी की आवश्यकता अनुसार नई शिक्षा नीति का निर्माण किया गया है। जिसमें मुख्य उद्देश्य में रखा गया है कि देश के बच्चों में छिपी प्रतिभा को उजागर करना एवं उसको पोषित करके राष्ट्र निर्माण के लिए तैयार करना है। वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ साथ शिक्षा का नवीनीकरण किया जाए।जिससे कि हमारा देश उत्तरोत्तर प्रगति करते हुए विकसित राष्ट्रों की श्रेणी में खड़ा हो सके। वहीं श्रीमती तिर्की ने कहा कि नई शिक्षा नीति के अंतर्गत भारत को आत्मनिर्भर बनाने पर भी जोर है इसके लिए विद्यालय में छोटी कक्षाओं से ही कौशल पूर्ण शिक्षा प्रदान की जाएगी। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में सबसे विशेष बात यह है कि हमारे स्थानीय ज्ञान को भी संभाले रखना है और अंतरराष्ट्रीय ज्ञान से भी हमें परिचित होना है व जुड़ना है।केंद्रीय विद्यालय संगठन में भी नई शिक्षा नीति को अपनाते हुए कई नवाचार किए हैं। जिसमें पहली कक्षा में प्रवेश की उम्र न्यूनतम 6 वर्ष कर दी गई है। 6 वर्ष से छोटे बच्चों के लिए केंद्रीय विद्यालय संगठन ने बाल वाटिका आरंभ की है।कार्यक्रम के दौरान केन्द्रीय विद्यालय के वालिकाओं ने पत्रकार बंधुओं को पौधा देकर स्वागत किया गया। वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधालय प्रबंधन समिति के सदस्य आशीष टैगोर ने कहा कि आज का समय प्रतिस्पर्धा का है, इस दौरान सामंजस्य बिठाने के लिए शिक्षा के पैटर्न में बदलाव कि आवश्यकता है। एवं पत्रकार वीरेंद्र प्रसाद ने कहा कि भारत एक बार विश्वगुरु बनने की? ओर अग्रसर है।मंच का? संचालन शिक्षक प्रदीप कुमार धन्यवाद ज्ञापन वरीय शिक्षका सुमन कुमारी ने किया। मौके पर जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य प्रदीप कुमार सिंह के अलावे कयी गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

# पुलिस पर चालीस हजार रुपये वृद्ध से लेने का मामला सामने आया




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लावालौंग :** प्रखंड क्षेत्र मुख्यालय के विभिन्न एवं इसके इर्द-गिर्द के गावों में लावालौंग पुलिस कर्मियों के पुलिसिया दादागिरी के चर्चे जोरों पर है। यहां पुलिस कर्मियों की दादागिरी का हद इस कदर पार कर गया है। कि एक बेगुनाह बुजुर्ग को डरा धमका कर एवं मानसिक प्रताड़ना करके उससे 40 हजार रुपये की वसूली कर ली गई।उक्त विषय की जानकारी देते हुए सीलदाग पंचायत स्थित चुकू गांव निवासी कमलेश गंझू नें बताया कि मेरी भाभी पचिया देवी के साथ कुछ दिनों से हमारे परिवार का आंतरिक मनमुटाव चल रहा था।एक सप्ताह पूर्व पचिया और मेरी मां के साथ हल्की झड़प भी हुई थी।इसके बाद पचिया थाना पहुंचकर मेरे मां के संबंध में कोई आरोप ना लगाते हुए मेरे पिता समेत सात लोगों पर सामूहिक दुष्कर्म का आरोप लगाया था। जिसके बाद थाना प्रभारी के द्वारा सभी लोगों को बुलाकर पूछताछ की गई।इसके बाद उनके कहने पर सहायक पुलिस सूरज कुमार नें हमलोगों को डराना धमकाना शुरू कर दिया।और कहा कि 50 हजार रुपये तुरंत व्यवस्था करो अन्यथा सब को उठा कर अंदर कर देंगे।इसके बाद डर से हम लोगों ने गांव से कर्ज लेकर काफी अनुनय विनय करते हुए 10 हजार रुपये कम करवा कर 40 हजार रुपये सूरज कुमार को दिया।इसके बाद हमें थाने से बाहर आने दिया गया।इसके बाद गांव के पंचायत में उक्त दोनों युवकों के उपस्थित ना होने एवं पंचायत में भी पचिया के द्वारा मानसिक प्रताड़ना करने से आहत पचन आत्महत्या की कोशिश की।बेहद मशक्कत से परिजनों ने उसकी जान बचाई। क्षेत्र में चर्चा है कि अगर ऐसे ही पुलिसिया दादागिरी कायम रहा तो बेगुनाह और गरीब इनके लूट की चक्की में पिसते रहेंगे उक्त विषय को लेकर पचन एवं उसके परिजनों नें चतरा पुलिस अधीक्षक को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। इधर थाना प्रभारी से पूछे जाने पर उन्होंने मामले को कोई भी इस तरह की जानकारी नहीं दी। तथा जांच कर कार्यवाई करने की बात कही।

## सेवा मुक्त हुई वार्डन के विद्यालय से निकलते ही छात्राओं ने भी छोड़ा स्कूल, बीडीओ और थाना प्रभारी ने मनाया

**गिदौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विभागीय कार्रवाई के बाद सेवा मुक्त हुई वार्डन रेनू कुमारी ने गुरुवार की संध्या विद्यालय को छोड़ दिया। वे कार से जैसे ही विद्यालय गेट तक पहुंची वैसे ही सैकड़ों की संख्या में छात्राएं गाड़ी को घेर लिया और उसे उन्हें विद्यालय से बाहर नहीं जाने की अपील करने लगी। छात्राएं दहाड़ मार कर रोने लगी। सुरक्षा प्रहरी गेट खोले और गाड़ी आगे बढ़ने लगी। गाड़ी के निकलते ही सैकड़ों बच्चियां पीछे जाने लगी। जब गाड़ी आगे निकल गई तो सैकड़ों छात्राएं काफी दूर तक गाड़ी का पीछा किया। जब गाड़ी निकल गई तो छात्राएं नाराज होकर ठाकुरबाड़ी पहुंची और सड़क पर ही बैठ गई। जिला प्रशासन से वार्डन को दोष मुक्त करने की मांग और अपने विद्यालय में बहाली करने की मांग करने लगी। यहां तैनात सुरक्षा पर लाख मना करने के बावजूद विद्यालय जाने से इंकार कर दी। जानकारी मिलते ही बीडीओ संजीत कुमार सिंह थाना प्रभारी कन्हैया यादव व अन्य पहुंचे और छात्राओं को मना कर वापस विद्यालय लाया।

## संक्षिप्त खबरें

### विधार्थियों के सम्मान में प्रतिभा सम्मान समारोह आज

**बरकट्ठा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के ऐतिहासिक धार्मिक पर्यटन स्थल सूर्यकुण्ड धाम परिसर में प्रखंड क्षेत्र के मैट्रिक व इंटरमीडिएट कि परीक्षाओं में 60ज से ऊपर अंक लाने वाले छात्र-छात्राओं के सम्मान में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन स्थानीय जिप सदस्य प्रेरणा प्रिया व जिप सदस्य प्रतिनिधि सह् श्री कांत मैथेमेटिक्स हजारीबाग के निदेशक चंद्रकांत पाण्डेय के सौजन्य से कार्यक्रम आयोजित कि जा रही है।उक्त कार्यक्रम की जानकारी देते हुए सी.के पाण्डेय ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र के विधार्थियों में प्रतिभा कि कोई कमी नहीं है प्रखंड क्षेत्र के दर्जनों छात्र-छात्राओं ने प्रतियोगी परीक्षाओं से लेकर मैट्रिक व इंटरमीडिएट में अव्वल अंक प्राप्त कर सफलता दर्ज की है ओर अपने माता-पिता व क्षेत्र का नाम रौशन किए हैं।बच्चों को सही मार्गदर्शन एवं मनोबल बढ़ाने से प्रतिभावान बच्चे सफलता अर्जित कर सकते हैं।श्रीकांत मैथेमेटिक्स क्षेत्र के गरीब व मेघावी छात्र-छात्राओं को हमेशा मदद करती है ओर निशुल्क शिक्षा बच्चों को विगत दस वर्षों दे रही है।

### नवजात शिशु को कराया गया रक्त उपलब्ध

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** हजारीबाग यूथ विंग के द्वारा गुरुवार को विष्णुगढ़ निवासी संजय कुमार पटेल के 15 दिनों के नवजात शिशु को रक्त की अत्यंत आवश्यकता पड़ी। परिजनों के द्वारा अपने नवजात शिशु के लिए पूर्व के दिनों में भी रक्त उपलब्ध कराने के क्रम में स्वयं रक्तदान कर चुके थे। जिस कारण उन्हें संबंधित रक्त के लिए कोई रक्तदाता ना मिलने पर उन्होंने हजारीबाग यूथ विंग के पदाधिकारियों से संपर्क किया। जिसके बाद यूथ विंग के समस्त पदाधिकारी संबंधित रक्त की खोजबीन में जुट गए। कोई रक्तदाता ना मिलने पर हजारीबाग यूथ विंग के कार्यकारिणी सदस्य शनि देव ने स्वयं रक्तदान करने के लिए आगे आए। जिसके उपरांत शनि देव ने शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल स्थित ब्लड बैंक पहुंचकर रक्तदान कर 15 दिनों के नवजात शिशु की जान बचाई।

### खरना पंचायत सचिव की पिटाई, थाने में मामला दर्ज

**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विष्णुगढ़ प्रखंड के खरना पंचायत के पंचायत सचिव देवनंदन प्रसाद ने पंचायत के पूर्व मुखिया पति जगदीश महतो पर पिटाई का आरोप लगाया।आरोप यह भी है कि न केवल उनकी पिटाई की गई बल्कि सरकारी दस्तावेज भी फाड़ दिये गए।मामला डोभा के निर्माण कार्य से जुड़ा है।बताया गया है कि मुखिया पति पंचायत सचिव को संबंधित कागजात पर हस्ताक्षर करने कह रहे थे।सचिव के मना करने पर उनकी पिटाई कर दी गयी।पंचायत सचिव के द्वारा दिये गए आवेदन पर विष्णुगढ़ थाने में कांड संख्या 0199/23,दिनांक 26 जुलाई 2023 को भादवि की धारा 341/323/307/504/506 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया ।वही आरोपी जगदीश महतो से मामले से जुड़ी जानकारी के लिए संपर्क करने की कोशिश की गई,परन्तु खबर लिखे जाने तक उनसे संपर्क नहीं हो पाया जिससे आरोपी की पक्ष की कोई जानकारी प्राप्त नही हो पाई।

### झामुमो प्रखंड सचिव संजय प्रजापति ने किया धोती साड़ी का वितरण

**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विष्णुगढ़, चेडरा पंचायत में सुरेंद्र प्रसाद बरनवाल के जनवितरण प्रणाली दुकान में झामुमो प्रखंड सचिव सह बीस सूत्री सदस्य संजय प्रजापति ने लाभुकों के बीच धोती साड़ी का वितरण किया।इस दौरान अपने क्षेत्र के सामाजिक कार्यों में हमेशा रुचि रखने वाले झामुमो प्रखंड सचिव संजय प्रजापति ने कहा कि यह झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी सोना सोबरन योजना गरीबों के लिए वरदान साबित हो रही है। इससे गरीबों को बड़ी राहत मिली है।साथ ही लाभुक भरपूर इस योजना का लाभ उठा रहे हैं। इस वितरण के मौके पर काफी संख्या में ग्रामीण इलाके के महिला पुरुष मौजूद थे।

### केडी कंपनी में पुलिस ने नशाबाजी के खिलाफ किया छापामारी

**गिददी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** गिद्दी- जीएम ऑफिस अरगड्डा मुख्य सड़क पर स्थित केडी कंपनी के आस-पास बने दुकानों के अगल-बगल गिद्दी पुलिस ने गुरुवार संध्या नशेबाजो के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि केडी कंपनी में दारू, हड़िया की बिक्री धड़ल्ले से हो रही हैं। साथ ही कई असामाजिक तत्वों का जमावड़ा भी यहां लगा रहता हैं। वही छापेमारी के बाद अवैध ढुलाई करने वाले और असामाजिक तत्वों के बीच हड़कंप व्याप्त हैं। समाचार लिखे जाने तक पुलिस की छापेमारी जारी थी।

### कर्पूरी विचार मंच की बैठक में नाई महासम्मेलन आयोजन का हुआ निर्णय

**सिरका (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कर्पूरी विचार मंच की बैठक बिंझार के मिलन मैरिज हॉल में गुरुवार को आयोजित हुई। इसकी अध्यक्षता महेश ठाकुर व संचालन नागेश्वर ठाकुर ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि पतरातू के श्रम कल्याण केंद्र पीटीपीएस में झारखंड स्तर पर नाई महासम्मेलन आयोजित करेंगे। कहां गया कि जिला में पूर्व से कमेटी गठित हुई हैं, जिसका समय समाप्त हो चुंका है, अभी तक इसे लेकर चुनाव नहीं किया गया हैं, इसे देखते हुए जिला रामगढ़ स्तर पर एक संयोजक मंडली आगामी 22 अगस्त 2023 को गठित किया जाएगा। साथ ही जिला रामगढ़ में एक नाई भवन बनाए जाने की मांग को लेकर उचित कदम उठाए जाए पर सहमति जताई। मौके पर संजय ठाकुर, बासुदेव ठाकुर, दिलीप ठाकुर, लाल मुनी ठाकुर, नारायण ठाकुर, विकास कुमार शर्मा, रामचंद्र ठाकुर, मुकेश ठाकुर, किशन ठाकुर, तापेश्वर ठाकुर गुरुदयाल ठाकुर समेत कई मौजूद थे।

## स्वास्थ्य समृद्धि वाहन परियोजना के तहत पतरातू प्रखंड में हुआ शिविर का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रामगढ़ :** रामगढ़ जिला अंतर्गत सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के कुपोषित बच्चों के पोषण स्थिति में सुधार के मद्देनजर जिला प्रशासन रामगढ़ की पहल के अंतर्गत संचालित स्वास्थ्य समृद्धि वाहन परियोजना के तहत गुरुवार को कोतो व पालू पंचायत में शिविर के 9 वें दिन आसपास के क्षेत्रों के चिन्हित 82 कुपोषित बच्चों को तीन समय का पौष्टिक आहार उपलब्ध कराया गया वही 30 ग्रामीणों को टेलीमेडिसिन सेवा भी उपलब्ध कराई गई।

स्वास्थ्य समृद्धि वाहन परियोजना को और भी प्रभावी बनाने एवं ज्यादा से ज्यादा लोगों तक इसकी जानकारी पहुंचाने के मद्देनजर टीम के द्वारा आसपास के घरों का भ्रमण कर लोगों टेलीमेडिसिन सहित सरकार की अन्य योजनाओं की जानकारी दी गई।

## हेसला झारखंड इस्पात में फैक्ट्री बॉयलर चालू करने से ध्वनि प्रदूषण फैला, लोगों में मचा हड़कंप

प्रभात मंत्र संवाददाता



**सिरका :** हेसला के झारखंड इस्पात प्राइवेट लिमिटेड फैक्ट्री में गुरुवार करीब अपराहन 3:45 बजे एकाएक तेज ध्वनि के साथ क्षेत्र में घर-घराहट की आवाज गूंजने लगी। लगा कि फैक्ट्री में आपात स्थिति उत्पन्न हो गई है। इससे अरगड्डा, हेसला समेत आस-पास के लोगों के बीच हड़कंप व्याप्त हो गया। वहीं ग्रामीण अशोक बेदिया, अविनाश कुमार ने बताया कि फैक्ट्री के अंदर नया बॉयलर चालू करने की बात सामने आ रही हैं। जिसके कारण यह तेज ध्वनि सुनाई पड़ रही हैं। उन्होंने बताया कि फैक्ट्री के लोगों ने बताया कि प्रथम बार बॉयलर चालू करने से इस प्रकार की ध्वनि गूंजती हैं। लेकिन दूसरी ओर समाचार लिखे जाने तक बॉयलर की ध्वनि से पूरे क्षेत्र में साउंड प्रदूषण फैला रखा था। जिसे देखने वाला कोई नहीं था।

## रामगढ़ जिले के 13 वें उपायुक्त के रूप में चंदन कुमार ने किया पदभार ग्रहण

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रामगढ़ :** गुरुवार को जिला समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय कक्ष में रामगढ़ जिले के 13 वें उपायुक्त के रूप में चंदन कुमार ने निवर्तमान उपायुक्त माधवी मिश्रा से विधिवत रूप से पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के उपरांत मीडिया प्रतिनिधियों से बात करने के क्रम में उपायुक्त चंदन कुमार ने कहां की सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारना, शिक्षा व स्वास्थ्य के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों में रामगढ़ जिले का विकास सुनिश्चित करना उनकी प्राथमिकता होगी।

## एसपी अमित कुमार सिंह को बड़कागांव आजसू प्रखंड कमेटी ने सम्मानित किया

प्रभात मंत्र संवाददाता



**बड़कागांव :** बड़कागांव के पुलिस उपाधीक्षक अमित कुमार सिंह को एसपी रैंक में पदोन्नति मिलने पर बड़कागांव आजसू पार्टी प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा के नेतृत्व में प्रखंड कमेटी के अधिकारियों द्वारा बुके देकर और पौधा देकर सम्मानित किया गया। मौके पर पौधारोपण भी किया गया। मौके पर आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा ने कहा कि क्षेत्र के लिए बहुत हर्ष की बात है कि बड़कागांव में रहते हुए एसडीपीओ अमित कुमार सिंह को पदोन्नति मिली है। श्री सिंह सुशील एवं सुलझे हुए अधिकारी हैं। इन्होंने अपनी सूझ-बुझ के साथ बड़कागांव क्षेत्र में लॉ एंड ऑर्डर को बहुत अच्छे से चलाया है। आगे उन्होंने कहा कि प्रखंड आजसू कमेटी कामना करता है कि एसपी साहब हमेशा उन्नति की ओर बढ़े। आजसू पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा ने कहां की प्रखंड कमेटी ने पौधारोपण इसलिए कराया है कि एसपी साहब भी इसी पौधे की तरह दिन दुगनी रात चौगुनी बढ़ते रहें और जनता को छांव प्रदान करें। मौके पर मुख्य रूप से तपेश्वर कुमार, घनश्याम कुमार, शंकर मिश्रा, तुलेश्वर राम, धूपन महतो, अमृत कुमार, सुधांशु शेखर , रंजीत कुमार, सुरेश महतो सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## बरही में बिजली समस्या को लेकर चिंतित है पूर्व विधायक

प्रभात मंत्र संवाददाता



**बरही :** बरही विधानसभा क्षेत्र में बिजली की समस्या को लेकर हज़ारीबाग अधीक्षण अभियंता से गुरुवार को पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव मिले। उन्होंने बताया की बिजली आँख मिचौनी एंव जले हुए ट्रांसफार्मर का विभाग को सुचना देने के बाद समय पर ट्रांसफार्मर रेप्लस नहीं होने से आम जन को इस उमस भरी गर्मी में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। चौपारण चटट्टी में 200 केवी का ट्रांसफार्मर जला हुआ है, बरही प्रखंड अंतर्गत भण्डारो पंचायत के ग्राम बैरीसाल में एंव चौपारण प्रखंड के ग्राम जोकट तिलैया में बोधो भुइया के घर के पास 25 केवी का ट्रांसफार्मर जला है। वहीं पूर्व विधायक ने अधीक्षण अभियंता को सुझाव दिया कि आम जनों के समस्या को तत्काल संज्ञान मे लिया जाय। इसपर अधीक्षण अभियंता ने सकारात्मक जबाब देते हुए कहा कि शीघ्र ही चौपारण चट्टी का ट्रांसफार्मर रिप्लेस कर दिया जायेगा और जँहा 25 केवीए के ट्रांसफार्मर से लोड नहीं संभल रहा है, उसे इन्हेन्स करते हुए 63 केवीए का ट्रांसफार्मर लगाया जायेगा।

## ओलंपिक संघ हजारीबाग की बैठक हुई संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता



**हजारीबाग :** ओलंपिक संघ हजारीबाग के द्वारा बुधवार को देर शाम आरोग्यम अस्पताल के कॉन्फ्रेंस रूम में एक बैठक रखी गई। जिसकी अध्यक्षता ओलंपिक संघ के अध्यक्ष हर्ष अजमेरा ने किया। बैठक में मुख्य रूप से खेल से जुड़े सभी लोग मौजूद हुए।बैठक मे बच्चों को खेल के प्रति प्रोत्साहित करना तथा उन्हें खेल के उपकरणों को जल्द से जल्द मुहैया कराना है। साथ ही आगामी 30 अगस्त को ओलंपिक संघ हजारीबाग के द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा जिसमें झारखंड ओलंपिक संघ के महासचिव एवं भारतीय एथलेटिक्स दल के मैनेजर मधुकांत पाठक का सम्मान किया जाएगा। ज्ञात हो कि भारतीय एथलेटिक्स दल के मैनेजर मधुकांत पाठक के नेतृत्व में नीरज चोपड़ा ने जैवलिन थ्रो में ओलंपिक मे गोल्ड मेडल जीता था। हजारीबाग ओलंपिक संघ के लिए बड़े ही गर्व का विषय है। सम्मान समारोह का कार्यक्रम आरोग्यम अस्पताल के कॉन्फ्रेंस रूम में आयोजित किया जाएगा जिसमें हजारीबाग खेल संघ के सभी अध्यक्ष और सचिव को आमंत्रित किया जाएगा। साथ ही जिले के सभी खेल संघ को ओलंपिक संघ से जोड़ने का आग्रह किया जाएगा।

## बरही के बरसोत में स्थित एसबीआई एटीएम को चोरों ने बनाया निशाना

प्रभात मंत्र संवाददाता



**बरही :** बरही थाना अंतर्गत बरसोत चौक के पास जीटी रोड़ किनारे स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया का एक एटीएम मशीन को ही अज्ञात चोरों ने बुधवार बीती मध्य रात्रि में उखाड़ ले गए। अधिकारियों के अनुसार इस एटीएम में 18 लाख 11500 रुपये कैश भरा हुआ था। इतना ही नहीं एटीएम कक्ष के बाहर मकान मालिक की खड़ी सवारी गाड़ी (संख्या - बीआर 48 - 7707) को भी चोरों ने नहीं छोड़ा, उसे भी चुरा ले गए। उक्त एटीएम बरसोत चौक निवासी मनोज कुमार उर्फ मणिलाल (पिता स्व. मुरली महतो) के घर में था। भाड़े के घर मे चल रहे इस एटीएम की सुरक्षा के लिए कोई सुरक्षा प्रहरी नहीं रखा गया था। मकान मालिक मनोज कुमार ने बताया कि करीब एक साल से उनके घर में एटीएम चल रहा है। इसमें गार्ड नहीं रहता है। प्रतिदिन की तरह बुधवार को भी वे रात्रि करीब 10 बजे एटीएम का सटर बंद कर अपने घर मे खाना खाने के बाद सो गए। गुरुवार की सुबह करीब 6 बजे जब वे सोकर उठे तो देखा कि उनकी सवारी गाड़ी घर के बाहर नहीं है और एटीएम का सटर का ताला टूटा है, सटर को गिरा कर छोड़ दिया गया है।

उसके बाद उन्होंने एटीएम कक्ष का सटर को उठाकर देखा तो दंग रह गए, चोरों ने न सिर्फ उनकी गाड़ी चोरी किए हैं बल्कि पूरे एटीएम को ही उखाड़ ले गए हैं। उन्होंने त्वरित रूप से सबसे पहले इसकी सूचना बरसोत के मुखिया मोतीलाल चौधरी को दी। देखते ही देखते आसपास के ग्रामिणों की भीड़ इकठ्ठा हो गई। मुखिया द्वारा तुरंत इसकी सूचना दूरभाष से बरही थाना को दिया गया। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी इंस्पेक्टर रोहित कुमार सिंह दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। उसके तुरंत बाद एसडीओ पूनम कुजूर व एसडीपीओ नाजिर अख्तर भी घटना स्थल पर पहुंचे। कलर स्प्रे मारकर सीसीटीवी कैमरों को किया खराब ~ एटीएम कक्ष में लगे सीसी कैमरे के फुटेज के अनुसार दो चोर मुंह ढक कर रात्रि 12.20 बजे एटीएम कक्ष के अंदर प्रवेश किया था। उसके बाद सबसे पहले एटीएम मशीन में लगे कैमरे एवं कक्ष में लगे कैमरों को काली रंग की स्प्रे मार कर उसे ढक दिया। बताया गया कि एसबीआई बैंक की उक्त एटीएम का सर्विस प्रोवाइडर हिटैची कंपनी है उसी के माध्यम से यह एटीएम संचालित होता है। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचे हिटैची के चैनल एजुकेटिव तनवीर सिंह से पूछे जाने पर बताया कि एटीएम मशीन उखाड़कर चोरों द्वारा ले जाना काफी आश्चर्य की बात है। एटीएम का वजन करीब 6 क्विंटल रहता है। इसके सुरक्षा के लिए कई उपकरण भी लगाए गए हैं। चोरों ने सीसी कैमरा को कलर स्प्रे कर ढक दिया व कई तार भी काट दिया। साथ ही एटीएम मशीन के पीछे कक्ष में सुरक्षा की दृष्टि से लगाए गए उपकरण का वायर कनेक्शन को भी काट दिया। एटीएम के पीछे वाली कक्ष में भी एक कैमरा लगा था, उसे भी कलर स्प्रे मार कर बेकार कर दिया गया। घटना की जानकारी उन्होंने अपने वरीय पदाधिकारियों को दे दी है। जांच में जुटी पुलिस ~ डीएसपी नाजिर अख्तर व बरही थाना प्रभारी इंस्पेक्टर रोहित कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता पूर्वक छानबीन की जा रही है। पुलिस कई बिंदुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है।

## इनमौसा ने प्रबंधन से की वार्ता



**सिरका (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल अरगड्डा क्षेत्र महाप्रबंधक कार्यालय कक्ष में गुरुवार संध्या इंडियन नेशनल माइन ऑफिशियल सुपरवाइजरी स्टाफ एसोसिएशन (इनमौसा) के सदस्यों ने 11 सूत्री मांगों को लेकर प्रबंधन के साथ वार्ता किया। इससे पूर्व इनमौसा सदस्यों ने जीएम सुधांशु कुमार पांडे का अभिनंदन किया। साथ ही क्षेत्र में कायाकल्प योजना के तहत इनमौसा सदस्यों के कार्य पूरे करने, खनन कर्मचारियों का समय पर वरीयता के आधार पर प्रमोशन देने, खनन पर्यवेक्षक का वास्तविक पद मैन पावर बजट में ठीक से स्वीकृत करने, अरगड्डा क्षेत्र में क्षेत्रीय एवं ब्रांच कार्यालय की व्यवस्था करने, सभी समितियों में इनमौसा की भागीदारी सुनिश्चित करने, इनमौसा सदस्यों का सहयोग राशि प्रत्येक महीना मासिक वेतन से काटने, क्षेत्र में माइनिंग सरदार ओवरमैन की कमी अविलंब दूर करने, सभी खदानों में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था देने, खदानों में शेल्टर की व्यवस्था करने, कोलयरीयो में कैंटीन व्यवस्था दुरुस्त करने, क्षेत्र के सभी खदानों में शिफ्ट वाहन 24 घंटे उपलब्ध कराने आदि मांगे शामिल हैं। मौके पर एसओपी एमएफ हक, जीएम ऑपरेशन सुजीत कुमार सिन्हा, एसओ माइनिंग दिलीप कुमार सिंह, पर्सनल अंबष्ठ साहब, इनमौसा क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रशांत बेलथरिया, सचिव मधुसूदन सिंह, शिव शंकर, संतोष सिंह सहित कई सदस्य मौजूद थे।

## तीन मुकदमों में पूर्व मुखिया उदय साव न्यायपालिका द्वारा दोषमुक्त करार

प्रभात मंत्र संवाददाता



**हजारीबाग :** कहते हैं अदालत में देर है पर अंधेर नही है।न्यायपालिका ने एक बार फिर जनप्रतिनिधियों का भरोसा जीता है। कानून के रक्षक कहलाने वाले भक्षक को न्यायपालिका ने मुंहतोड़ जवाब दिया है। दरअसल पूरा मामला हजारीबाग जिले के कटकमदाग प्रखंड से जुड़ा हुआ है। जहां आज से 6 वर्ष पूर्व बानादाग रेलवे साइडिंग में ऑफिसर लाने ले जाने वाली कंपनी के गाड़ी के ड्राइवर की मौत हो गई थी। मजदूर कंपनी का वाहन चलाता था और उसी से उसके परिवार का भरण पोषण होता था। जब उक्त मजदूर की मौत कार्य करने के दौरान हो गई तो बानादाग साइडिंग के रेलवे प्रशासन और एनटीपीसी ने उसे अपना मजदूर मानने से साफ इंकार कर दिया। जब मामला कानून के दरवाजे तक पहुंचा तो आम आवाम को सुरक्षा पहुंचाने वाले ने धमकी भरे लहजे में मृतक के परिजनों को ना सिर्फ मुआवजा देने दिया बल्कि कटकमदाग के पूर्व मुखिया उदय साहू और पूर्व जिला परिषद सदस्य प्रियंका कुमारी पर झूठा मुकदमा भी दर्ज कर दिया। जब मुकदमा दर्ज हुआ तो बानादाग साइडिंग और कटकमदाग थाना के खिलाफ एक दिन साइडिंग से कोयला ढुलाई कार्य पूरी तरह से रुक गया था, मजदूर की मौत से शोकाकुल मजदूरों ने काम बंद कर दिया। इस घटना के बाद मजदूरों ने अपनी कंपनी से जॉइनिंग लेटर और पहचान पत्र मांगने की,तब निवर्तमान थाना प्रभारी ने बर्बरता पूर्वक कार्यवाही करते हुए किसी भी मजदूर को ना पहचान पत्र दिया गया और ना ही जॉइनिंग लेटर। इस दौरान कार्य प्रभावित रहा। वहीं लगातार पूर्व मुखिया उदय साहू और जिला परिषद सदस्य प्रियंका कुमारी पर थाना प्रभारी अजीत कुमार काम चालू करवाने का दबाव बनाते रहे। काम ना चालू करवाने के एवज में कटकमदाग थाना कांड संख्या 131/18 भारतीय दंड संहिता के तहत 143 147 341 342 और 353 के तहत उन पर मुकदमा दर्ज कर दिया। इस तानाशाही रवैया के बाद ग्रामीणों में आंदोलन की सुगबुगाहट होने लगी। जब थाना प्रभारी अजीत कुमार मुखिया उदय साव पर काम शुरू करवाने का दबाव बनाने लगे तो उन्होंने थाना प्रभारी से कहा कि वे कंपनी के दलाल नहीं हैं, वे मुखिया का अधिकार मजदूरों पर नहीं दिखाएंगे। काम कैसे चालू होगा और कोयला की ढुलाई कैसे हो यह कंपनी का मसला है । इसके एवज में थाना प्रभारी ने 2 को नामजद एवं अज्ञात 150 ग्रामीणों पर बिना किसी घटित घटना के और बिना किसी आला अधिकारी के आदेश निर्देश प्राप्त किए प्राथमिकी दर्ज कर दी । पूर्व मुखिया उदय साव ने कहा कि 2016 में सबसे कम उम्र का मुखिया बनने का खिताब पूरे झारखंड राज्य में उन्हे हासिल हुआ था। लेकिन कानून का चोला पहने पूर्व थाना प्रभारी अजीत कुमार ने उनकी छवि को धूमिल करने की कोशिश करते हुए उनपर फर्जी मुकदमा दायर कर कई तरह के षड्यंत्र रचने की कोशिश की। जब उन्होंने थाना प्रभारी अजीत कुमार के रचे गए षड्यंत्र के खिलाफ कोर्ट का सहारा लिया तो उन्हे कोर्ट से न्याय मिला। क्योंकि सत्य परेशान होता है लेकिन कभी पराजित नहीं होता। पूर्व थाना प्रभारी की रची गई साजिश के 130/16 के तहत धारा 354, 354 और 509 के तहत 50 वर्षीय वार्ड सदस्य के साथ छेड़खानी का फर्जी मुकदमा दर्ज करवा दिए थे ।कुछ दिन बाद 43/17 के तहत 354, 379, 504, 34 आईपीसी और 66 के तहत तीन फर्जी मुकदमे दर्ज किए गए। 6 वर्ष के बाद सूचक थाना के बड़ा बाबू एवं एक भी स्वतंत्र साक्ष्य, पुलिस अधिकारी अपना बयान देने के लिए न्यायालय नहीं पहुंचे जिसके कारण दंडाधिकारी एसएस मिंज की अदालत ने साक्ष्य के अभाव में पूर्व मुखिया उदय साव पर पूर्व थाना प्रभारी के दर्ज किए गए मुकदमे में बा इज्जत बरी कर दी। इससे पहले भी दो केस में वे बरी हो चुके हैं।पूर्व जिला परिषद सदस्य प्रियंका कुमारी कहती हैं कि निवर्तमान थाना प्रभारी अजीत कुमार के ऊपर मानहानि का मुकदमा दर्ज करूंगी। 6 वर्षो से मुझे कोर्ट का चक्कर लगाना पड़ा है। हर वक्त हमारी मान प्रतिष्ठा को धूमिल करने का प्रयास किया गया। इसलिए मैं न्यायालय का सम्मान करते हुए कटकमदाग थाना के पूर्व थाना प्रभारी अजीत कुमार पर मानहानि का मुकदमा दर्ज करवाऊंगी और जो भी 6 वर्षो से दर्ज मुकदमे में या फिर केस लड़ने में खर्च हुए हैं उसे मैं अजीत कुमार से वसूले जाने की मांग करूंगी ।उदय साव ने कहा कि इस तरह दर्जनों फर्जी मुकदमा जैसे छेड़खानी,सरकारी काम में बाधा,रेकी करना , हत्या करवाना ,हत्या के प्रयास ,चोरी , छिनतई, हरिजन एक्ट जैसे मिथ्या आरोप लगा कर उन्हे परेशान किया गया। उन्होंने अपने ऊपर फर्जी दर्ज मुकदमे से बरी होने के लिए राष्ट्रपति ,प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, राज्यपाल ,मुख्यसचिव,पुलिस महानिदेशक, CID, ACB, NIA, ATC, मानवाधिकार आयोग,महिला आयोग, लोकायुक्त , पुलिस महानिरीक्षक,पुलिस उप निरीक्षक उतरी छोटा नागपुर हजारीबाग,पुलिस अधीक्षक हजारीबाग,उपायुक्त हजारीबाग के साथ साथ सभी स्वतंत्र एजेंसी से भी निष्पक्ष अनुसंधान कर फर्जी मुकदमा से मुक्त करने का आवेदन के माध्यम से फरियाद लगाया हूं।आवेदन में यह भी लिखी गई थी की मैं किसी केस में दोषी नही हूं ।मुझे राजनीतिक शिकार बनाया जा रहा ।

सन 2016 में पूरे झारखंड में सबसे कम उम्र का मुखिया मुझे पूर्ण बहुमत से बनाया गया था । सन 2022 के पंचायत चुनाव में मेरे व्यवहार ,कार्य करने की क्षमता ,निस्वार्थ भाव से समाज में कार्य करने के गुणवता के कारण उदय साव के पत्नी महिला आरक्षित होने के कारण चुनाव में खड़ी हुई और 1866 भोट से विजय बनाया गया यानी पूर्ण बहुमत से पंचायत समिति के पद पर चुनी गई तथा कटकमदाग प्रमुख पद की भी दायित्व भी दी गई इतना ही नहीं उदय साव और इनके पत्नी कटकमदाग प्रमुख कुमारी बिनीता की हजारीबाग प्रमुख संघ के महासचिव एवं झारखंड प्रमुख संघ के कोषाध्यक्ष पद पर सर्वसहमति से बनाया गया । उदय साव अब कह रहे है की शेष दर्ज फर्जी मुकदमा मैं आर्थिक स्थिति के कारण लड़ने में असमर्थ हूं । मुझे अपराधी बनाने की सडयंत्र किया जा रहा है । सडयंत्र के तहत मुझे लगातार मानसिक प्रताड़ित की जा रही है पुलिस के आला अधिकारी से अपील करते हुए केस में चार्ज सीट नही हुई है उसमे निस्वार्थ भाव से निष्पक्ष अनुसंधान, प्रवेक्षण किया जाए ताकि निर्दोष व्यक्ति कोर्ट कचहरी का चक्कर लगा कर परेशान न हो।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

# कर्बला के शहीदों की याद में मनाई जाती है मुहर्रम : इंतखाब



प्रभात मंत्र संवाददाता

**झरिया :** इमाम हुसैन ने ज़ालिम बादशाह यज़ीद के झूठ बेईमानी के आगे झुकना गवारा नहीं किया और अपने नन्हे मुन्ने बच्चों के साथ शहीद होकर हक़ का परचम बुलंद कर दिया। उसी की याद में पूरी दुनिया मुहर्रम मनाती है। हजरत इमाम हुसैन इस्लाम धर्म के संस्थापक हजरत मुहम्मद साहब के छोटे नवासे थे।

हजरत इमाम हुसैन अपने 72 साथियों के साथ मोहर्रम माह के 10वें दिन कर्बला के मैदान में शहीद हो गए थे। उनकी शहादत और कुर्बानी के तौर पर इस दिन को याद किया जाता है। कहा जाता है कि इराक में यजीद नाम का जालिम बादशाह था जो इंसानियत का दुश्मन था। यजीद को अल्लाह पर विश्वास नहीं था।

यजीद चाहता था कि हजरत इमाम हुसैन भी उनके खेमे में शामिल हो जाएं। हालांकि इमाम साहब को यह मंजूर न था। यजीद ने जंग का ऐलान कर दिया। हजरत इमाम हुसैन इस जंग में अपने बेटे, घरवाले और अन्य साथियों के साथ शहीद हो गए। कहा जाता है कि हजरत अली के निधन के बाद लोग इमाम हुसैन को खलीफा बनाना चाहते थे लेकिन हजरत अमीर मुआविया ने खिलाफत पर कब्जा कर लिया। मुआविया के बाद उनके बेटे यजीद ने खिलाफत अपना ली। यजीद क्रूर शासक बना।

उसे इमाम हुसैन का डर था। इंसानियत को बचाने के लिए यजीद के खिलाफ इमाम हुसैन ने कर्बला की जंग लड़ी और शहीद हो गए। उक्त सारी बातें मेदिकान्त सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, इनफार्मेशन टेकनोलोजी के हेड ऑफ़ डिपार्टमेंट शैख़ इंतखाब अहमद ने बताई।

# अर्धनग्न अवस्था में पेड़ से बंधी मिली महिला, क्षेत्र में सनसनी, चार गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरिया :** थाना के बागोडीह मोड़ के समीप बीती रात पेड़ में एक अर्धनग्न अवस्था में एक महिला के पेड़ में बंधे होने की सूचना से पुरे इलाके में सनसनी फ़ैल गई और इसकी सुचना सरिया पुलिस को दी गई जिसपर त्वरित कार्यवाई करते हुवे सरिया पुलिस ने उस महिला को पेड़ से सुरक्षित बरामद कर एक निजी अस्पताल में इलाज के लिये लाया , घटना की गंभीरता को देखते हुवे पुलिस ने महिला के लिखित आवेदन के आधार पर सरिया थाना कांड संख्या 122/2023 दर्ज कर घटना में शामिल चार अभियुक्तों की गिरफ्तारी की गई जिन्होंने अपनी संलिप्तता स्वीकार की है।

**रात में जबरदस्ती स्कूटी से उठा ले गये, रात भर तड़पती रही : संध्या (काल्पनिक नाम)**






संध्या ने मामले के बारे बताया की रात करीब 10:30 के लगभग में दो लोग आये और मेरे मुँह में गमछा से ढक दीये फिर मुझे दूर जंगल ले गये जहाँ इनलोग ने मुझे पेड़ में बांध दिया और मारपीट करने लगे मैं दर्द से तड़पती रही, हाथ जोड़ के विनती करती रही और लोग मुझे मारते रहे मैं कई बार बेहोश हो गई फिर ओ लोग मुझे उसी पेड़ में बंधा छोड़ के भाग गये सुबह मुझे पुलिस ने लाया और इलाज कराया।

**झारखण्ड में क़ानून व्यवस्था ध्वस्त : नागेंद्र**

बगोदर के पूर्व विधायक नागेंद्र महतो ने पीड़िता से मुलाक़ात के क्रम में कहा की वर्तमान सरकार में क़ानून नाम की कोई चीज है ही नहीं, रोज घटना घट रही, रेप, चोरी हत्या जैसी घटना घट रही है जो दुर्भाग्य है, मैं प्रशासन से मांग करता हुँ की इस घटना में शामिल लोगो को जल्द गिरफ्तार करें।

**पुलिस ने 8 घंटे में की अभियुक्तों की गिरफ्तारी :-** सरिया पुलिस इस मामले को लेकर सुबह से गंभीर दिखी, मामले की जानकारी होते मुकदमा दर्ज कांड संख्या 122/2023 दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर ली है और अनुसन्धान जारी रखी है।

**भाजपा ने निकाला प्रतिवाद मार्च :-** सरिया मंडल अध्यक्ष अजय यादव के नेतृत्व में सरिया के झंडा चौक से सरिया थाना होते हुवे एक प्रतिवाद मार्च निकाला और इस घटना में शामिल आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग किया।

## स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गुरुवार को लोहार बरवा रोड, आसन डाबर, टुंडी स्थित लालमणि वृद्धा सेवा आश्रम में समाजसेवी कुमार मधुरेंद्र सिंह के पहल पर आकस्मिक स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। आश्रम में टुंडी स्वास्थ्य केंद्र की टीम ने समस्त पुरुष एवं महिला वृद्धजनों की शारीरिक जांच की। गुरुवार को प्रातः आश्रम में जांच करने पहुंची टीम ने वृद्धजनों की समस्त शारीरिक जांच कर दवाइयां एवं सावधानी के परामर्श दिए। स्वास्थ्य जांच टीम में डा. विजय वर्मा, डा.रागनी प्रिया, विजय, किशोरी, धर्मेन्द्र, लक्ष्मी साव, विवेकानंद आदि शामिल थे। आश्रम के अध्यक्ष नौशाद गद्दी ने कुमार मधुरेंद्र सिंह को आश्रम में त्वरित जांच शिविर लगाने के प्रयास के फलस्वरूप वृद्धजनों को मिली राहत के लिए धन्यवाद दिया।

## समावेशी शिक्षा झरिया ने शिक्षकों को दिया दृष्टि जांच का प्रशिक्षण



**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झरिया एकेडमी में झरिया में समावेशी शिक्षा झरिया रिसोर्स सेंटर के तत्वावधान में राष्ट्रीय दृष्टिविहीनता नियंत्रण कार्यक्रम के तहत गुरुवार को प्रखण्ड के सभी विद्यालयों के बच्चों का दृष्टि परीक्षण हेतु शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया। सभी विद्यालयों के लिए स्लेनेल चार्ट एवं स्क्रीनिंग रिकॉर्ड शीट प्रदान किया गया। जाँच में दृष्टि दोष पाए जाने पर विद्यार्थियों को स्वास्थ्य विभाग की ओर से चश्मा निःशुल्क प्रदान किया जाएगा। रिसोर्स टीचर अखलाक अहमद ने कहा कि बदलते मौसम में संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। अतः आँखों का देखभाल जरूरी है। छात्रों की नेत्रदृष्टि ठीक है अथवा परीक्षण जरूरी है। इसके लिए दृष्टि सर्वेक्षण किया जा रहा है। फ़िज़ियोथेरेपिस्ट डॉ मनोज सिंह ने कहा कि दृष्टि जीवन की अनमोल धरोहर है। इसकी सुरक्षा के लिए समय पर जाँच जरूरी है। यदि कोई बच्चा नजदीक से पढ़ता है या पढ़ने के बाद सरदर्द का शिकायत करता है तो आँख जाँच जरूरी है। कार्यक्रम में डॉ मनोज सिंह, अखलाक अहमद, डॉ दिलीप कुमार, प्रधान शिक्षक उमेश नारायण, ब्रजेश कुमार, सोनू स्वर्णकार, प्रेमलता, ज्वाला प्रसाद गुप्ता, सतीस सिंह, उमाशंकर पाण्डे, गौर रविदास, अनवर हुसैन, राणा प्रताप सिंह, वरुण झा, राजदीप पाण्डे सहित सभी विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिका उपस्थित थे।

## सुरभि महिला मंडल ने एक दिव्यांग को दी मदद

**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** दीक्षा महिला मंडल के अंतर्गत सुरभि महिला मंडल लोदना क्षेत्र की अध्यक्षा विनीता सिन्हा एवं अन्य सदस्यों द्वारा एक बेरोजगार, दिव्यांग मनोज कुमार हाड़ी के पुत्र अशोक हाड़ी की बस्ताकोला निवासी को स्वरोजगार संचालन करने हेतु एक चाय की दुकान खोलने के लिए 5000 रुपये की आर्थिक मदद किया। इस कार्यक्रम में सुरभि महिला मंडल की अध्यक्षा विनीता सिन्हा के साथ सविता सिंह, सोमा खवास भी उपस्थित थी।

## थाना प्रभारी ने नारियल फोड़कर किया कार्य की शुरुआत

**बाघमारा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** तेतुलमुरी मोडीडीह कोलडंप में असंगठित मजदूर संयुक्त मोर्चा और मुंडेन कम्पनी गौतम कुमार महाप्रबंधक से सौहार्द पूर्ण समझौता हुआ जोगता थाना प्रभारी दीपक कुमार झा के द्वारा नारियल फोड़कर कार्य का सुभारम्भ कराया।मौके पर विद्रोही मनोज महतो सुदामा महतो मंगल चौहान एवं थाना प्रभारी दिपक कुमार झाअनुज कुमार सिन्हा उर्फ पलटु, जसीम अंसारी सुखदेव एंव थाना के स्टाफ ग्रामीण मौजूद थे।

# धनबाद के 52 वें उपायुक्त के रूप में वरुण रंजन ने किया पदभार ग्रहण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन ने आज धनबाद के 52 वें उपायुक्त के रूप में समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय कक्ष में पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर निवर्तमान उपायुक्त संदीप सिंह ने पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। इसके बाद सभी औपचारिकताएं पूरी कर उपायुक्त वरुण रंजन ने पदभार संभाला। पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने कहा कि राज्य सरकार व केन्द्र सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारना उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी। साथ ही कहा कि यहां की अन्य समस्याओं की पहचान कर उसका समाधान किया जाएगा। निवर्तमान उपायुक्त संदीप सिंह ने कहां कि अपने कार्यकाल के दौरान सबके सहयोग से धनबाद में कई काम किए। राज्य और केन्द्र सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारने का प्रयास किया है। साथ ही कहा कि मीडिया सहित अन्य माध्यमों से कई समस्याओं की जानकारियां मिलती रही। उसके समाधान की दिशा में कई कारगर कदम उठाए। धनबाद में उपायुक्त के रूप में काम करने का अनुभव बहुत अच्छा रहा। इसके बाद उपायुक्त वरुण रंजन ने सभी पदाधिकारियों के साथ औपचारिक मुलाकात की और उनका परिचय प्राप्त किया। इसके बाद उन्होंने समाहरणालय के विभिन्न कार्यालय का भ्रमण किया।

# भाईचारे व सौहार्दपूर्ण रुप से मनाएं त्यौहार : सीओ



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरिया :** मोहर्रम पर्व को लेकर गुरुवार को सरिया थाना में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता अंचलाधिकारी धीरज कुमार तथा संचालन थाना प्रभारी संतोष कुमार मौर्य ने किया इस अवसर पर पूरे थाना क्षेत्र के दोनों धर्मो के लोग उपस्थित हुए. बैठक में बारी-बारी से सभी अखाड़ा क्षेत्र के लोगों से जानकारी प्राप्त की गई.किसी प्रकार की समस्या आने पर उन्हें तत्काल प्रशासनिक अधिकारियों को सूचित करने को कहा गया.निर्देश दिया गया कि निर्धारित रूट से ही वे ताजिया निकालें. दूसरे धर्मावलंबियों के धार्मिक स्थलों पर भीड़-भाड़ ना लगाएं,नारेबाजी ना करें.कानून व्यवस्था को बनाए रखने में प्रशासन को सहयोग करने की अपील भी की गई.साथ ही कहा गया कि ताजिया के दौरान डीजे बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा.निर्देश जारी करने के बाद भी यदि लोग नियम का उल्लंघन करते हैं तो डीजे को जब्त कर संचालक पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी. सोशल मीडिया तथा असामाजिक तत्व द्वारा किसी प्रकार का क्रम फैलाए जा रहे हो तो शांति समिति तथा सभ्य प्रबुद्ध नागरिक इसकी सूचना प्रशासनिक अधिकारियों को कहा कि यदि सोशल मीडिया पर किसी तरह का भ्रामक संवाद आता है तो उसे फॉरवर्ड नहीं करें.बल्कि इसकी जानकारी भी प्रशासन को दी जाए.ताकि ऐसे व्यक्ति पर अंकुश लगाई जा सके.लोगों को सूर्यास्त से पूर्व ताजिया मिलन कर वापस आने की सलाह दी गई.मौके पर प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष मुरली मनोहर मंडल,उप प्रमुख रामदेव यादव, मोहम्मद इकबाल, हरि मंडल, कृष्ण मुरारी पांडेय, गयासुद्दीन अंसारी, रफीक अंसारी, मोहम्मद यूसुफ, विनोद सिंह, दिगंबर सिंह समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# झामुमो नेता को पितृशोक, टुंडी विधायक पहुंचे उनके आवास



प्रभात मंत्र संवाददाता

**टुंडी :** टुंडी प्रखंड झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता अनवर अंसारी के पिता के निधन की खबर सुनकर टुंडी विधायक कमारडीह स्थित उनके आवास पहुंचकर परिजनों को बंद बंधाया ढांढस। बताया जाता हैं कि पिता की उम्र करीब 70 वर्ष था एवं अपने पीछे 3 पुत्र एवं तीन पुत्र या छोड़ गए मौके पर टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो, उनके निजी सचिव बसंत महतो, एनुल अंसारी, अब्दुल रशीद, समेत कई झारखंड मुक्ति मोर्चा नेता उपस्थित थे।

# बीसीसीएल आवासों पर अवैध कब्जा से मचा घमासान

प्रभात मंत्र संवाददाता

**झरिया :** बीसीसीएल लोदना क्षेत्र संख्या 10 के बीसीसीएल आवासों पर अवैध कब्जा करने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। भागा दो नंबर में बच्चा गुट द्वारा किए गए एक आवास पर कब्जा के मामले को लेकर प्रबंधन ने अवैध कब्जेधारी हब्बू रवानी और रंजीत यादव के खिलाफ झरिया थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई हैं। जबकि शालीमार में चार अधिकारी आवासों पर बच्चा गुट और कुंती गुट समर्थकों द्वारा किये गए अवैध कब्जा को लेकर जोरापोखर पुलिस मामले कि जांच कर रही है।



ज्ञात हो कि बुधवार कि शाम को भागा दो नंबर में एक तथा शालीमार में जोरापोखर के समीप चार आवासों पर जनता मजदूर संघ बच्चा गुट के समर्थकों ने कुंती गुट के समर्थकों के साथ मिलकर अवैध कब्जा जमा कुंडली मारकर बैठ गए हैं। भागा में आवास कब्जा करने की सूचना पर एकीकृत जयरामपुर कोलियरी के पीओ एके पाण्डेय के निर्देश पर झरिया थाना में मामला दर्ज कराया गया है। वही शालीमार आवास कब्जा के मामले में क्षेत्रीय प्रबंधन मूकदर्शक बनी हुई है। हालांकि जोड़ापोखर पुलिस को अभियंता अभिषेक कुमार ने उसके आवास पर कब्जा किए जाने का शिकायतपत्र देकर कार्रवाई कि मांग किया है। पुलिस मामले कि जांच को गई जिसका जनता मजदूर संघ के समर्थकों ने विरोध किया है।

आवासों पर जिला के प्रभावशाली मजबूत घरानों के समर्थकों का कब्जा करने के कारण उसके खिलाफ किसी तरह कि कार्रवाई करने में अधिकारियों के हाथ पांव फूल रहा है। बताते है कि बरारी मोड़ के पास एक बीमा अभिकर्ता, जेलगोड़ा अस्पताल के पास एक ट्रेड यूनियन के नेता, शालीमार में एक पुलिस पदाधिकारी, तथा डिनोबली मोड़ में एक भाजपा नेता का आवास पर अवैध कब्जा किए हुए हैं।

# बिरनी पुलिस ने एक अपराधी को किया गिरफ्तार, भेजा जेल

## आरोपी महेंद्र का रहा है आपराधिक रिकॉर्ड

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बिरनी :** गुरुवार को प्रखंड क्षेत्र के बरहमसिया पंचायत के ग्राम टाटो निवासी महेंद्र प्रसाद वर्मा पिता स्वर्गीय गुलाब महतो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आपको बता दें कि इसी गांव निवासी अभियुक्त के सगे भाई पुनीत प्रसाद वर्मा पिता स्वर्गीय गोविंद महतो ने आरोपी के खिलाफ बिरनी थाना में बीते मई माह को कांड संख्या 92/23 मामला दर्ज किया गया है। पीड़ित पुनीत प्रसाद वर्मा ने थाना में दिये आवेदन में कहा है कि उसके सगे भाई महेंद्र ने कुछ वर्ष पूर्व डेढ़ लाख रुपये नगद काम चलाने के लिए उधार लिया था परंतु बार-बार मांगने पर वह बहाने बनाता रहा। इस बीच बीते 9 अप्रैल को पैसे मांगने के लिए मैं उसके घर पर गया था तब आरोपी महेंद्र उसकी पत्नी लीलावती देवी एवं उसके पुत्र मदन कुमार ने उस पर लाठी-डंडे और लोहे की रॉड से हमला कर दिया जिसमें मैं बुरी तरह से घायल हो गया बीच बचाव में आई मेरी गर्भवती पत्नी को भी इनलोगों ने बड़ी बेरहमी से मारा पीटा जिसमें इलाज के दौरान उसका गर्भपात हो गया। महेंद्र प्रसाद वर्मा का एक अपराधिक रिकॉर्ड भी रहा है उसके विरुद्ध गुजरात के सूरत शहर के सलाबतपूरा पुलिस स्टेशन में आई पी सी धारा 454, 457, 380,120बी, 114 के तहत कांड संख्या 12/19, 13/19 और 14/19 दर्ज है। जिसमे सूरत के एक प्रसिद्ध कपड़ा मार्केट के कई दुकानों में करोड़ों रुपए के कपड़े ,नगदी समेत अन्य सामग्री के गबन करने का मामला दर्ज है, जिसमे आरोपी कई बार जेल की हवा खा चुका है।

# खदान को दुबारा खोलने का श्रेय नारी शक्ति व विधायिका पूर्णिमा नीरज सिंह को : के डी पाण्डेय

प्रभात मंत्र संवाददाता

**झरिया :** सेल कंपनी के बंद जीतपुर कोलियरी में फिर से कोयला उत्पादन शुरू करने को लेकर मजदूरों एवं उसके आश्रित महिलाओं का किया गया आंदोलन का परिणाम है की अगले कुछ दिनों में कोलियरी से कोयला उत्पादन शुरू होने वाला है। उक्त बातें गुरुवार को जीतपुर में सामुदायिक भवन में आयोजित कर्मियों की बैठक होने के बाद जनता मजदूर संघ के संयुक्त महामंत्री सह झरिया विधायक प्रतिनिधि केडी पाण्डेय ने प्रेस वार्ता में कही। उन्होंने कहा कि मजदूरों और उनके आश्रित नारी शक्ति ने अपनी रोजी रोटी के लिए खदान में जल्द उत्पादन शुरू कराने को जोरदार आंदोलन किया।



संघ के असंगठित के शाखा सचिव लोकनाथ तिवारी एवं राजू वर्मा ने सहयोगियों के साथ मई में पांच दिनों तक आमरण अनशन किए। इस दौरान राजू वर्मा की तबीयत बिगड़ने पर चासनाला अस्पताल में भर्ती होना पड़ा था। आंदोलन के चलते ही सेल प्रबंधन बैकफुट पर आकर वार्ता कर एक माह में उत्पादन शुरू होने का आश्वासन दिया गया। श्री पाण्डेय ने कहा कि खदान को खोलवाने की कार्य में झरिया के विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह का विशेष योगदान रहा है। विधायक ने मुख्य सचिव, झारखण्ड सरकार से जीतपुर के सम्बन्ध में वार्ता की तथा प्रबंधन पर दबाव बनाकर जून में 56 लाख का बैंक गारन्टी वन एवं पर्यावरण विभाग को तथा 3 जुलाई को लगान का 4.41.132/- रूपया जमा करायी।

# राष्ट्रीय अध्यक्ष के पीआरओ बने प्रमोद कुमार मिश्र : बॉबी पांडे



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** जम्मू कश्मीर में दिनांक 1 अगस्त से 15 अगस्त तक भव्य तिरंगा यात्राएं आयोजित होंगी। इस दौरान वहां लगभग 5000 नए सदस्यों के संगठन से जुड़ने की संभावना है। इसके साथ ही जमशेदपुर स्थित राजेंद्र विद्यालय ऑडिटोरियम में दिनांक 30 जुलाई 11 बजे से सैनिक शौर्य सम्मान सह प्रतिभा सम्मान-2023 आयोजित होगा, जिसकी तैयारी लगभग पूरी हो गई है। इस कार्यक्रम के निमित्त राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश झा एवं दिल्ली के पूर्व विधायक सुरेन्द्र कमांडो 29 जुलाई को फ्लाइट से रांची आकर सड़क मार्ग से जमशेदपुर के लिए प्रस्थान करेंगे। संगठन में अनुशासन एवं प्रोटोकॉल का पूर्णरूपेण अनुपालन हो, इस उद्देश्य से प्रमोद कुमार मिश्र, वरीय राष्ट्रीय उपाध्यक्ष को राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश झा का पीआरओ नियुक्त किया गया एवं वरिष्ठ राष्ट्रीय महामंत्री गिरीश पाठक को सलाहकार का कार्यभार सौंपा गया। प्रमोद कुमार मिश्र ने राष्ट्रीय अध्यक्ष के प्रति प्रसन्नता एवं आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि संगठन के हित में अनुशासन एवं प्रोटोकॉल का पालन करते हुए पीआरओ की महत्वपूर्ण जिम्मेवारी संभालने में किसी भी प्रकार की कमी नही होने दी जाएगी। उपरोक्त सारी जानकारी बॉबी पांडे, वरिष्ठ प्रदेश प्रवक्ता ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी है।

# पूर्व विधायक संजीव सिंह की इच्छामृत्यु की याचिका खारिज

## निजी अस्पताल में इलाज की मिली अनुमति

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** झरिया के पूर्व विधायक संजीव सिंह की इच्छा मृत्यु की याचिका को जिला एवं सत्र न्यायाधीश 16 अखिलेश कुमार ने गुरुवार को खारिज कर दिया। साथ ही संजीव सिंह को धनबाद के किसी निजी अस्पताल में जांच की अनुमति दे दी गई। कोर्ट ने जेल प्रशासन को आदेश दिया है कि जहां संजीव सिंह की जांच की समुचित व्यवस्था हो, वहां उनकी जांच कराई जाए। 11 जुलाई से ही संजीव सिंह धनबाद के एसएनएमएमसीएच में इलाजरत हैं। उन्होंने बेहतर इलाज के लिए दिल्ली के मैक्स अस्पताल या सीएमसी के वेल्लोर में रेफर करने की मांग न्यायालय से की थी। अधिवक्ता के माध्यम से संजीव ने न्यायालय से गुजारिश की थी कि यदि उन्हें दिल्ली या वेल्लोर नहीं भेजा जा सकता तो उन्हें धनबाद के किसी निजी अस्पताल में बेहतर इलाज की



अनुमति दी जाए। पहले न्यायालय ने संजीव सिंह को रिम्स रेफर करने को कहा था, जिस पर संजीव सिंह ने रिम्स जाने से यह कहते हुए इनकार कर दिया था कि वहां उन्हें जान का खतरा है। तीन दिनों तक चली बहस के बाद गुरुवार को संजीव सिंह को असर्फी अस्पताल, एशियन जालान या पाटलिपुत्र नर्सिंग होम में जांच कराने की अनुमति कोर्ट से मिल गई है।

# जोहार कृषि मार्ट में प्रधानमंत्री के उद्बोधन को लाइव सुनाया गया



**पूर्वी टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** देश में किसानों के लिए कई तरह की योजनाएं चलाई जाती हैं। जिनमें से एक प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना है। इस योजना को केंद्र सरकार जरूरतमंद किसानों के लिए चलाती है। इस योजना के अंतर्गत अब 14 किस्त के पैसे किसानों के खातों में जारी हो जाता हैं। धनबाद ग्रामीण जिले में 20 कृषि समृद्धि केंद्रों का चयन किया गया है। जहां किसानों को खाद, बीज, दवाई मिट्टी जांच की सुविधा तथा अन्य कृषि जानकारियां प्राप्त होगी।

# किसानों को मजबूत करना पीएम का उद्देश्य, देश के किसानो को फिर मिला तोहफा : सुरज मोहन साहू

**➲पीएम ने देश के किसानो को पीएम किसान सम्मान निधि का 14 वाँ किस्त किया जारी किसानो मे हर्ष**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 27 जुलाई गुरुवार को प्रखंड के सढाबे पंचायत के ग्राम खरता दिनेश कुमार दुबे के पीएम किसान स्मृद्धि केंद्र पर सैकड़ो किसानों ने पीएम का लाईव सुना। लाईव सुनने पहूँचे भाजपा कैरो प्रखंड अध्यक्ष लखन उराँव,जिला कार्यसमिति सद्स्य विशेश्वर प्रसाद दीन,एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष सूरज मोहन साहू ने भी किसानो के साथ लाईव प्रसारण सुनी। मौके पर जिला उपाध्यक्ष साहू ने कहा कि देश के यशस्वी पीएम माननीय नरेन्द्र मोदी ने देश के किसानो को फिर एक बार फिर दी है बड़ी सौगात। साहू ने कहा कि पीएम ने राजस्थान के सीकर से देश के 1.25 लाख पीएम किसान समृद्धि केंद्र को राष्ट्र को समर्पित करते हुए अपने उद्बोधन मे कहा कि किसानो के जरूरतो के हर कृषि उपयोगी सामग्री व आधुनिक जानकारी अब उक्त केन्द्रो से होगी प्राप्त, मिट्टी की जाँच, खाद, बीज, औजार, और दुसरी कृषि योग्य मशीने भी समृद्धि केन्द्र पर किसानो को प्राप्त हो सकेगा। इस अवसर पर देश के किसानो के बीच 17000 हजार करोड़ रुपये की 14 किस्त की प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की किस्त जारी किये जाने पर किसानो ने पीएम को किया आभार। मौके पर किसान हरि उराँव, सुकरू उराँव, विराज महतो, सन्तोष कुमार साहू, चारो उराँव,मठू महली,बुलू महतो, बहुरा उराँव, जैगी उराँव, बुद्धिमान महली, मोहन महली, फुलदेव महली, सोमा उराँव, पंचम महली, टेरे उराईंन, सुकरी उराईन, मंजू उराँईन, सुनीता बाड़ा, संतोषी देवी, नीलम देवी, सुरेश कुमार दुबे, कलावली देवी इत्यादि सैकड़ो किसानो ने पीएम का लाईव प्रसारण खरता किसान समृद्धि केंद्र पर सुना।

## अरविंद कुमार लाल ने की प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम की समीक्षा बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** अनुमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल कीअध्यक्षता में आज प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) की समीक्षा बैठक समाहरणालय सभागार में की गई। बैठक में बैंकों द्वारा स्वीकृत किये गये कुल 25 लाभुकों को दो सप्ताह के अंदर भुगतान कर निष्पादित करने का निदेश जीएम, डीआईसी को दिया गया। बैंकों के शाखाओं में लंबित सभी 64 आवेदनों को एक माह के अंदर स्वीकृत और अगले एक माह में भुगतान की प्रक्रिया निष्पादित किये जाने का निदेश दिया गया। साथ ही,बैंक प्रबंधकों को निदेश दिया गया कि किसी लाभुक आवेदन अगर वापस या रिजेक्ट किया जाता है उसकी स्क्रूटनी अवश्य करें। रिजेक्ट या वापस किये गये आवेदनों में सही कारण लिखा जाय। इसके अतिरिक्त बैठक में प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (पीएमएफएमई योजना) की चर्चा हुई जिसमें सभी बैंक प्रबंधकों को दो माह के अंदर कम से कम दो-दो आवेदन सृजन व स्वीकृत करने का निदेश दिया गया। आज की बैठक में उद्योग महाप्रबंधक अनिल कुमार और विभिन्न बैंकों के प्रबंधक उपस्थित थे।

## अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त खनन अधिनियम के तहत होगी कारवाई



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालू उठाव कर परिवहन के दौरान पुलिस की कारवाई में एक ट्रैक्टर मेढो पथ स्थित एकागुड़ी से जब्त कर खनन विभाग को किया गया सूचनार्थ। सेन्हा थाना क्षेत्र के डांडू कोयल नदी से बालू उठाव की गुप्त सूचना पूर्व से प्रशासन को प्राप्त हो रही थी। जिसपर लगतार पुलिस गस्ती दल द्वारा उन बालू माफिया के विरुद्ध कारवाई के लिए छापामारी अभियान तेज कर दिया गया था। इस संदर्भ में थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने जानकारी देते हुए कहा कि अवैध बालू उठाव की सूचना पर पुलिस द्वारा लगतार कारवाई विशेष अभियान एवं पुलिस गस्ती टीम द्वारा किया जा रहा था। परंतु कोयल नदी से बालू उठाव करते हुए नही पाया गया था। फिर भी अभियान जारी रहा। उसी दौरान गुरुवार अहले सुबह छापेमारी के दौरान मेढो पथ स्थित एकागुड़ी के समीप से अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जे एच 08 जे 5834 को पुलिस द्वारा जब्त कर ट्रैक्टर को थाना परिसर में सुरक्षित रखते हुए खनन अधिनियम के तहत अग्रतर कारवाई हेतु खनन विभाग को सूचनार्थ किया गया है।

## पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम के तहत ग्रामीणों द्वारा तैयार बीज सीड बॉल का किया रोपण



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पर्यावरण जगरूकता कार्यक्रम के तहत पारही ग्राम में ग्रामीणों द्वारा सीड बॉल बनाने का अभियान चलाया गया वन प्रमंडल लोहरदगा पदाधिकारी अरविंद कुमार सहित बीडीओ एवं जनप्रतिनिधि रहे मौजूद। सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के भड़गांव पंचायत के पारही ग्राम में पर्यावरण जगरूकता कार्यक्रम के साथ सीड बॉल तैयार करने तथा रोपाई करने को लेकर ग्रामीण क्षेत्र में अभियान चलाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन वन प्रमंडल लोहरदगा के डीएफओ अरविंद कुमार प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा,जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की प्रमुख फुलझरी देवी, मुखिया अनिल उराँव द्वारा संयुक्त रूप से फीता काट कर किया गया। इस अभियान की शुरुवात संस्था से जानकारी प्राप्त कर ग्रामीण अपने जंगल को हरा भरा करने के लिए सीड बॉल बनाने का अभियान चलाया जिसमें लागभग 25000 बीज गेंद स्थानीय पेड़ पौधों का बीज करंज,जामुन,आम,इमली,केंद,पियार, महुवा,गमहार,साल,आकाशी,करौंजी सहित जंगल मे पाए जाने वाले बीजो को मिट्टी मिश्रण में तैयार कर सीड बॉल बनाया गया। जिसका आमंत्रित प्रतिनिधियों एवं अधिकारी गण के द्वारा वन भूमि में बुआई किया गया। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की द्वारा ग्रामीणों का तारीफ करते हुए बतलाया गया कि यह अनोखा प्रयास काफी प्रेरणा दाई है। इस तरह के प्रयास में जो भी सहयोग की आवश्यकता पड़े हमे अवश्य अवगत कराएं। इसी क्रम में वन प्रमंडल पदाधिकारी अरविन्द कुमार द्वारा जंगल बचाने को लेकर विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए क्षेत्र में संदेश प्रकाशन करने का सलाह दिया गया। इस प्रकार उपस्थित प्रखंड प्रमुख,प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं मुखिया द्वारा भी ग्रामीणों के इस कार्य को सराहा गया। और बतलाया गया कि आप ग्रामीणों द्वारा यह शुरुवात आस पास के वन क्षेत्र के गांव मुहल्ला में प्रेरित करने का सुझाव दिया गया.कार्यक्रम में मुख्य रूप से पारही ग्राम के ग्रामीणों के साथ साथ प्रदान से गोल्डन,सपना,अरचा,रामस्वारत,सोनू,शिवशंकर,गोपाल,जनमजय,भीम सहित ग्रामीण महिला पुरुष शामिल थे।

# उपायुक्त ने मशाल प्रज्ज्वलित कर तीन दिवसीय खो-खो प्रतियोगिता का किया शुभारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जवाहर नवोदय विद्यालय समिति, पटना संभाग का आज संभाग स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता आज गुरूवार को सेन्हा प्रखण्ड स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय, जोगना में शुरू हुई। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा मशाल प्रज्ज्वलित कर की गई। कार्यक्रम में उपायुक्त ने कहा कि जवाहर नवोदय विद्यालय, जोगना के बच्चे शिक्षा के साथ-साथ कला, खेल व विज्ञान के क्षेत्र में लगातार बेहतर कर रहे हैं। विद्यालय ने अपनी स्थापना के बाद से अब तक अपनी बुनियाद को और मजबूत किया है। कार्यक्रम में रांची जिला के मलखंभ खिलाड़ियों द्वारा पोल व रोप मलखंभ के विभिन्न कलाओं का प्रदर्शन किये जाने के बिंदु पर उपायुक्त ने कहा कि मलखंभ बहुत ही मुश्किल खेल है। इसे सीखना और सिखाना, दोनों बहुत कठिन कार्य होता है। महाराष्ट्र राज्य में यह खेल बहुत प्रसिद्ध है। उपायुक्त ने छात्र-छात्राओं से कहा कि जवाहर नवोदय विद्यालय में सर्वांगीण विकास के कार्यक्रम चलाये जाते हैं। उम्मीद है कि यह परंपरा आनेवाले वर्षों में भी जारी रहेगी। आप सिर्फ विद्यालय ही नहीं बल्कि राज्य और देश का नाम भी रौशन करेंगे, नये आयाम गढ़ेंगे। उपायुक्त द्वारा सभी टीम के खिलाड़ियों को खेल भावना की शपथ दिलायी गयी। तीन राज्यों की टीमें ले रही हैं भाग संभाग स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता में झारखण्ड से रांची, पश्चिम बंगाल से बर्द्धमान, बिहार से पटना व कटिहार जिला की बालक व बालिका वर्ग की टीमें भाग ले रही हैं। इसमें कुल प्रतिभागी 288 हैं। आज के कार्यक्रम में उपायुक्त,लोहरदगा एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी, लोहरदगा को शॉल ओढ़ाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य एससी झा, सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं व सभी प्रतिभागी टीमें उपस्थित थे।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज महिलाएं सशक्त हो रही है : ईश्वरी मोहन शर्मा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भंडरा-लोहरदगा :** इफको एवं पी,एम, के, एस के व साहू इंटरप्राइजेज भंडरा द्वारा किसान सभा का आयोजन डाक बंगला भंडरा में पीएम किसान सम्मान निधि के 14 वे किस्त का किसानों को हस्तांतरण के उपलक्ष में कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी जी का लाइव भाषण किसानों को सुनाया गया। इस अवसर पर संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री बालकृष्ण सिंह ने कहा कि आज माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदरदास मोदी जी के नेतृत्व में पूरा देश आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि जब तक हमारा देश का किसान सशक्त नहीं होगा तब तक हमारा देश आगे नहीं बढ़ सकता अतः किसानों के हित में किसानों को सशक्त करने के लिए प्रधानमंत्री जी के द्वारा पी एम किसान सम्मान निधि का आज 14 वें किस्त के रूप में सभी किसानों के बैंक खाते में भेजा,ताकि किसान अपना खेती बारी कर सके आज सभी देशों में खाद यूरिया ,डीएपी का दाम बहुत ज्यादा बढ़ा हुआ है लेकिन माननीय प्रधानमंत्री जी के द्वारा हमारे देश के किसानों को सब्सिडी दर पर 266 प्रति बैग यूरिया उपलब्ध करा रहे है ठीक उसी तरह डीएपी भी अनुदानित मूल्य पर उपलब्ध है। साथ ही उन्होंने कहा कि आप ज्यादा पैदावार लेने के लिए नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी का उपयोग करें क्योंकि नैनो डीएपी यूरिया का छिड़काव सीधे फसल को ज्यादा से ज्यादा लाभ देता है और इससे किसानों को ज्यादा लाभ मिलेगा। कार्यक्रम में पूर्व उप प्रमुख भारतीय जनता पार्टी के पूर्व मंडल अध्यक्ष ईश्वरी मोहन शर्मा ने कहा कि आज मोदी जी के नेतृत्व में महिला सशक्त हो रही है, किसान आगे बढ़ रहे हैं, सबको स्वास्थ्य लाभ आयुष्मान योजना के तरह हो रहा है, सभी गरीबों को मुफ्त में अनाज उपलब्ध हो रहा है, शिक्षा का स्तर में सुधार हुआ है। भंडरा पंचायत के मुखिया श्री इंद्रदेव उरांव ने कहा कि प्रधानमंत्री जी की बातों को सुनकर हम सभी को गांव-गांव में जाकर सभी को बताएं। इस कार्यक्रम को साहू इंटरप्राइजेज के अनंद कुमार साहू ने भी संबोधित किया और कहा कि कंपनी के द्वारा जो भी सुविधाएं मिलती है उसे हम हर संभव किसानों तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे।

## मालसाड़ा में धूमधाम से मनी इंद्र पूजा



**सिमडेगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बोलबा प्रखंड के मालसाड़ा ग्राम में ग्रामीणों ने धूमधाम से इंद्र भगवान की पूजन उत्सव मनाया गया। सर्वप्रथम पुरोहित परमेश्वर पंडा द्वारा मंत्र उच्चारण के द्वारा किया गया वही यजमान के रूप में बाल गोविंद सिंह व पत्नी उपस्थित थे। इंद्र भगवान की पूजन के पश्चात मालसाड़ा के ग्रामीणों ने धूमधाम भजन कीर्तन कर आनंद किया। इस अवसर पर विशेष रुप से इंद्र भगवान की पूजा की गई साथ ही अच्छी बारिश के साथ अच्छी अन्न की उपज अच्छी हो इसकी प्रार्थना की गई। मौके पर मालसाड़ा एवं खंडानिशान के ग्रामीण एवं मुख्य रूप से ज्योतिषाचार्य संजय मिश्रा सरस्वती शिशु मंदिर प्रधानाचार्य श्री जगरनाथ सिंह केसरी सिंह अरुण सिंह मनोज सिंह जयराम सिंह ललन सिंह महेंद्र सिंह जहुरन सिंह आदि उपस्थित थे।

## मणिपुर कांड को लेकर महिला समूह गांव समाज में चलाए जगरुक्ता कार्यक्रम : राधा तिर्की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** मणिपुर में महिलाओं के साथ हुई घटना का निंदा करते हुए सेन्हा गरिमा परियोजना में जिला परिषद सदस्य के नेतृत्व में महिला जगरुक्ता कार्यक्रम चलाया गया। सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायत ग्राम में महिला जगरुक्ता एवं सशक्तिकरण को बढ़ावा देने को लेकर जगरुक्ता कार्यक्रम आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के तहत गरिमा परियोजना परिसर में महिला समूह के साथ बैठक कर मणिपुर में हुई महिलाओं के साथ हुए घटना को निंदनीय बताते हुए जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की ने कहा कि महिलाएं आज पुरुष के साथ कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ रही है। और रोजगार के क्षेत्र में समाजिक क्षेत्र में या सरकारी कर्मचारी के रूप में महिला अपनी बहुमूल्य समय प्रदान कर रही है?। बताते हुए कहा कि महिला समहू जिस प्रकार पंचायत गांव मूहल्ला में डायन कुप्रथा,महिला उत्पीड़न, दहेज उत्पीड़न सहित विभिन्न बिंदुओं पर जगरुक करने का कार्य कर रही है। और लोगों की इन सभी बुराइयों से दूर रहने को लेकर प्रेरणा देने का कार्य किया जा रहा है। उसी प्रकार महिला सुरक्षा अभियान चलाते हुए जगरुक्ता पर जोर दिया गया। साथ ही राज्य सरकार से महिला कानून की मांग पर प्रकाश डाला गया।

## महिला सशक्तिकरण विषय पर डालसा ने किया कार्यक्रम का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** झालसा रांची एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार लोहरदगा के अध्यक्ष श्री राजेंद्र बहादुर पाल के दिशा निर्देश अनुसार आज दिनांक 27 जुलाई 2023 को एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, कुजरा में 300 छात्राओं के बीच विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव राजेश कुमार, एलएडीसी के अधिवक्ता इन्द्रानी कुजुर,स्थाई लोक अदालत के सदस्य स्मिता सिन्हा, पीएलबी गौतम लेनीन,एवं रवि कुमार लोहरा उपस्थित रहे। जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा आवासीय विद्यालय के छात्राओं के बीच डायन प्रथा,महिला भ्रूण हत्या,पोक्सो एक्ट, चाइल्ड लाइन एवं डालसा के विभिन्न कार्यो के बारे में जानकारी दी गई । चाइल्ड लाइन संबंधित 1098 नंबर कैसे काम करता है इसका बच्चों के बीच डेमो देकर प्रस्तुतीकरण किया गया । इससे पूर्व एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय के प्राचार्याअमृता मिश्रा ने डालसा के टीम का स्वागत किया एवं विद्यालय प्रांगण में डालसा सचिव द्वारा फलदार वृक्ष भी लगाया गया।

## प्रखंड प्रशासन ने मोहर्रम त्यौहार को लेकर किया फ्लैग मार्च



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भंडरा-लोहरदगा :** मुहर्रम में शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर भंडरा पुलिस प्रशासन ने बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा व अंचलाधिकारी दिनेश प्रसाद गुप्ता के नेतृत्व में प्रखंड के नवाडीहा मोड़ से ऊपर टोली होते हुए कुंबाटोली बस्ती बाजार ताड़ में फ्लैग मार्च निकाला गया। इस दौरान भीड़ भाड़ वाले जगहों पर कड़ी निगरानी रखने का निर्देश दिया गया। फ्लैग मार्च के बाद पदाधिकारियों ने गांव की बुद्धिजीवियों से बात विचार करते हुए मुहर्रम की तैयारी का जायजा लिया। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी,व थाना प्रभारी ने पूरे प्रखंड वाशियो से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की वही थाना प्रभारी ने बताया कि किसी तरह के अपवाह में ध्यान नही दे किसी भी तरह असहज महसूस होने पर प्रखंड प्रशासन के अविलंब सूचना दे।

## जनता की शिकायत का त्वरित निष्पादन होगा : थाना प्रभारी



**केरसई (प्रभात मंत्र संवाददाता):** केरसई थाना परिसर में नवनियुक्त थाना प्रभारी मुन्ना रामानी के परिचयात्मक समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शांति समिति के सदस्यों जनप्रतिनिधियों एवं आम जनता को संबोधित करते हुए नवनियुक्त थाना प्रभारी मुन्ना रमानी ने कहा की जनता की शिकायत का त्वरित निष्पादन करना अपराधिक गतिविधियों पर नियंत्रण करना और क्षेत्र में अमन शांति स्थापित करना हमारा प्रमुख लक्ष्य है जनता में पुलिस का मैत्री भाव पैदा कर क्षेत्र में बेहतर और भयमुक्त वातावरण तैयार करने के साथ ही, तमाम थाना क्षेत्र वासियों से सहयोग की अपील करता हूं। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह से गैर कानूनी कार्य सोशल मीडिया में अफवाह और अवैध शराब पर पूरी तरह से कड़ाई की जयगी, कानून की बात नहीं मानने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी अंचल अधिकारी जिला परिषद एवं प्रमुख ने भी अपने-अपने विचार रखे।

# प्रधानमंत्री जी की सोच, हर किसान हो खुशहाल और सम्पन्न : विमला प्रधान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने आज पूरे देश मे एक साथ 1.25 लाख कृषि समृद्धि केंद्र का ऑनलाइन शुरुआत किया, साथ ही प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की राशि भी किसानों के खाते में बटन दबाकर डाला। कार्यकर्ताओं के साथ गुलजार गली स्थित अनूप किसान समृद्धि केंद्र में कार्यक्रम को देख रही पूर्व मंत्री विमला प्रधान ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा एक ऐतिहासिक पहल की गई है कृषि समृद्धि केंद्र सिर्फ उर्वरक बिक्री का केंद्र नहीं है बल्कि देश के किसानों के साथ गहरा संबंध स्थापित करने का एक तंत्र है। साथ ही उन्होंने कहा की भारत दुनिया का पहला देश बन गया है जिसमें नैनो यूरिया का व्यवसायिक उत्पादन शुरू किया है। जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक प्रधानमंत्री जी के किसान समृद्धि केंद्र के ऑनलाइन उद्घाटन के मौके पर कहा की प्रधानमंत्री मोदी जी ने जय जवान जय किसान जय विज्ञान और जय अनुसंधान का नारा दिया है,साथ ही प्रधानमंत्री जी ने आज किसान सम्मान निधि के बारे में किस्त के रूप में लगभग ?16000 करोड़ रुपये भी किसानों के खाते में डाले हैं। मौके पर सभी मंडलों में मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में कार्यक्रम का लाइव प्रसारण सुना गया और देखा गया । मौके पर भाजपा नेता श्रद्धानंद बेसरा उपाध्यक्ष सतीश पांडेय नगर अध्यक्ष सत्यनारायण प्रसाद कमला कुमारी पिंकी प्रसाद श्री लाल साहू एसटी मोर्चा जिला महामंत्री राकेश रविकांत नगर सांसद प्रतिनिधि नवीन सिंह संजय शर्मा सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

# जंगल की रक्षा करें, यही हाथी से बचाव का उपाय : रवि गुप्ता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केरसई :** कुरडेग वन क्षेत्र के 27 लाभुकों के बीच हाथी के हमले से हुए क्षतिपूर्ति का भुगतान किया गया,वन विभाग द्वारा लाभुकों को कुल 765000 रूपया भुगतान किया गया। छति पूर्ति भुगतान कार्यक्रम में लाभुकों को संबोधित करते हुए सांसद प्रतिनिधि रवि गुप्ता ने कहा कि हाथी द्वारा जान-माल की क्षति, घर द्वार की छति या फिर फसल की छति हो ग्रामीणों को जागरूक होकर सरकार द्वारा देय योजनाओं एवं क्षतिपूर्ति का लाभ उठाना है। साथ ही ग्रामीणों की यह जिम्मेवारी है की जंगल की रक्षा करें अधिक से अधिक मात्रा में वन विभाग से मिलकर पेड़ पौधे लगाएं और गर्मी के दिनों में जंगल में आग नहीं लगाएं जंगल का क्षेत्रफल कम होने से पेड़ अधिक मात्रा में कटाई होने से हाथी अब जंगल छोड़कर हमारे घर तक पहुंचने लगी है जिससे जानमाल की क्षति हो रही है फसल की भी छति हो रही है, हाथी से बचने का स्थाई समाधान है कि हम सभी जंगलों की रक्षा करें एवं पेड़ पौधे अधिक लगाएं साथ ही घर में शराब बनाकर बिल्कुल ही ना रखें क्योंकि सर आज के महक से हाथी आकर्षित होते हैं। मौके पर टेंसर पूर्वी पंचायत की मुखिया अगुस्ता डुंगडुंग,वन समिति अध्यक्ष समीर केरकेट्टा,वन विभाग से वनरक्षी रंजीत सिंह ग्राम सभा अध्यक्ष महेश प्रधान,उप मुखिया सागर पहान पंचायत सच्चीव हालेन लकड़ा,रोजगार सेवक पोंसीयन कुजूर, वार्ड सदस्य सुबती देवी, दोमनिका सोरेंग,ग्लोरिया कुल्लू, आभा खेस, तेलेसफॉर डुंगडुंग सलीम कैथा सहित बड़ी संख्या में लागू एवं ग्राम वासी उपस्थित थे ।

## जिला स्तरीय 62वीं प्री सुब्रतो मुखर्जी कप इंटरनेशनल फुटबॉल प्रतियोगिता हुआ संपन्न

**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग, झारखंड के निदेश के आलोक में झारखण्ड शिक्षा परियोजना, लोहरदगा (शिक्षा विभाग) के तत्वाधान में 62वीं प्री सुब्रतो मुखर्जी कप इंटरनेशनल फुटबॉल प्रतियोगिता 2023-24 का जिला स्तरीय आयोजन संत स्तानिसलॉस उच्च विद्यालय,लोहरदगा के मैदान में की गई। आज अंतिम दिन अंडर 17 बालक वर्ग की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका विधिवत उद्घाटन सुनंदा दास चंद्रमौलेश्वर, डीईओ द्वारा किया गया। इस मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी लोहरदगा ने कहा कि खेल खिलाड़ियों में अनुशासन और उनमें टीम भावना के साथ साथ प्रतिस्पर्धा को बढ़ाता है। साथ ही फुटबॉल प्रतियोगिता का यह खेल ग्रामीण छात्रों की प्रतिभा को भी निखारने के कार्य कर रही है। इस प्रतियोगिता में जिला के विभिन्न विद्यालयों के अंडर-17 वर्ग में बालक और बालिका और अंडर ढ्4 वर्ग में बालक की टीमें भाग ली।

## चलते चलते एक नजर

### मणिपुर वायरल वीडियो मामला : गृह मंत्रालय ने सीबीआई को सौंपा जांच का जिम्मा

**नई दिल्ली** : गृह मंत्रालय ने मणिपुर में दो महिलाओं के साथ हुई अभद्रता एवं दुर्व्यवहार की जांच केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंप दिया है। सूत्रों ने इसकी पुष्टि की है। उल्लेखनीय है कि बीते दिनों मणिपुर में दो महिलाओं को नग्न करके घुमाने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था। जिसे लेकर विपक्ष लगातार केन्द्र और राज्य सरकार की आलोचना कर रही है और संसद के दोनों सदनों में मणिपुर के हालात पर चर्चा की मांग कर रही है। मणिपुर में मैतेई समुदाय को एसटी श्रेणी में शामिल किए जाने की मांग के विरोध में तीन मई को रैली का आयोजन हुआ था। ऑल ट्राइबल स्टूडेंट्स यूनियन मणिपुर ने इस रैली का आयोजन किया था। रैली के दौरान हिंसा भड़क गई थी। अभी तक इस हिंसा में 100 से अधिक लोगों के मारे जाने की खबर है।

### बिहार के दरभंगा जिले में तीन दिनों तक बंद रहेगी इंटरनेट सेवा

**पटना :** बिहार के दरभंगा जिले में विधि व्यवस्था को लेकर सरकार ने बड़ा निर्णय लिया है। यहां दो समुदायों के बीच भारी तनाव को देखते हुए आज यानी 27 जुलाई दोपहर चार बजे से 30 जुलाई दोपहर चार बजे तक इंटरनेट सर्विस बंद रहेगी। दरभंगा में बढ़ रहे सांप्रदायिक मामलों को लेकर दरभंगा प्रशासन ने 27 से 30 जुलाई तक सरकार के निर्देश पर इंटरनेट सेवा बंद रखने का निर्णय लिया है। कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से दरभंगा में समाजिक-सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश के मद्देनजर गृह विभाग बिहार सरकार ने इंडियन टेलीग्राफ एक्ट 1875 की धारा-5 के तहत यह निर्णय लिया है। इस दौरान सभी सोशल साइट्स बैन रहेंगी।अ दरअसल, दरभंगा में बीते 23 जुलाई को मुहर्रम का झंडा लगाने को लेकर शुरू हुआ बवाल थमने का नाम नहीं ले रहा है। शिवधारा इलाके में मुहर्रम का झंडा लगाने को लेकर दो पक्षों के बीच भारी विवाद हो गया था। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया था और पत्थरबाजी शुरू हो गई थी। सिटी एसपी शांति समिति की बैठक कर रहे थे, तभी उपद्रवी हंगामा करने लगे। देखते ही देखते पूरा इलाका रणक्षेत्र में बदल गया था। इसमें पुलिस के 6 से अधिक जवान घायल हो गए थे जबकि सड़क किनारे खड़ी कई गाड़ियों को शीशे तोड़ दिए गए थे। इसके बाद जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों से हिंसा की घटनाएं सामने आ रही हैं। दरभंगा के बनौली पंचायत क्षेत्र में झंडा लगाने को लेकर दो पक्षों में बुधवार रात विवाद हो गया। इसकी जानकारी मिलते ही प्रशासन अलर्ट हुआ और भारी संख्या में मौके पर पुलिस बल तैनात कर दिया गया। इससे पहले करीब 30 मिनट तक नारेबाजी होती रही। लोगों का कहना है कि बाहर से आए लोगों ने माहौल बिगाड़ने की कोशिश की है। बाद में मौके पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह से हालात को काबू में किया था। जिले में दो समुदायों के बीच तनाव को देखते हुए भारी संख्या में पुलिस बल को लगाया गया है और तमाम बड़े अधिकारी पूरे हालात पर नजर बनाए हुए हैं।

# सीएम ने गरीब विद्यार्थी प्रवीण उरांव को आर्थिक मदद के रूप में 1.50 लाख रुपए का चेक सौंपा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की मदद से एक अत्यंत गरीब परिवार के प्रतिभावान छात्र प्रवीण उरांव का आईआईटी, खड़गपुर से इंजीनियरिंग करने का सपना साकार होगा। मुख्यमंत्री ने आज रांची जिले के बेड़ो प्रखंड के सुदूरवर्ती गांव के रहने वाले प्रवीण उरांव को पढ़ाई के लिए आर्थिक सहायता के रूप में एक लाख पचास हजार रुपए का चेक सौंपा। वे प्रवीण के आर्थिक तंगी के बीच पढ़ाई करने के जज्बे तथा संघर्ष को देखकर अत्यंत भावुक हुए और गौरवान्वित भी महसूस किया। उन्होंने प्रवीण को बधाई और शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने प्रवीण से कहा कि उसकी इंजीनियरिंग की पढ़ाई के साथ अगर उच्च शिक्षा भी लेना चाहे तो उसके लिए आर्थिक मदद की जाएगी मुख्यमंत्री ने प्रवीण से यह भी कहा कि अगर उसके दोनों भाइयों की पढ़ाई और रोजगार अथवा स्वरोजगार उपलब्ध कराने कराने की दिशा में सरकार पूरा सहयोग करेगी। इस मौके पर प्रवीण की चाची श्रीमती प्रिया मणि जी भी मौजूद थीं।



**प्रवीण की सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का काम करेगी:** मुख्यमंत्री ने कहा कि आज मुझे अत्यंत खुशी हो रही है कि प्रवीण उरांव नाम के एक ऐसे बच्चे से मिलने का मौका मिला, जिसने गरीबी से संघर्ष करते हुए पढ़ाई जारी रखा और आईआईटी जेईई जैसी कठिन और प्रतिष्ठित परीक्षा में सफलता अर्जित की । प्रवीण की यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए निश्चित तौर पर प्रेरणा का काम करेगी।

**गरीबी के कारण किसी बच्चे की पढ़ाई बाधित नहीं होगी :** मुख्यमंत्री ने कहा कि पैसे के अभाव में किसी भी बच्चे बच्ची की पढ़ाई बाधित नहीं होगी। इसका सरकार ने संकल्प ले रखा है।

**प्रवीण के संघर्ष की यह है दास्तां:** प्रवीण उरांव रांची जिले के बेड़ो प्रखंड स्थित एक सुदूरवर्ती गांव का प्रतिभावान छात्र है। उसके पिता मनमोहन उरांव जी का देहांत हो चुका है, जबकि माता श्रीमती सुमित्रा उरांव जी की तबीयत अच्छी नहीं रहती है। प्रवीण की पढ़ाई-लिखाई का जिम्मा उनकी चाची प्रिया मणि जी कर रही हैं, जो स्वयं काफी गरीब है। प्रवीण ने रांची जिले के नरकोपी स्थित सरकारी विद्यालय से पांचवी कक्षा तक की पढ़ाई की। इसके बाद कक्षा छठी से बारहवीं तक उसने जवाहर नवोदय विद्यालय मेसरा से पढ़ाई पूरी की। प्रवीण ने 10 वीं बोर्ड एग्जाम में 89 प्रतिशत अंक हासिल किए थे, जबकि 12वीं में 85 प्रतिशत अंक आए थे । इसके बाद उसका चयन पुणे में आईआईटी जेईई का निःशुल्क कोचिंग कराने वाले एक संस्थान के लिए हुआ। यहां उसने एक वर्ष तक पढ़ाई की । इसके बाद उसने अपने पहले ही प्रयास में आईआईटी जेईई को क्रैक किया। उसका चयन आईआईटी खड़गपुर में मैकेनिकल इंजीनियरिंग ब्रांच के लिए हुआ है।

## मानसून सत्र के मद्देनजर कांग्रेस विधायक दल की बैठक में कई मुद्दों पर हुई चर्चा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र से पहले प्रदेश कांग्रेस विधायक दल की बैठक गुरुवार को विधायक दल के नेता आलमगीर आलम के डोरंडा स्थित आवास पर सम्पन्न हुई। बैठक में कई अहम मुद्दों पर चर्चा हुई, जिनमें खतियान आधारित स्थानीय नीति, 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण, मॉब लिंचिंग निवारण विधेयक एवं मणिपुर हिंसा जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे शामिल थे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी राज्य की प्रगति, उन्नति के लिए कटिबद्ध है, हम जो कहते हैं वह करते हैं। यहां की जनता से जो मैंने वादा किया था उस वादे को पूरा करने में कामयाब हुए हैं। हमारी पार्टी और सरकार ने पूर्व में खतियान आधारित स्थानीय नीति, 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण, मॉब लिंचिंग निवारण विधेयक को सदन से पारित कराकर राजभवन भेजा था लेकिन इन विधेयकों को लेकर तत्कालीन राज्यपाल के स्तर से कई बिंदुओं पर आपत्ति दर्ज करते हुए वापस लौटा दिया था। उन्होंने कहा कि मानसून सत्र में सदन के अंदर मणिपुर की हिंसा को लेकर कांग्रेस पार्टी विरोध करेगी।

विधायक दल के नेता आलमगीर आलम ने कहा कि हम मानसून सत्र में सदन से एक बार फिर खतियान आधारित स्थानीय नीति, 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण, मॉब लिंचिंग निवारण विधेयक को पास कराकर राजभवन भेजेंगे। यह तीनों मुद्दे ऐसे हैं, जिसे झारखंड का भावनात्मक लगाव है। हम इन तीनों मुद्दों को जल्द से जल्द राज्य में लागू करना चाहते हैं। बैठक में मंत्री रामेश्वर उरांव, बन्ना गुप्ता, बादल पत्रलेख के अलावा पार्टी के सभी विधायक उपस्थित थे।

## रक्तवीर योजना लाने पर धीरज मिश्रा ने सरकार के प्रति जताया आभार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** रक्तवीर योजना लाए जाने हेतू राज्य सरकार को धन्यवाद एवं आभार प्रकट करते हुए पलामू प्रमंडल के सामाजिक कार्यकर्ता सह सहायक अध्यापक धीरज मिश्रा ने बताया कि राज्य में सिकल सेल अनीमिया, थैलेसीमिया के मरीजों की संख्या बहुत ज्यादा है। जिन्हें नियमित रक्त की जरूरत पड़ती है। इसके अलावा कैंसर मरीज, गर्भवती महिलाओ एवं ऑपरेशन के दौरान रक्त की जरूरत पड़ती है। श्री मिश्रा ने कहा कि रक्त का कोई विकल्प नहीं है। इसकी पूर्ति केवल रक्तदान से ही संभव है। इसलिए रक्तदान को बढ़ावा देना समाज की आवश्यकता है। यह बहुत ही खुशी की बात है कि इसी उद्देश्य से सरकार रक्तवीर योजना ला रही है। सरकार की ओर से ऐसा प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है।इसे जल्द ही लागू किया जाएगा।सामाजिक संस्था इंसानियत का रिश्ता के संचालक धीरज मिश्र ने सरकार के प्रति आभार प्रकट करते हुए रक्तवीर योजना के बारे में बताया कि रक्तवीर योजना के तहत जो व्यक्ति पांच बार रक्तदान करेगा उसे रक्त वीर, 15 बार रक्तदान करने वालों को महा रक्तवीर एवं 25 बार रक्तदान कर चुके व्यक्ति को परम रक्तवीर का तगमा बैज दिया जाएगा। इसके अलावा ऐसे तमगाधारी रक्तदाताओ को सरकार की ओर से विशेष लाभ देने पर विचार किया जा रहा है।



## इंदौर में छलका बृजभूषण सिंह का दर्द, बोले- मुझ पर एक हमला हुआ लेकिन चेहरे पर शर्मिंदगी नहीं आने दी

**एजेंसी**

**इंदौर** : यौन शोषण के आरोपों में घिरे भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष और सांसद बृजभूषण शरण सिंह गुरुवार को इंदौर आए। वे यहां करणी सेना द्वारा आयोजित पूर्व केंद्रीय मंत्री कल्याण सिंह कालवी की 31वीं पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम में उनका दर्द भी झलका। उन्होंने इस मौके पर कहा कि मुझ पर भी एक हमला हुआ लेकिन चेहरे पर कभी शर्मिंदगी नहीं आने दी। मैंने सब कुछ सहा। उन्होंने राष्ट्र कवि रामधारी सिंह दिनकर की कविताओं की पंक्तियां सुनाई और विरोधियों के खिलाफ नारेबाजी कर रहे कार्यकर्ताओं को रोका भी। देवी आहिल्या विश्वविद्यालय के सभागृह में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में बृजभूषण सिंह ने शायराना अंदाज में कहा, ÷सच है विपत्ति जब आती है, कायर को दहलाती है, सूरमा नहीं विचलित होते है, पल एक नहीं धीरज खोते, संकट का चरण न गहते हैं, जो आ पड़ता सब सहते हैं।÷ उन्होंने कहा, ÷जो चलता पदचिह्नों पर वह पदचिह्न बनाता है, वही सूरमा इस जग में धरती पर पूजा जाता है।÷ उन्होंने कहा कि आरोपों के कारण मैंने स्वयं पर किसी तरह से निराशा को नहीं छाने दिया। आज भी मैं अपना काम उसी मजबूती से कर रहा हूं। जब आप मजबूत होंगे तभी किसी का सहयोग कर सकते हैं। योग्य और काबिल हैं तो सारा संसार आपको पूछेगा। समाज के लिए कुछ करना है तो अपने अंदर कमी खोजो, उसे खूबी में बदलो। उन्होंने फिर एक शेर पढ़ा, जिंदगी भर तो हुई गुफ्तगू गैरों से मगर, आज तक हमसे हमारी मुलाकात न हुई। उन्होंने यौन शोषण का आरोप लगाने वालों के खिलाफ नारेबाजी कर रहे कार्यकर्ताओं को रोकते हुए कहा कि करणी सेना मेरे साथ शुरू से खड़ी रही है। बृजभूषण सिंह ने कहा कि राम भगवान की तीसरी पीढ़ी के बारे में लोग नहीं जानते। राम और लव-कुश के बाद तीसरी पीढ़ी के बारे में लोगों को दिमाग पर जोर देना पड़ता है, लेकिन कालवी परिवार की तीसरी पीढ़ी समाज की सेवा कर रही है। कार्यक्रम में आईडीए अध्यक्ष जयपाल सिंह चावड़ा ने कहा कि बृजभूषण शरण सिंह के लिए खेल भगवान और खिलाड़ी देवता के समान हैं। हमें अपने युवाओं को आगे लाने के लिए हरसंभव प्रयास करते रहना चाहिए। करणी सेना प्रमुख भवानी सिंह कालवी ने कहा कि बृजभूषण सिंह ने झूठ के खिलाफ दंगल लड़ा, यह समाज के लिए गर्व की बात है। मैंने खुद उनके घर जाकर देखा कि वे अपने लोगों के लिए कैसे ख्याल रखते हैं। माला सिंह ठाकुर ने कहा कि कल्याण सिंह कालवी ने अपना जीवन समाज कल्याण के कार्य के लिए खर्च किया। उन्होंने सिर्फ राजस्थान ही नहीं बल्कि सर्व समाज के लिए काम किया। करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष अनुराग प्रताप सिंह राघव ने बताया कि सांसद के इंदौर आगमन पर उनका स्वागत किया गया।




## वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट ने चलाया सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा बैरिया स्थित विमला पांडे मेमोरियल ज्ञान निकेतन में करीब नौ सौ बच्चों के बीच सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। विदित हो कि वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट लगातार विभिन्न स्कूल, कॉलेजों में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चला रहा है और बच्चों को जागरूक कर रहा है। आज बच्चों ने कुछ सवाल भी पूछा और अपनी जिज्ञासा शांत की। छात्र रौनक कुमार दुबे और अभिजीत दूबे ने सड़क सुरक्षा से जुड़े कुछ सवाल पूछे। संस्था की सचिव शर्मिला वर्मा ने बच्चों से अपील की कि उम्र से पहले गाड़ी लेकर सड़कों पर न उतरें, ओवरस्पीड और ओवरटेक न करें। ड्राइविंग लाइसेंस बनने के बाद जब आप सड़कों पर आते हैं तो बिना हेलमेट के गाड़ी न चलाएं, बिना सीट बेल्ट बांधे चार पहिया वाहन में न बैठें। लक्ष्य श्रेष्ठ ने गाड़ी चलाते समय राइडिंग गेयर और जूते जरूर पहनने की अपील की। मयुरेश दिवेदी और रिनू शर्मा ने ट्रैफिक रूल्स और ट्रैफिक लाइट की जानकारी साझा की। राखी सोनी ने बच्चों से अपील की कि कभी भी गाड़ी चलाते समय मोबाइल एवं इयरफोन का इस्तेमाल न करें। विश्वनायक शर्मा ने अपनी आपबीती सुनाई और बच्चों से सभी सुरक्षा नियमों का पालन करने का आग्रह किया।सड़क सुरक्षा जागरूकता के अलावा आज टीम वरदान ने नशा मुक्ति, प्रकृति संरक्षण, एवं जल संरक्षण की बातें भी छात्रों को बताई। इस अवसर पर प्राचार्य मनोहर पांडे, शिक्षक ज्ञान सिंह, पंकज तिवारी, सुशील दूबे, निधि उपाध्याय, अनुराधा सिंह, साधना सिंह और कुंदन दूबे उपस्थित थे।

### अविश्वास प्रस्ताव पर जल्द से जल्द हो चर्चा जयराम रमेश

**नई दिल्ली** : कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने कहा है कि इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) की मांग है कि संसद में जल्द से जल्द अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा हो। रमेश ने गुरुवार को एक बयान जारी कर कहा कि संसद में इंडिया की पार्टियों का स्टैंड बिल्कुल स्पष्ट रहा है। हम चाहते हैं कि मणिपुर के मौजूदा हालात के संदर्भ में लोकसभा में इंडिया की पार्टियों के जिस अविश्वास प्रस्ताव को स्पीकर ने स्वीकार किया है, उस पर जल्द से जल्द बहस हो। नियमों और रिवाज़ों के अनुसार, अविश्वास प्रस्ताव पर बहस होने तक कोई भी विधायी कार्य नहीं हो सकता है। उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं कि मणिपुर मामले पर राज्यसभा में प्रधानमंत्री बयान दें और उसके तुरंत बाद नियम 267 के तहत चर्चा हो। इसका स्पष्ट मतलब है कि इस नियम के तहत उठाया जाने वाला मुद्दा अन्य सभी मुद्दों से अधिक महत्वपूर्ण है।


झारखण्ड सरकार GOVERNMENT OF JHARKHAND

झारखण्ड वन



हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

संदेश

समस्त झारखण्डवासियों को
74वें वन महोत्सव 2023
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ

वन एवं वृक्ष की महत्ता और आवश्यकता से हम सभी परिचित हैं। वृक्ष हमारे जीवन हेतु अति आवश्यक ऑक्सीजन, तरह-तरह की औषधियाँ, फल, फूल, बीज आदि देते हुए प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से भू एवं जल तथा जैव विविधता का संरक्षण करते हुए काफी लाभ पहुँचाते हैं।

वन महोत्सव का मुख्य उद्देश्य हमारी पृथ्वी की घटती हरियाली को पुन: जीवित जैव विविधता संरक्षण एवं पारिस्थितिक तंत्र के मूल रूप में वापसी में सहायता प्रदान करना है।

आज घटती हरियाली के वजह से हमारी पृथ्वी व मानव जाति पर बढ़ते मरुस्थलीकरण, पारिस्थितिक तंत्र का ह्रास और बढ़ता वायु प्रदूषण एवं ग्लोबल वार्मिंग का खतरा सामने है।

हमारे झारखण्ड के लिए अत्यंत गर्व का विषय है कि ईश्वर द्वारा हमें प्राकृतिक रूप से जल, जंगल, जमीन प्रचुर संपदा के रूप में प्रदान किया गया है। झारखण्डवासियों के अमूल्य प्रयास एवं सहयोग के द्वारा यहाँ के वनों के क्षेत्रफल एवं उसकी गुणवत्ता में वृद्धि हो रही है। झारखण्ड सरकार पर्यावरण के नुकसान, पारिस्थितिकी तंत्र, वायु और जल प्रदूषण तथा ग्लोबल वार्मिंग की समस्याओं को कम करने को लेकर सतत् प्रयत्नशील है।

आईये, वन महोत्सव के अवसर पर हम संकल्प लें कि हम सभी इस वर्ष कम से कम दो पौधा लगायेंगे तथा उसकी देखभाल करते हुए उसे एक पूर्ण वृक्ष के रूप में विकसित करने हेतु किये जा रहे प्रयासों में अपना योगदान देंगे।

जोहार!

PR NO-303472 (Forest, Environment and Climate Changes) 23-24

वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, झारखण्ड सरकार